{ विश्वास वही रफ्तार नई }

बालाघाट
मंगलवार 20 जनवरी 2026
माघ शुक्ल 02 विक्रम सम्वत 2082
वर्ष 16, अंक 119
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

PMG पद्मेश मीडिया समूह का प्रकाशन

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | - | 83,246.18 |
| निफ्टी | - | 25,585.50 |
| सोना | - | 1,46,240 |
| चांदी | - | 3,05,000 |
| डॉलर | - | 90.88 |

/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in E-mail: balaghatexpress@gmail.com

## खास खबर

### बिटकॉइन घोटाले में राज कुंद्रा को समन जारी

मुंबई। मुंबई की विशेष पीएमएलए कोर्ट ने बिटकॉइन घोटाले में कारोबारी राज कुंद्रा को समन जारी कर दिया है। अदालत ने यह कदम प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दाखिल चार्जशीट के आधार पर उठाया। इसी मामले में दुबई स्थित कारोबारी राजेश सतीजा को भी समन जारी किया है। दोनों आरोपियों को पीएमएलए अदालत में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। ईडी ने सितंबर 2025 में पीएमएलए के तहत मामले में सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की थी, जिसमें राज कुंद्रा और सतीजा को आरोपी बनाया गया। जांच एजेंसी के अनुसार, कुख्यात बिटकॉइन पोंजी घोटाले के प्रमोटर अमित भारद्वाज ने राज को यूक्रेन में बिटकॉइन माइनिंग फार्म स्थापित करने के लिए 285 बिटकॉइन दिए थे।

### कुलदीप सेंगर को हाईकोर्ट से झटका

नई दिल्ली। उन्नाव बलात्कार मामले के दोषी पूर्व बीजेपी विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को दिल्ली हाई कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हाई कोर्ट ने सोमवार को पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत के मामले में पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की जमानत याचिका खारिज कर दी है। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिस रविंदर दुदेजा ने कहा कि सेंगर ने 10 साल की कुल सजा में से लगभग 7.5 साल हिरासत में बिताए हैं और इस मामले में दोषसिद्धि के खिलाफ उनकी अपील पर फैसला करने में देरी हुई है, लेकिन यह देरी आंशिक रूप से सेंगर द्वारा दायर की गई कई याचिकाओं के कारण हुई है। इसलिए, कोर्ट जमानत और सजा के निलंबन की याचिका खारिज कर दी। बता दें, उन्नाव बलात्कार पीड़िता के पिता को सेंगर के इशारे पर गिरफ्तार किया गया था और 9 अप्रैल, 2018 को पुलिस की बर्बरता के कारण हिरासत में उनकी मृत्यु हो गई थी। मार्च 2020 में दिल्ली की एक अदालत ने सेंगर और अन्य को उनकी मृत्यु के लिए दोषी ठहराया और 10 साल की कैद की सजा सुनाई।

### घायल 8 जवानों में से एक की मौत

किश्तवाड़। जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ में आतंकियों की तलाश के लिए जारी ऑपरेशन त्राशी-1 के बीच रविवार को 8 घायल जवानों में से एक की सोमवार को मौत हो गई। मृतक जवान की पहचान हवलदार गजेंद्र सिंह के रूप में हुई है। रविवार को चतरू बेल्ट में मंडराल-सिंहपोरा के पास सोनार गांव में शुरू किया गया था, जिसके बाद गोलीबारी हुई जिसमें आठ सैनिक घायल हो गए थे। वहीं, किश्तवाड़ में लगातार दूसरे दिन आतंकियों की तलाश जारी है। अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े दो-तीन आतंकवादियों का एक ग्रुप जंगलों में छिपा हुआ है।

## शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद 24 घंटे से अनशन पर, बोले

# प्रण लेता हूं, मेले में हर बार आऊंगा...फुटपाथ पर रहूंगा

प्रयागराज। प्रयागराज माघ मेले में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का धरना जारी है। पालकी यानी रथ यात्रा रोके जाने के विरोध में शंकराचार्य वहीं धरने पर बैठे हैं, जहां पुलिस उन्हें छोड़ गई थी। वे अपने पंडाल में पूरी रात ठंड में धरने पर बैठे रहे। 23 घंटे से अनाज का एक दाना भी ग्रहण नहीं किया। पानी तक छोड़ दिया। इस बीच शंकराचार्य ने सोमवार दोपहर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा- जब तक प्रशासन आकर माफी नहीं मांगता, तब तक हम अपने आश्रम में प्रवेश नहीं करेंगे। फुटपाथ पर ही रहेंगे। उन्होंने कहा- शंकराचार्य जब भी इतिहास में स्नान करने गए हैं, पालकी में ही गए हैं। हर साल इसी पालकी में जाते रहे हैं। शंकराचार्य ने कहा कि संकल्प लेते हैं कि प्रयागराज के हर मेले में आएंगे। कभी शिविर में प्रवेश नहीं करेंगे। फुटपाथ पर रहेंगे। जहां पुलिस ने छोड़ा, वहीं रहेंगे। वहीं कमिशनर सौम्या अग्रवाल ने कहा कि किसी को भी गंगा स्नान से नहीं रोका गया। मेला प्रशासन उनको शंकराचार्य नहीं मानता।



उन्होंने साफ कहा कि जब तक पुलिस प्रशासन सम्मान और प्रोटोकॉल के साथ नहीं ले जाएगा, तब तक गंगा स्नान नहीं करूंगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रण लेता हूं, मैं हर मेले के लिए प्रयागराज आऊंगा, लेकिन कभी भी शिविर में नहीं रहूंगा। फुटपाथ पर अपनी व्यवस्था करूंगा।

### 10-11 मार्च को दिल्ली में संत एकजुट होकर दिखाएंगे ताकत

शंकराचार्य ने कहा कि बीजेपी गौ हत्या को बढ़ावा दे रही है। हम इसका विरोध कर रहे हैं। इसलिए हमें परेशन किया जा रहा है। गौ-माता के लिए उठाया गया कदम पीछे नहीं हटेगा। प्रशासन चाहे जितनी बाधा उत्पन्न करें, हम हर अवरोध, हर बाधा को पार करेंगे। उन्होंने कहा कि हम गौरक्षा के लिए प्रारंभ की गई यात्रा को जारी रखेंगे। अब तक हम पैदल जाते थे, लेकिन अब जहां कहीं भी जाना होगा, पालकी हमारे साथ ही रहेगी। प्रशासन ने यहां ताकत दिखाई, हम यहां ताकत नहीं दिखाएंगे। 10-11 मार्च को चैत्र की शीतला सप्तमी और अष्टमी को दिल्ली में संत एकजुट होकर दिखाएंगे।

### पुलिस ने हमें जहां लाकर छोड़ा, हम वहीं पर बैठे

शंकराचार्य ने स्पष्ट किया कि हम धरने पर नहीं बैठे हैं। हम पुलिस के संरक्षण में थे। पुलिस ने हमें जहां लाकर छोड़ा, हम वहीं पर बैठे हैं। 18 घंटे अमावस्या का समय था। वह बीत गया। हम तब तक यहीं बैठे रहे। उन्होंने साफ कहा कि वह शिविर में तब तक प्रवेश नहीं करेंगे, जब तक सम्मान के साथ उन्हें स्नान नहीं कराया जाएगा। प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

### हमेशा शंकराचार्य पालकी में ही स्नान करने गए हैं

शंकराचार्य ने कहा कि मेला प्रशासन कहता है कि मैं पालकी में था। उन्होंने कहा कि पालकी से उतर जाओ, तो हम नहीं उतरे। मैं स्पष्ट करता हूं कि शंकराचार्य जब भी इतिहास में स्नान करने गए हैं, पालकी में ही गए हैं। हर साल इसी पालकी में जाते रहे हैं।

### 3 दिन पहले ही दे दी थी स्नान की सूचना

शंकराचार्य ने कहा कि हम जहां डुबकी लगाते हैं, वहीं लोग डुबकी लगाना चाहते हैं। हमारी डुबकी देखकर करोड़ों जनता यहां आई है। और आप हमारे रास्ते को रोकते हैं। कहते हैं कि आपने परमिशन नहीं ली। अगर बात ये है कि मेला प्रशासन को सूचना देनी होती है, तो हम सूचना देते रहे हैं। अब तक हम लोग सूचना देते रहे तो उन्हें लग रहा था कि हम परमिशन मांगते रहे हैं। जो सूचना पहले हमारे शिविर की ओर से दी जाती थी, वो सूचना इस वर्ष भी वॉट्सऐप के माध्यम तीन दिन पहले दिया गया था।

### मेला प्रशासन ने जो किया, वो माफी लायक नहीं

शंकराचार्य ने कहा- यहां के मेला प्रशासन ने कल जो किया, उसके लिए उन्हें कभी भी माफ नहीं किया जाएगा।

## नितिन नबीन निर्विरोध चुने गए भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष



नई दिल्ली । नितिन नबीन को भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया है। बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनाव के लिए रिटर्निंग ऑफिसर बनाए गए के लक्ष्मण ने बताया कि नितिन नबीन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए अकेले उम्मीदवार थे। उन्होंने बताया कि नितिन नबीन के पक्ष में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए 37 सेट नॉमिनेशन पेपर दाखिल किए गए। भाजपा अध्यक्ष पद के लिए नितिन नवीन की उम्मीदवारी के प्रस्तावकों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल थे। भाजपा में अब तक 11 नेता राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके हैं। इनमें लालकृष्ण आडवाणी तीन बार अध्यक्ष बने, जबकि राजनाथ सिंह ने दो बार यह जिम्मेदारी संभाली। नितिन नबीन सबसे युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हैं।

नॉमिनेशन प्रक्रिया के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, नितिन गडकरी समेत सभी राज्यों के सीएम और सीनियर नेताओं ने नितिन के समर्थन में नामांकन पत्र जमा किया था। भाजपा ने 16 जनवरी को राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए नोटिफिकेशन जारी किया था। नितिन को 14 दिसंबर 2025 को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया था।

## कर्नल सोफिया मामले में मंत्री विजय शाह को सुप्रीम कोर्ट से झटका, एफआईआर पर दो सप्ताह में अभियोजन का फैसला लें

# माफी मांगने में अब बहुत देर हो चुकी

नई दिल्ली। कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित टिप्पणी करने वाले मामले पर मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। सोमवार को अदालत ने विजय शाह पर हुई एफआईआर रद्द करने की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा, कि अब बहुत देर हो गई है। इसके साथ ही अदालत ने प्रदेश सरकार को विजय शाह पर हुई एफआईआर पर दो सप्ताह के अंदर अभियोजन का फैसला लेने के आदेश भी दे दिए।

गौरतलब है कि मध्यप्रदेश की मोहन सरकार में मंत्री विजय शाह पर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए गए विवादित बयान के बाद एफआईआर हुई थी। इस मामले की सुनवाई सोमवार को सुप्रीम कोर्ट नी की। कोर्ट में मंत्री विजय शाह की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह ने पैरवी की। उन्होंने कोर्ट के समक्ष कहा, कि मंत्री विजय शाह ने अपना सार्वजनिक माफीनामा दर्ज करा दिया है और हर जांच में वे सहयोग कर रहे हैं। इस दलील पर कोर्ट ने स्पष्ट कहा, कि उनके द्वारा दर्ज कोई भी माफीनामा मौजूद नहीं है। वहीं मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, कि माफी मांगने में अब बहुत देर हो चुकी है। इससे पहले कोर्ट ने इस बात पर भी टिप्पणी की थी कि उनके द्वारा ये किस तरह की माफी मांगी जा रही है?



सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की त्रिपल बैंच को बताया गया, कि कोर्ट द्वारा गठित एसआईटी ने इस मामले में अपनी जांच पूरी कर ली है और अंतिम रिपोर्ट दाखिल कर दी है। अब एसआईटी राज्य सरकार की मंजूरी का इंतजार कर रही है। सीलबंद लिफाफे में एसआईटी ने कोर्ट को अपनी रिपोर्ट पेश की थी। इसके बाद ही अदालत ने कहा था, कि विजय शाह के बयानों की जगह उन लोगों के बयान होने चाहिए, जिनकी भावनाएं उनके बयानों से आहत हुई हैं। इसके बाद एसआईटी ने कोर्ट में फाइनल रिपोर्ट पेश की।

क्या है विवादित बयान का मामला?

पाकिस्तान में मौजूद आतंकियों के खिलाफ भारत द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद कर्नल सोफिया और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने मीडिया ब्रीफिंग की थी। इसी बीच मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया था। विवादित बयान के बाद मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने सर्वप्रथम मंत्री शाह को कड़ी फटकार लगाई थी। इसके बाद मंत्री पर एफआईआर दर्ज करने के आदेश जारी हुए और अब मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट द्वारा की जा रही है।

# पश्चिम बंगाल में 1.25 करोड़ वोटरों की सूची सार्वजनिक करें

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल एसआईआर में 1.25 करोड़ वोटरों की सूची सार्वजनिक करने का आदेश दे दिया है। ये वे लोग हैं, जिनके नाम थोड़ी गड़बड़ी वजह से मतदाता सूची से हट दिए गए। अमर्त्य सेन तक को नोटिस भेजा गया, सुप्रीम कोर्ट ने ईसीआई की व्हाट्सएप कार्यप्रणाली पर सवाल उठा दिए।

सोमवार को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया है कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान जिन 1.25 करोड़ लोगों के खिलाफ तार्किक विसंगति की आपत्ति उठी है, उनके नाम प्रकाशित किए जाएं। ये नाम पंचायत और वार्ड कार्यालयों में प्रकाशित होने चाहिए हैं। शीर्ष अदालत ने गौर किया कि दस्तावेजों के सत्यापन के लिए करीब दो करोड़ लोगों को नोटिस जारी किए गए। इन नोटिसों को मोटे तौर पर तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया है पहला मैप किए गए, मैप नहीं किए गए और तार्किक विसंगति शामिल है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि तार्किक विसंगति श्रेणी के अंतर्गत, अधिकारियों द्वारा पिता के नाम का मिलान न होना, माता-पिता की आयु का मिलान न होना और दादा-दादी की आयु में अंतर मिला है।



चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच ने सुनवाई के दौरान साफ किया कि डॉक्यूमेंट्स के वेरिफिकेशन के लिए करीब 2 करोड़ लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं। इसमें से बड़ी संख्या 'लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी' कैटेगरी की है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से कहा कि जिन लोगों के नाम लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी की सूची में डाले गए हैं, उनकी जांच पारदर्शी तरीके से होनी चाहिए, ताकि लोगों को परेशानी और तनाव न होने पाएं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि करीब 1.25 करोड़ लोगों को नोटिस भेज दिए गए हैं। इन नोटिस में माता-पिता के नाम में फर्क, उम्र का अंतर कम होना, बच्चों की संख्या ज्यादा होना जैसी बातें कही गई है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चुनाव आयोग को उन सभी लोगों की सूची सार्वजनिक करनी होगी, जिन्हें लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी के नाम पर नोटिस दिया गया है।

## ग्रेटर नोएडा हादसा : युवराज मेहता की मौत से खुली प्रशासनिक लापरवाही

नई दिल्ली । ग्रेटर नोएडा में हुए हादसे में युवराज मेहता की मौत सिर्फ एक दुर्घटना नहीं, बल्कि प्रशासनिक और सिस्टम की चूक का प्रतीक बन गई है। हादसे के बाद इलाके में लोगों का गुस्सा बढ़ गया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने मामले को और गंभीर कर दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, युवराज की मौत दम घुटने से हुई। डॉक्टरों का कहना है कि लंबे समय तक पानी और ऑक्सीजन की कमी, ठंडा पानी और तनाव की स्थिति ने उनके हृदय को भी प्रभावित किया। इससे साफ संकेत मिलता है कि रेस्क्यू में देरी उनकी जान लेने वाली साबित हुई।

बात दें कि युवराज मेहता गुरुग्राम में डनहमबी इंडिया कंपनी के सॉफ्टवेयर इंजीनियर थे। उनकी मां का कुछ साल पहले निधन हो चुका था और बड़ी बहन यूके में रहती हैं। हादसे की रात वह ऑफिस से घर लौट रहे थे, जब घर से महज 500 मीटर पहले उनकी कार अनियंत्रित होकर 50 फुट गहरे पानी भरे नाले में जा गिरी। हादसा सेक्टर-150 के टी-प्वाइंट पर हुआ, जहां घने कोहरे और तेज रफ्तार ने हादसे को अंजाम दिया। कार सीधे एमजेड विशटाउन प्लानर्स के प्लॉट के पास खोदे गए गहरे गड्ढे में जा गिरी।

# ट्रंप के बोर्ड ऑफ पीस में शामिल होने पीएम मोदी को न्यौता...इजराइल हुआ नाखुश

नई दिल्ली। मिडिल ईस्ट के लिए शांति की पहल पर भारत की एक बड़ी भूमिका होने वाली है। दरअसल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बड़ी अंतरराष्ट्रीय शांति पहल में शामिल होने का न्यौता दिया है। इसका मकसद मिडिल ईस्ट में शांति को मजबूत करना और गाजा संघर्ष को खत्म करना है। पत्र में यह कहा गया कि अमेरिका पहले ही मुद्दे पर एक 20 तय योजना पेश कर चुका है जिसे कई देशों का समर्थन भी मिला है और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने भी मंजूरी दी है और अब इस योजना को जमीन पर उतारने के लिए बोर्ड ऑफ पीस नाम की एक नई अंतरराष्ट्रीय संस्था बनाई जाएगी के तौर पर शामिल होगा। भारत सहित कई बड़े देश इसमें शामिल होने वाले हैं और अमेरिका यह चाहता है कि भारत इस ऐतिहासिक प्रयास में अहम भूमिका निभाए और इसके लिए प्रेसिडेंट ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक चिट्ठी लिखी है।

अमेरिकी राजदूत सरियो गौर ने लिखा कि उन्हें प्रधानमंत्री मोदी तक राष्ट्रपति ट्रंप का न्यौता पहुंचाने का सम्मान मिला है। उन्होंने कहा कि यह बोर्ड गाजा में स्थिरता और समृद्धि लाने के लिए प्रभावी शासन में मदद करेगा। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 15 जनवरी को गाजा बोर्ड ऑफ पीस के गठन का ऐलान किया था। इस बोर्ड को इजराइल हमास युद्ध को खत्म करने की अमेरिका समर्थित योजना का दूसरा अहम फेज बताया गया है। रविवार 18 जनवरी को भारत के अलावा कम से कम चार और देशों ने पुष्टि की है कि उन्हें भी इस बोर्ड में शामिल होने का निमंत्रण मिला है। रिपोर्ट के मुताबिक जॉर्डन, ग्रीस, साइपरस और पाकिस्तान को न्यौता दिया गया है। अमेरिकी अधिकारी के मुताबिक जो इस बोर्ड में प्रस्तावित चार्टर से वाकिफ हैं, बोर्ड के अस्थाई सदस्यता के लिए एक अरब अमेरिकी डॉलर का योगदान देना होगा। वहीं 3 साल के कार्यकाल के लिए किसी तरह की आर्थिक शर्त नहीं रखी गई है।

## मुंबई में बनेगा 30 मंजिला बिहार भवन

मुंबई। बिहार सरकार मुंबई में अधिकारियों, मेहमानों और रोगियों के लिए 30 मंजिला बिहार भवन बनाने की योजना बना रही है। इसपर 314 करोड़ रूपये खर्च होंगे। इस बीच महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने इस परियोजना का विरोध करते हुए महाराष्ट्र के मुद्दों के बीच इसकी आवश्यकता पर सवाल उठाया और बिहार में अस्पताल निर्माण का सुझाव दिया है। दरअसल बिहार सरकार ने घोषणा की है कि दिल्ली के बाद अब वह महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में बिहार भवन बनाएगी। बिहार के आवास विभाग के सचिव कुमार रवि ने यह जानकारी देते हुए बताया कि बिहार भवन मुंबई पोर्ट ट्रस्ट के एल्फिंस्टन एस्टेट इलाके में बनाया जाएगा और राज्य कैबिनेट ने इस प्रोजेक्ट के लिए 314.20 करोड़ रुपये के प्रशासनिक खर्च को मंजूरी दे दी है।

## कुछ ना कहना




## ट्रंप को लेकर बाबा रामदेव ने कहा, थोड़े दिनों के बाद उनके बाजे बजने वाले

नई दिल्ली। योग गुरु बाबा रामदेव ने ब्रिटेन के जल्द ही टूटने का दावा किया है। साथ ही उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भविष्य को लेकर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने वेनेजुएला के अपदस्थ राष्ट्रपति निकोलस मादुरो का जिक्र कर कहा कि ट्रंप उन्हें नहीं उठा कर ले जा सकते। बाबा रामदेव का यह बयान तब आया है, जब ट्रंप भारत पर टैरिफ बढ़ाने के संकेत दे रहे हैं।



रिपोर्ट्स के अनुसार, बाबा रामदेव ने कहा, आज ब्रिटेन खुद टूटने की कगार पर है। ब्रिटेन, आयरलैंड और स्कॉटलैंड, ये तीन देश बनने वाले हैं अभी। ये थोड़े दिन जो है, अभी हम बोलते नहीं क्योंकि ट्रंप जो है न जो भी बोले है उसको ठोके है। हमें क्या ठोकेगा...वहां कौन है जिस उठा कर ले गया था। मादुरो की तरह हमें उठा भी नहीं सकता। लेकिन देखना थोड़े दिनों के बाद इस ट्रंप के भी बाजे बजने वाले है। कुछ नहीं है दुनियादारी में भाई...।

बात दें कि जनवरी की शुरुआत में अमेरिकी सैन्य अभियान के परिणामस्वरूप वेनेजुएला के तत्कालीन राष्ट्रपति मादुरो को मादक पदार्थों से जुड़े आरोपों में पकड़ा गया था। इस घटना ने देश में अनिश्चितता को जन्म दे दिया था। वेनेजुएला के पास दुनिया के कुछ सबसे बड़े प्रमाणित कच्चे तेल के भंडार मौजूद हैं। बाद में कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में डेल्सी रोड्रिगेज ने कमान संभाली थी। इतना ही नहीं ग्रीनलैंड पर अमेरिकी नियंत्रण का विरोध करने वाले आठ यूरोपीय देशों पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाने की बात कही गई।

## चांदी की कीमतों में उछाल से कारीगरों पर संकट, लाखों बेरोजगार होने की आशंका

# पहली बार चांदी हुई 3 लाख के पार

नई दिल्ली। सप्ताह के पहले दिन सोमवार को चांदी की कीमतों ने वायदा कारोबार में अपने सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए पहली बार 3 लाख रुपये का आंकड़ा पार कर लिया। ग्लोबल टेंशन के बीच चांदी अचानक 13,000 रुपये महंगी हो गई। इस साल अब तक 1 किलो चांदी की कीमत 65,000 रुपये से ज्यादा चढ़ चुकी है। दरअसल चीन से चांदी के आयात में आई रुकावट के बाद भारत में चांदी की कीमतों में तेज उछाल देखी जा रही है।

बीते कुछ महीनों में चांदी के दाम लगभग तीन गुना तक बढ़ गए हैं, जिससे देश के आभूषण उद्योग और उससे जुड़े लाखों कारीगरों के सामने रोज़गार का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। चांदी के आभूषणों का निर्माण करने वाला असंगठित क्षेत्र इस मूल्य वृद्धि से सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। उद्योग से जुड़े व्यापारियों के अनुसार, चीन द्वारा चांदी के निर्यात पर सख्ती किए जाने के बाद भारतीय बाजार में कच्चे माल की आपूर्ति बाधित हुई है। भारत अपनी कुल चांदी आवश्यकता का बड़ा हिस्सा आयात के माध्यम से पूरा करता है। आयात में कमी आते ही बाजार में चांदी की उपलब्धता घटी और कीमतें तेजी से बढ़ने लगीं। इसका सीधा असर छोटे ज्वैलर्स और कारीगरों पर पड़ा है, जिनकी बिक्री में भारी गिरावट दर्ज की गई है।

देश के कई प्रमुख चांदी कारोबार केंद्रों में हालात चिंताजनक हैं। कारीगरों का कहना है कि पहले जहां रोज़ काम मिलता था, अब कई दिनों तक ऑर्डर नहीं आते। महंगी चांदी के कारण ग्राहक खरीद से बच रहे हैं, जिससे उत्पादन लगभग ठप हो गया है। कई इकाइयों में कर्मचारियों की छंटनी शुरू हो चुकी है और बड़ी संख्या में कारीगर बेरोजगार हो गए हैं।

व्यापार संगठनों ने सरकार से इस संकट पर तत्काल ध्यान देने की मांग की है। उनका कहना है कि चांदी पर लगने वाले करों में राहत, वैकल्पिक देशों से आयात की व्यवस्था और असंगठित क्षेत्र के कारीगरों के लिए विशेष सहायता पैकेज की आवश्यकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो यह संकट केवल चांदी उद्योग ही नहीं, बल्कि ग्रामीण और शहरी गरीब परिवारों की आजीविका को भी गहराई से प्रभावित करेगा।





# बढ़-चढ़कर बैगा खिलाडियों और कलाकारों ने हुनर का जलवा बिखेरा

## मलाजखंड में दो दिवसीय बैगा महोत्सव में संस्कृति और परंपराओं का हुआ जीवंत प्रदर्शन

पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

**जिले में निवास करने वाली विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा की संस्कृति, परंपराओं एवं लोक विरासत के संरक्षण के उद्देश्य से कलेक्टर मृणाल मीना के मार्गदर्शन में प्रगति मैदान मलाजखंड में 17 एवं 18 जनवरी को दो दिवसीय बैगा महोत्सव का आयोजन किया गया। 18 जनवरी को इस महोत्सव का बैगा जनजाति के प्रतिष्ठित लोगो, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, खिलाडियों एवं आमजन की उपस्थिति में भव्य एवं समारोहपूर्वक समापन किया गया। समापन अवसर पर बैगा समाज के प्रदेश अध्यक्ष झामसिंह तेकाम, उपाध्यक्ष छन्नू बैगा, बिरसा ब्लॉक अध्यक्ष धन सिंह धुर्वे, नागा बैगा-बैगीन समाज के पहल सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता दशरथ सिंह धुर्वे, विधायक संजय उईके, विधायक मधु भगत, श्रीमती अनुभा मुंजारे, जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार, पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन, पूर्व विधायक भगत सिंह नेताम, कलेक्टर मृणाल मीना, बैहर एसडीएम अर्पित गुप्ता, परसवाड़ा एसडीएम श्रीश प्यासी, सांसद प्रतिनिधि गुड्डा मरकाम, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मरकाम, जनपद पंचायत परसवाड़ा अध्यक्ष समल सिंह धुर्वे, जनपद उपाध्यक्ष हेमन्त साहू, रंजीत बैस, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती शकुंतला डामोर, नगरपालिका मलाजखंड अध्यक्ष श्री मानसिंह मेरावी, पार्षदगण, विद्यालयों के प्राचार्य, पीटीआई, बैगा जनजाति के छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में जनसमुदाय उपस्थित रहा।**

समापन कार्यक्रम में बैगा जनजाति के छात्र-छात्राओं एवं समुदाय के लोगों द्वारा मनमोहक पारंपरिक एवं जनजातीय नृत्यों की प्रस्तुतियां दी गईं। इन नृत्यों के माध्यम से प्रकृति, नदी, पहाड़ और जंगल से जुड़ी बैगा संस्कृति का जीवंत प्रदर्शन किया गया। इन पारंपरिक नृत्य एवं गीत के माध्यम से बैगा जनजाति के कलाकारों ने संदेश दिया कि वे प्रकृति पूजक है और प्रकृति के संरक्षक भी है। दो दिन का यह आयोजन बैगा जनजाति के खिलाडियों एवं कलाकारों को अपनी कला एवं हुनर दिखाने का मंच प्रदान करने में सफल रहा। इस आयोजन के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियॉ की गई थी, जिसमें बैगा जनजाति के कलाकारों एवं खिलाडियों के ठहरने, भोजन एवं उनके आवागमन की व्यवस्था की गई थी। इस सम्पूर्ण आयोजन की सफलता को सभी लोगो ने दिल से सराहा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक संजय उईके ने कहा कि बैगा जनजाति की परंपराओं और संस्कृति के संरक्षण हेतु बालाघाट जिला प्रशासन द्वारा की गई यह पहल सराहनीय है। उन्होंने आयोजन को सफल बताते हुए जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया और कहा कि बैगा जनजाति के विकास के साथ-साथ उन्हें सम्मान देना भी आवश्यक है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में बैगा, भारिया एवं सहारिया तीन विशेष पिछड़ी जनजातियां हैं तथा बैगा जनजाति प्रदेश के छह जिलों में निवास करती है। अन्य जिलों में निवास करने पर जाति प्रमाण पत्र संबंधी समस्याओं पर भी ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने बैगा जनजाति के शिक्षित युवाओं को शासकीय सेवा में सीधी भर्ती एवं परंपरागत कार्यों में कौशल उन्नयन प्रशिक्षण देने की आवश्यकता पर जोर दिया।

कार्यक्रम को विधायक श्री मधु भगत, श्रीमती अनुभा मुंजारे, जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार, पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन एवं पूर्व विधायक भगत सिंह नेताम ने भी संबोधित किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के अंतर्गत कन्या शिक्षा परिसर बिरसा, बैहर, परसवाड़ा, दमोह एवं परसामऊ छात्रावास की बैगा छात्राओं ने कर्मा, शैला एवं बैगा नृत्य प्रस्तुत किए, वहीं मलाजखंड की छात्राओं द्वारा गोंडी नृत्य और कोरका एवं मोहनपुर के बैगा समुदाय द्वारा पारंपरिक बैगा नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम के समापन पर दो दिनों तक आयोजित खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पदक प्रदान किए गए। महोत्सव के दौरान कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो, बोरा दौड़, तीरंदाजी, कंचे, पिट्ठू एवं रस्साकस्सी की बालक एवं बालिका वर्ग की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस महोत्सव में बैगा जनजाति के पुरुष और महिलाएं अपनी पारंपरिक वेशभूषा में सज-धज कर आए थे। दो दिवसीय बैगा महोत्सव ने बैगा जनजाति की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं एवं खेल विरासत को मंच प्रदान करते हुए सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक संरक्षण का सशक्त संदेश दिया।

दो दिन तक चले इस आयोजन में बैगा जनजाति के खिलाडियों ने अपनी प्रतिभा एवं हूनर का भरपुर प्रदर्शन किया। 15 से 30 आयु वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में विकासखंड बैहर की टीम विजेता रही और विकासखंड बिरसा की टीम उपविजेता रही। जबकि महिला वर्ग में विकासखंड बैहर की दो टीमों ने विजेता एवं उपविजेता का खिताब हासिल किया। 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में विकासखंड बिरसा की दो टीमों ने विजेता एवं उपविजेता का स्थान हासिल किया। खो-खो पुरुष 15 से 30 वर्ष आयु वर्ग में विकासखंड परसवाडा ने प्रथम एवं विकासखंड बैहर ने द्वितीय स्थान तथा महिला वर्ग में विकासखंड बिरसा ने प्रथम व द्वितीय स्थान दोनो हासिल किया। वालीबॉल प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में विकासखंड बैहर ने प्रथम व परसवाडा ने द्वितीय तथा महिला वर्ग में विकासखंड बिरसा ने प्रथम व विकासखंड बैहर ने द्वितीय स्थान हासिल किया। रस्सा-कस्सी प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में विकासखंड बिरसा की दो टीमों ने विजेता एवं उपविजेता का स्थान हासिल किया जबकि महिला वर्ग में विकासखंड बिरसा ने प्रथम एवं परसवाडा ने द्वितीय स्थान हासिल किया। क्रिकेट प्रतियोगिता में विकासखंड बिरसा ने प्रथम व बैहर ने द्वितीय स्थान हासिल किया।

बैगा जनजाति के पारंपरिक खेल पिट्ठू प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में विकासखंड परसवाडा की टीम विजेता एवं उपविजेता रही, जबकि महिला वर्ग में विकासखंड परसवाडा ने प्रथम एवं बिरसा ने द्वितीय स्थान हासिल किया। गिल्ली-डंडा में पुरुष वर्ग में विकासखंड बिरसा ने प्रथम एवं विकासखंड बैहर ने द्वितीय स्थान तथा महिला वर्ग में विकासखंड बैहर ने प्रथम एवं विकासखंड बिरसा ने द्वितीय स्थान हासिल किया। तीरंदाजी प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में विकासखंड बिरसा के निलेश तेकाम ने प्रथम व दशरथ धुर्वे ने द्वितीय तथा महिला वर्ग में विकासखंड बैहर की मधु तेकाम ने प्रथम व विकासखंड परसवाडा की यशोदा मरावी ने द्वितीय स्थान हासिल किया। त्रिटंगी दौड में पुरुष वर्ग में विकासखंड परसवाडा के बुधराम मेरावी व प्रकाश उइके ने प्रथम व विकासखंड बिरसा के संतोष मरकाम व राजेंद्र धुर्वे ने द्वितीय स्थान हासिल किया। महिला वर्ग में विकासखंड बिरसा की रुपतिन मरावी व बसंती धुर्वे ने प्रथम व रुपीबाई परते व परमिला मेरावी ने द्वितीय स्थान हासिल किया। बोरा दोड में पुरुष वर्ग में विकासखंड बिरसा के संतोष मरकाम ने प्रथम व गजेंद्र धुर्वे ने द्वितीय तथा महिला वर्ग में विकासखंड बिरसा की जमुना मेरावी ने प्रथम व छाया धुर्वे ने द्वितीय स्थान हासिल किया। कंचे प्रतियोगिता में पुरुष व महिला दोनो वर्ग में विकासखंड बैहर ने प्रथम व विकासखंड बिरसा ने द्वितीय स्थान हासिल किया।

## जागपुर में लगभग 30 ट्रॉली रेत जप्त, ट्रैक्टर-ट्रॉली भी जब्त

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। जिले में अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत आज ग्राम जागपुर, तहसील वारासिवनी में बड़ी कार्रवाई की गई। जांच के दौरान स्कूल के पीछे खनिज रेत का लगभग 30 ट्रॉली लावारिस अवैध भंडारण पाया गया। मौके पर रेत के वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके, जिसके बाद नियमानुसार रेत को जप्त कर स्न्ब इंफ्रास्ट्रक्चर, नई दिल्ली के कैंप में सुरक्षित रखा गया। उपसंचालक खनिज सुश्री फरहत जहॉ ने बताया कि इसी क्रम में ग्राम वारासिवनी क्षेत्र में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली द्वारा खनिज रेत का अवैध परिवहन करते हुए पाया गया। कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली को जप्त कर थाना वारासिवनी की अभिरक्षा में खड़ा कराया गया है। प्रशासन ने बताया कि अवैध खनिज गतिविधियों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे खनिजों के अवैध खनन, भंडारण या परिवहन की सूचना प्रशासन को दे ताकि समय पर कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।



**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी**
**जिला बालाघाट (म.प्र.)**

क्रमांक 412/अति.कले./वि.पंजी/2026 बालाघाट दिनांकः 19/01/2026

**आम-सूचना**

हिन्दू विवाह रजिस्ट्रेशन नियम 1984 के नियम (1) 4 के अन्तर्गत प्रारूप एक में विवाह के रजिस्ट्रीकरण हेतु आवेदकगण आवेदक डेलन सिंह उम्र 54 वर्ष पिता स्व. आत्माराम निवासी वार्ड नं 08 ग्राम बहियाटीकुर पोस्ट बोरी तहसील लालबर्रा जिला बालाघाट (म.प्र.) एवं आवेदिका भूमेश्वरी पटले उम्र 46 वर्ष पिता टेकचंद पटले निवासी वार्ड नं 02 ग्राम बल्हापुर पोस्ट बोरी तहसील लालबर्रा जिला बालाघाट (म.प्र.) ने उपस्थित होकर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जिसमें उन्हें विवाह पंजीयन जारी किया जाना है। विवाह पंजीयन हेतु सुनवाई दिनांक 04/02/2026 को नियत की गई है।

अत: उक्त विवाह पंजीयन के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह सुनवाई दिनांक 04/02/2026 तक न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी बालाघाट के समक्ष न्यायालयीन समय प्रात: 11 बजे उपस्थित होकर अपनी आपत्ति लिखित रूप में प्रस्तुत करें। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**अपर कलेक्टर**
**एवं रजिस्टार हिन्दू विवाह**
**जिला-बालाघाट (म.प्र.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार किरनापुर**
**जिला बालाघाट म.प्र.**

रा.प्र.क्र./0041/ड-154/वर्ष 2025-26
साकिनः दत्ता प.ह.नं. 42
रा.नि.मं. माटे तहसील किरनापुर

**उद्घोषणा**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गोधन पिता घुडन कावरे जाति मरार निवासी ग्राम मूर्ती तहसील किरनापुर जिला बालाघाट म.प्र. द्वारा अपने माताजी झिपरी कावरे की मृत्यु दिनांक 24/12/1995 को मृत्यु के 1 वर्ष पश्चात पंजीयन की अनुमति मिलने हेतु लोकसेवा केन्द्र किरनापुर के माध्यम से आवेदन पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया है।अत: उक्त के संबंध में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है, कि वे निश्चित दिनांक 22/01/2026 को या तो स्वयं, किसी अभिभाषक अथवा प्रतिनिधी द्वारा उपस्थित होकर कोई आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। नियत दिनांक के बाद प्रस्तुत आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जायेंगा। नियत दिनांक के बाद प्रस्तुत आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा।आज दिनांक 07/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के अधीन जारी किया गया।

**तहसीलदार किरनापुर**

# टीएल बैठक में समय सीमा प्रकरणों की हुई समीक्षा



**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** 19 जनवरी को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कलेक्टर मृणाल मीना ने विभिन्न विभागों के समय सीमा संबंधी प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, श्री डीपी बर्मन, संयुक्त कलेक्टर राहुल नायक, डिप्टी कलेक्टर प्रदीप कौरव एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीडियों कांफ्रेंस के माध्यम से उपस्थित थे।

बैठक में सर्वप्रथम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी पर चर्चा की गई। इस दौरान कलेक्टर श्री मीना ने खाद्य आपूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि जिन केंद्रो पर पंजीकृत किसानों से धान की खरीदी की जा चुकी है उन केंद्रो को तत्काल बंद किया जाए। 20 जनवरी धान खरीदी की अंतिम तिथि को देखते हुए किसी भी केंद्र पर बारदाने के अभाव में धान खरीदी प्रभावित नही होनी चाहिए। खरीदी केंद्रो से धान का तेजी से उठाव कर वेयर हाउस के गोदामों में पहुंचाया जाए और किसानों का भुगतान शीघ्रता से किया जाए। इस दौरान बताया गया कि जिले में गत वर्ष की तुलना में 06 प्रतिशत अधिक धान की खरीदी की जा चुकी है। किसानों को खरीदी की गई धान के बदले में 1423 करोड रुपए का भुगतान किया जाना है। इसमें से 1128 करोड रुपए के ईपीओ जारी कर दिये गए है और 1055 करोड रुपए का भुगतान किया जा चुका है।

12 जनवरी से जिले में चलाए जा रहे संकल्प से समाधान अभियान की चर्चा करते हुए कलेक्टर श्री मीना ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस अभियान के अंतर्गत लगाए जा रहे शिविरों में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करे और उनकी पोर्टल पर अनिवार्य रूप से एंट्री की जाए। इस अभियान के अंतर्गत 20 विभागो की 106 सेवाओं से सभी पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाए। बैठक में जिले के सभी नगरीय निकायो के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पेयजल प्रदाय व्यवस्था पर कडी निगरानी रखे और कहीं पर भी दूषित पानी प्रदाय नही होना चाहिए, इसके लिए नगरीय निकायों को पेयजल प्रदाय करने वाली पाईप लाइनों के लिकेज चिन्हित कर उनके सुधार का कार्य शीघ्रता से करने के निर्देश दिये गए।

बैठक में कृषि, मत्स्योद्योग एवं पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे सभी पात्र किसानों के किसान क्रेडिट कार्ड बनवाये और उन्हें वितरित करें। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक को निर्देशित किया गया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को शीघ्रता से ऋण वितरण कराए। बैठक में सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया गया कि सभी अधिकारी इसमें जिम्मेदारी और तत्परता के साथ कार्य करें। कोई भी शिकायत 50 दिन से अधिक लंबित नही रहना चाहिए। जिस किसी भी अधिकारी के कारण जिले की ग्रेडिंग प्रभावित होगी उसका वेतन रोकने की कार्यवाही की जाएगी।

# खेलो एमपी यूथ गेम्स के तृतीय दिवस में 350 खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** खेलो एमपी यूथ गेम्स के प्रारंभ होते ही जिले के खिलाड़ियों में खेलो के प्रति उत्साह और भी बढ़चढ़ कर दिखने लगा है। खेलो एमपी यूथ गेम्स के तृतीय दिवस 18 जनवरी को जिले में खेल उत्साह चरम पर रहा। इस अवसर पर बास्केटबॉल, कबड्डी, योगासन, वॉलीबॉल एवं फुटबॉल कुल पाँच खेलों की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिताएं ग्रीन वैली स्कूल पुलिस लाइन मैदान, मुलना स्टेडियम, कराते हॉल तथा म्युनिसिपल बास्केटबॉल ग्राउंड में आयोजित की गईं। जिला खेल प्रशिक्षक सचिंद्र कृष्णन ने बताया कि खेलो एमपी यूथ गेम्स के तृतीय दिवस की प्रतियोगिताओं में जिले के लगभग 10 विकासखंडों से आए करीब 350 खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया है। इस दौरान खिलाड़ियों में खेल भावना, अनुशासन और प्रतिस्पर्धात्मक जोश देखने को मिला। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिताओं में चयनित एवं विजेता खिलाड़ी आगामी संभागीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसकी जानकारी संबंधित विकासखंड समन्वयकों, खेल संघों के कोचों एवं खेल और युवा कल्याण विभाग, स्टेडियम बालाघाट कार्यालय द्वारा खिलाडियों को दी जाएगी। यह आयोजन जिला खेल अधिकारी राहुल बारेसा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें विभिन्न खेल संघों के अध्यक्ष, सचिव एवं पदाधिकारी, खेल शिक्षक, युवा समन्वयक, जिला खेल प्रशिक्षक एवं विभागीय कर्मचारियों का सराहनीय सहयोग रहा। खेलो एमपी यूथ गेम्स का यह आयोजन जिले में खेल संस्कृति को सशक्त करने के साथ-साथ युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मजबूत मंच प्रदान कर रहा है।



**न्यायालय नायब तहसीलदार किरनापुर**
**जिला बालाघाट म.प्र.**

रा.प्र.क्र./0040/ड-154/वर्ष 2025-26
साकिनः दत्ता प.ह.नं.. 40
रा.नि.म. माटे तहसील किरनापुर

**समाचार पत्र प्रकाशन**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक किशोर पिता कृपाल जाति मरार निवासी ग्राम दत्ता तहसील किरनापुर जिला बालाघाट म.प्र. द्वारा अपने माताजी अन्नीबाई खरे की मृत्यु दिनांक 10/01/2010 को मृत्यु के 1 वर्ष पश्चात पंजीयन की अनुमति मिलने हेतु लोकसेवा केन्द्र किरनापुर के माध्यम से आवेदन पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया है।अत: उक्त के संबंध में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है, कि वे निश्चित दिनांक 22/01/2026 को या तो स्वयं, किसी अभिभाषक अथवा प्रतिनिधी द्वारा उपस्थित होकर कोई आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। नियत दिनांक के बाद प्रस्तुत आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेंगा। नियत दिनांक के बाद प्रस्तुत आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा।आज दिनांक 07/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के अधीन जारी किया गया।

**तहसीलदार किरनापुर**

दुकान किराये पद देना है
-पता-
स्टेट बैंक के पास, कालीपुतली चौक, मेन रोड, बालाघाट
मो. 9827116521






बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध
-निर्माता-
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

## न्यूज गैलरी

## उधारी के पैसे को लेकर विवाद, किराना दुकानदार ने ग्राहक से की मारपीट

### उधारी नहीं देने पर दी जान से मारने की धमकी

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** किराने के सामान की उधारी राशि नहीं मिलने से नाराज़ एक किराना दुकानदार द्वारा अपने ही ग्राहक के साथ सार्वजनिक स्थान पर मारपीट करने और जातिगत रूप से अपमानित करने का मामला सामने आया है। घटना किरनापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लोढांगी के कटंगटोला चौक (दुर्गा चौक) की है। पीड़ित ईश्वर मड़ावी 48 वर्ष द्वारा लगाए गए आरोप और कि गई शिकायत पर पुलिस ने आरोपी दुकानदार अजय आवरे के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता एवं अनुसूचित जाति-जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ईश्वर मड़ावी कटंगटोला निवासी, मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। वही गांव में स्थित अजय आवरे की किराना दुकान इस दुकान से गांव के लोग आवश्यकता अनुसार किराना सामान की खरीदी करते हैं। ईश्वर मड़ावी भी अजय आवरे की किराना दुकान से लंबे समय से आवश्यक घरेलू सामान की खरीदी करते आ रहे थे, जिसकी कुछ राशि उधारी के रूप में बकाया रह गई थी। घटना 19 जनवरी की सुबह लगभग 10 बजे की बताई जा रही है। ईश्वर मड़ावी अपने घर पर मौजूद थे, तभी किराना दुकानदार अजय आवरे उनके घर पहुंचा और उधारी के बकाया पैसे की मांग करने लगा। इस पर ईश्वर मड़ावी ने कहा कि फिलहाल उनके पास पैसे नहीं हैं और वे एक-दो दिन में राशि चुका देंगे। इतना सुनते ही अजय आवरे आपा खो बैठा और ईश्वर मड़ावी को अश्लील गालियां देने लगा। जब ईश्वर मड़ावी ने गालियां देने से मना किया तो अजय आवरे और अधिक आक्रोशित हो गया। आरोप है कि इसके बाद अजय आवरे ने ईश्वर मड़ावी को घर के पास स्थित दुर्गा चौक में जातिगत शब्दों का प्रयोग करते हुए सार्वजनिक रूप से अपमानित किया, फिर हाथ-बुक्कों और लात-घूंसे से बेरहमी से मारपीट की।मारपीट के दौरान आरोपी ने ईश्वर मड़ावी को धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया और थप्पड़ों व मुक्कों से हमला करता रहा। साथ ही किराने के पैसे नहीं देने पर जान से मार देने की धमकी भी दी। इस हमले में ईश्वर मड़ावी को चोटें आईं। घटना होते देख आसपास मौजूद ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर किसी तरह मामला शांत कराया।मारपीट में घायल ईश्वर मड़ावी इसके बाद रिपोर्ट दर्ज कराने किरनापुर थाना पहुंचे। पुलिस ने पीड़ित का सिविल अस्पताल में उपचार एवं चिकित्सकीय परीक्षण करवाया। पीड़ित की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी अजय आवरे के खिलाफ अश्लील गाली-गलौज, मारपीट, जातिगत अपमान एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं तथा अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।





# कान्हा से अनाथ बाघ शावक को जंगल का योद्धा बनाकर भेजा गया नौरादेही

## कान्हा टाइगर रिजर्व के मुक्की रेंज में धोरेला रिवाल्डिंग सेन्टर में दिया गया शिकार का प्रशिक्षण

सिटी रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

**मध्य प्रदेश के कान्हा टाइगर रिजर्व से एक प्रशिक्षित नर बाघ को वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व (नौरादेही) भेजा गया है. यह बाघ पेंच टाइगर रिजर्व से शावक अवस्था में रेस्क्यू किया गया था. घोरेला रिवाइल्डिंग सेंटर में प्रशिक्षण के बाद अब उसे कम घनत्व वाले सुरक्षित जंगल में बसाया गया है. इसे संरक्षण की बड़ी सफलता माना जा रहा है। मध्य प्रदेश के मंडला जिले स्थित कान्हा टाइगर रिजर्व से एक नर बाघ को वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व (नौरादेही) सुरक्षित रूप से भेजा गया है. यह ट्रांसलोकेशन वन्यजीव संरक्षण की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है. संबंधित अधिकारियों के मुताबिक, बाघ पूरी तरह स्वस्थ है और जंगल में स्वतंत्र जीवन के लिए सक्षम पाया गया है, इसी कारण उसे नए क्षेत्र में छोड़े जाने का निर्णय लिया गया।**

दरअसल, यह नर बाघ मूल रूप से पेंच टाइगर रिजर्व के रूखड़ परिक्षेत्र, सिवनी से रेस्क्यू किया गया था. उस समय बाघ शावक की उम्र महज 4 से 5 माह थी. अनाथ अवस्था में मिलने के बाद उसे सुरक्षित तरीके से कान्हा टाइगर रिजर्व लाया गया, जहां उसके पुनर्वास और प्रशिक्षण की पूरी व्यवस्था की गई।

### मुक्की के घोरेला रिवाइल्डिंग सेंटर में पालन-पोषण और शिकार ट्रेनिंग

कान्हा टाइगर रिजर्व पहुंचने के बाद इस बाघ शावक को मुक्की स्थित घोरेला रिवाइल्डिंग बाड़े में रखा गया. यहां उसका पालन-पोषण पूरी सावधानी के साथ किया गया. साथ ही, उसे प्राकृतिक तरीके से शिकार करने और बिना मानवीय हस्तक्षेप के जंगल में विचरण करने का प्रशिक्षण दिया गया।

वर्तमान में इस नर बाघ की उम्र करीब 33 से 35 माह बताई जा रही है. विशेषज्ञों की टीम ने आकलन किया कि बाघ अब पूरी तरह आत्मनिर्भर हो चुका है. इसी आधार पर उसे ऐसे टाइगर रिजर्व में भेजने का फैसला किया गया, जहां बाघों की संख्या कम है लेकिन रहने के लिए पर्याप्त जंगल और संसाधन मौजूद हैं।

### तय प्रोटोकॉल के तहत किया गया ट्रांसलोकेशन

बाघ को स्थानांतरित करने से पहले वन प्राणी चिकित्सकों और वैज्ञानिकों की टीम ने उसे ट्रेंकुलाइज किया. इसके बाद उसके सभी जरूरी जैविक मापदंड रिकॉर्ड किए गए. वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा 11 (1) (ए) के तहत सक्षम प्राधिकारी से अनुमति ली गई।

पूरी प्रक्रिया तय मानक प्रोटोकॉल के अनुसार की गई. बाघ को सेटेलाइट रेडियो कॉलर पहनाकर विशेषज्ञों निगरानी में वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व (नौरादेह भेजा गया, ताकि उसकी गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा सके।

### 15 बाघों को जंगल में नया जीवन

कान्हा टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर रविंद्र मणि त्रिपाठी ने बताया कि घोरेला रिवाइल्डिंग सेंटर से अब तक 15 बाघ शावकों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित कर जंगल में छोड़ा जा चुका है. यह प्रयोग अपने आप में अनोखा और बेहद सफल रहा है।

उन्होंने बताया कि अनाथ बाघ शावकों को पहले क्वारंटीन में रखा जाता है, फिर चरणबद्ध तरीके से उन्हें शिकार और स्वतंत्र जीवन के लिए तैयार किया जाता है. फील्ड डायरेक्टर के अनुसार, घोरेला से छोड़े गए बाघों ने अलग-अलग टाइगर रिजर्व में जाकर अपने कुनबे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है. यह प्रयास वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।

यह संपूर्ण कार्यवाही रवीन्द्र मणि त्रिपाठी, भा.व.से., क्षेत्र संचालक, कान्हा टाइगर रिजर्व के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई। स्थानांतरण प्रक्रिया के दौरान श्री पुनीत गोयल, भा.व.से., उप संचालक (कोर), सुश्री अमीथा के.बी., भा.व.से., उप संचालक (बफर), डॉ. संदीप अग्रवाल, वन्यप्राणी चिकित्सक, कान्हा टाइगर रिजर्व, डॉ. अनिरूद्ध मजूमदार, राज्य वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर सहित विशेषज्ञ दल एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। यह सफल स्थानांतरण मध्यप्रदेश में बाघ संरक्षण के प्रयासों को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय उपलब्धि मानी जा रही है।

# केमिस्ट-ड्रगिस्टों का वार्षिक मिलन समारोह सम्पन्न

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसिएशन द्वारा आयोजित वार्षिक मिलन समारोह सोमवार 19 जनवरी को शहर मुख्यालय स्थित एक निजी लॉन में भव्य एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जिले सहित प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारियों की उपस्थिति ने समारोह को विशेष गरिमा प्रदान की। इस आयोजन का उद्देश्य दवा व्यवसाय से जुड़े रिटेलर्स, थोक विक्रेताओं और संगठन के पदाधिकारियों को एक मंच पर लाकर आपसी संवाद, परिचय और संगठनात्मक मजबूती को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ऑल इंडिया केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसिएशन के महासचिव राजीव सिंघल रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बदलते समय में दवा व्यवसाय के सामने अनेक चुनौतियां हैं, जिनका सामना केवल संगठित और जागरूक रहकर ही किया जा सकता है। उन्होंने सभी केमिस्ट एवं ड्रगिस्टों से नियमों की जानकारी रखते हुए ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ व्यवसाय करने का आह्वान किया। समारोह की अध्यक्षता मध्यप्रदेश केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष गौतमचंद धींग ने की। उन्होंने संगठन की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसिएशन हमेशा अपने सदस्यों के




हितों की रक्षा के लिए कार्य करता रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन तभी मजबूत होता है जब सभी सदस्य एकजुट होकर समस्याओं और सुझावों को साझा करते हैं। विशेष अतिथि के रूप में प्रदेश संगठन सचिव मनोज पमनानी, पीआरओ सुरेश चौकसे, कोषाध्यक्ष दीनदयाल तिवारी एवं सहसचिव अशोक जैन उपस्थित रहे। अतिथियों ने दवा व्यवसाय में आ रही नीतिगत चुनौतियों, लाइसेंस, टैक्सेशन और व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा जैसे विषयों पर विस्तार से अपने विचार रखे और सदस्यों को मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत बालाघाट केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश सोनी, जबलपुर जोन उपाध्यक्ष प्रियंक वर्मा, सचिव संदीप पिछोड़े, कोषाध्यक्ष रिशु जायसवाल एवं सहसचिव अविरल चावड़ा द्वारा पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन अध्यक्ष सुरेश सोनी ने कहा कि संगठन द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित यह मिलन समारोह केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि दवा व्यवसाय से जुड़े सभी साथियों को एक-दूसरे से जोड़ने का माध्यम है। जबलपुर जोन उपाध्यक्ष प्रियंक वर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश और राष्ट्रीय पदाधिकारियों से सीधा संवाद स्थापित होता है, जिससे स्थानीय स्तर की समस्याओं को उच्च मंच तक पहुंचाने में मदद मिलती है। समारोह में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सदस्यों ने दवा व्यवसाय में आ रही व्यावहारिक समस्याओं पर चर्चा की तथा उनके समाधान के लिए संगठन के माध्यम से सामूहिक प्रयास करने पर सहमति जताई। कार्यक्रम के समापन सत्र में उपस्थितजनों के मनोरंजन के लिए ऑर्केस्ट्रा फ्रेंड्स म्यूजिकल, बालाघाट द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कलाकारों ने लोकप्रिय गीतों और मधुर संगीत से माहौल को जीवंत बना दिया। गीत-संगीत के साथ आपसी संवाद और सौहार्द ने समारोह को यादगार बना दिया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों, अतिथियों और कलाकारों का आभार व्यक्त किया गया।

# आयकर कला कुम्भ 2026 में गूंजी पोवारी की पहचान, राष्ट्रीय मंच पर मिली नई उड़ान

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** नागपुर की राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर अकादमी में 16 और 17 जनवरी को आयोजित चतुर्थ आयकर कला कुम्भ 2026 ने देश की भाषा और सांस्कृतिक विविधता को एक साझा मंच प्रदान किया। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड की खेल एवं सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में हुए इस आयोजन में पोवारी भाषा ने अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराते हुए राष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान बनाई। देश के विभिन्न राज्यों से आए आयकर विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की सहभागिता के बीच यह महोत्सव साहित्य, कला और लोकभाषाओं के संरक्षण का जीवंत उदाहरण बना। कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षणों में लेखकों से संवाद सत्र शामिल रहा, जिसमें बालाघाट जिले के मूल निवासी तथा भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) 2010 बैच के अधिकारी, आयकर विभाग के अपर निदेशक ॠषि बिसेन ने सहभागिता की। इस अवसर पर श्री बिसेन की वर्ष 2023 में प्रकाशित पोवारी कथा-संग्रह देवघर पर विस्तृत चर्चा की गई। पुस्तक में ग्रामीण समाज, लोकजीवन की सच्चाइयों और क्षेत्रीय संवेदनाओं को सजीव रूप में प्रस्तुत किया गया है, जिसने पोवारी भाषा की साहित्यिक क्षमता को राष्ट्रीय मंच पर प्रभावी ढंग से रेखांकित किया। कार्यक्रम के दौरान श्री बिसेन ने हिंदी में रचित एक श्रीराम भक्ति-भजन का पोवारी भाषा में अनुवाद कर संक्षिप्त गायन भी प्रस्तुत किया। इस प्रस्तुति को श्रोताओं से भरपूर सराहना मिली और पोवारी भाषा की भावनात्मक



अभिव्यक्ति ने सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम में यह जानकारी भी साझा की गई कि पोवारी भाषा में रचित छह पुस्तकों को केंद्रीय भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर द्वारा डिजिटल संरक्षण के लिए चयनित किया गया है। अब तक पोवारी भाषा में पाँच पुस्तकों का प्रकाशन हो चुका है और इस लोकभाषा में साहित्य सृजन की प्रक्रिया लगातार आगे बढ़ रही है। इन प्रयासों के माध्यम से पोवारी भाषा को न केवल राष्ट्रीय पहचान प्राप्त हुई है, बल्कि बालाघाट सहित समूचे क्षेत्र में भाषा, साहित्य और संस्कृति को लेकर गर्व और उत्साह का वातावरण बना ।

# कीटनाशक के सेवन से एक की मौत

### दो वर्षों से लकवाग्रस्त था मृतक, बीमारी से परेशान होकर उठाया कदम

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** कीटनाशक दवाई के सेवन से जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक रामू पिता दुलीचंद ठाकरे 55 वर्ष ग्राम मेहदोली, थाना रामपायली निवासी है। बताया गया है कि मृतक पिछले दो वर्षों से लकवा की बीमारी से पीड़ित था



और लंबे समय से उपचार चल रहा था। जिला अस्पताल पुलिस ने इस व्यक्ति का शव पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिए हैं प्राप्त जानकारी के अनुसार रामू ठाकरे अपने परिवार के साथ खेती-किसानी का कार्य करता था। उसके परिवार में पत्नी, दो बेटे और एक बेटी हैं। बेटी का विवाह हो चुका है और वह अपने ससुराल में रहती है। परिजनों के अनुसार, लंबे समय से बीमारी से ग्रसित होने के कारण रामू ठाकरे मानसिक रूप से काफी परेशान रहने लगे थे।घटना 17 जनवरी की दोपहर की बताई जा रही है। उस समय मृतक का बड़ा बेटा कुश ठाकरे किसी काम से गांव से बाहर गया हुआ था। इसी दौरान रामू ठाकरे ने अपने घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और उसे उल्टियां होने लगीं। यह देख परिवार के अन्य सदस्यों ने तुरंत कुश ठाकरे को सूचना दी।सूचना मिलते ही कुश ठाकरे घर पहुंचा और पिता से तबीयत बिगड़ने का कारण पूछा। इस पर रामू ठाकरे ने बेटे से कहा कि वह अपनी बीमारी से बहुत परेशान हो चुका है और अब जीना नहीं चाहता। इसके बाद परिजन उसे तत्काल वारासिवनी के सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल बालाघाट रेफर कर दिया गया था। जिला अस्पताल में दो दिनों तक चले उपचार के दौरान 19 जनवरी को सुबह लगभग 11 बजे रामू ठाकरे की मौत हो गई। मामले की सूचना जिला अस्पताल पुलिस चौकी को दी गई। जिला अस्पताल पुलिस ने मौके पर पहुंचकर प्रारंभिक कार्रवाई करते हुए शव का पंचनामा तैयार किया और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 194 के तहत मर्ग कायम कर मर्ग डायरी अग्रिम जांच के लिए संबंधित थाना रामपायली भेज दी गई है। मामले की आगे की जांच रामपायली पुलिस द्वारा की जा रही है।

# 16वीं मध्य प्रदेश इंडियन कराटे चैंपियनशिप में बालाघाट के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** 16वीं मध्य प्रदेश इंडियन कराटे चैंपियनशिप का आयोजन जिला इंडियन कराटे संघ बालाघाट के मार्गदर्शन में हरी मंगलम लॉन में किया गया। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के लगभग 30 जिलों से करीब 450 खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपने कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में खेल एवं युवा कल्याण विभाग, मुलना स्टेडियम स्थित जिला कराटे प्रशिक्षण केंद्र के 12 खिलाडियों ने भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। बालाघाट के खिलाड़ियों ने चार स्वर्ण पदक अपने नाम किए। गोल्ड मेडल विजेता खिलाड़ियों में मेघ बिसेन, विजय चौधरी, सैयद अहील अली एवं कृतिका सोनवाने शामिल रहे। वहीं ईशान सोनवाने, मानस अविनाशी एवं तिव्षा सोमनकर ने रजत पदक प्राप्त किए, जबकि धुंवाक असाटी ने कांस्य पदक जीतकर जिले को गौरवान्वित किया। इसके अलावा प्रतियोगिता में आदित्य राणा, शिवाय वासनिक, उन्नति मारबडदे एवं अनवी सनोडिया का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा। पुरस्कार वितरण समारोह में कराटे संघ के संरक्षक श्री देवेंद्र चंदेल, अध्यक्ष श्री तपेश असाटी, जिला खेल अधिकारी राहुल बारेसा, जिला एथलेटिक संघ के अध्यक्ष नरेश धुवारे सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शैलेंद्र यादव, ओम प्रकाश दमाहे (एबी फिटनेस ग्रुप), अजय ठाकुर (आकाशवाणी), श्री कमल किशोर तलाशे (आदिवासी विकास विभाग), सीनियर खिलाड़ी प्रणय लांजेवार, दिनेश कोरे (सचिव




कराटे संघ), रूपेंद्र बनकर, खेल विभागीय कर्मचारी योगेंद्र पटले, केदार नाथ ठाकरे, धीरज, क्रिकेट कोच शशि वर्मा, बाल कोच नईम खान, सुनील यादव, खेलो इंडिया कोच आशु मैडम, समस्त युवा समन्वय बालाघाट एवं वॉलीबॉल कोच मोहसिन भाई सहित अनेक प्रशिक्षक एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे। समारोह में सभी अतिथियों ने कराटे प्रशिक्षक सजिन्द्र कृष्णन एवं खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## आस-पास की खबरें

## अमोली में आनंद उत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

### खेल-कूद प्रतियोगिताओं में बच्चों ने दिखाया उत्साह

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** नगर मुख्यालय के समीप स्थित ग्राम पंचायत अमोली में सोमवार को 'आनंद उत्सव' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न खेल-कूद प्रतियोगिताओं के माध्यम से ब'चों ने अपनी खेल



प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यह कार्यक्रम जिला पंचायत सभापति झामसिंह नागेश्वर, जनपद सदस्य प्रतिनिधि बालकरण पंचेश्वर, अमोली सरपंच श्रीमती सुकवन समनपुरे और बेलगांव सरपंच अरविंद पंचेश्वर सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने माँ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। इस आनंद उत्सव में ग्राम अमोली, पनबिहरी, मानपुर और बेलगांव के शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और ब'चों ने कुर्सी दौड, सुई-धागा दौड़, आलू-चम्मच दौड़, खो-खो खेल प्रतियोगिता में उत्साह के साथ अपने प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों को मानसिक तनाव से दूर रखकर खेल-खेल में जीवन का आनंद लेने के लिए प्रेरित करना था। स्कूल के ब'चों ने पूरे उत्साह के साथ मैदान में अपना कौशल दिखाया और खेल भावना का परिचय दिया। वहीं उपस्थित अतिथियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल को जीवन का अभिन्न अंग बताया और कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चें खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़े। इस अवसर पर अमोली, पनबिहरी, मानपुर और बेलगांव के शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं, बच्चें एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



**भुगतान नही होने से आर्थिक संकट से जूझ रहा अन्नदाता किसान**



# परिवहन धीमी गति होने से समिति प्रबंधक एवं किसान परेशान

# तीव्र गति से खरीदी धान का परिवहन करवाने की मांग

## समर्थन मूल्य में धान खरीदी का आखिरी दिन आज

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।**

सरकार के द्वारा सेवा सहकारी समिति एवं मर्यादित सोसायटियों के माध्यम से समर्थन मूल्य में गत 1 दिसंबर से समर्थन मूल्य में धान खरीदी की जा रही है। किन्तु खरीदी गई धान का कछुआ गति से परिवहन होने के कारण समिति को धान खरीदी करने में कुछ परेशानी भी हो रही है। साथ ही उपज विक्रय करने के बाद भी खातों में भुगतान नही आने से अन्नदाता आर्थिक परेशानियों से जुझ रहे है। वहीं आज 20 जनवरी को समर्थन मूल्य में धान खरीदी कार्य का अंतिम दिन है और जो किसान उपज विक्रय करने से शेष बच गये है जिनकी उपज खरीदी केन्द्र में पहुंचेगी उन्ही किसानों की उपज खरीदी जायेगी जिसके बाद खरीदी कार्य बंद कर दिया जायेगा। लालबर्रा जिला सहकारी केन्द्रीय मर्यादित बैंक शाखा के 9 सेवा सहकारी समिति अंतर्गत 14 धान खरीदी केन्द्रों में गत 1 दिसंबर माह से समर्थन मूल्य में धान की खरीदी की जा रही है और 19 जनवरी तक 14 धान खरीदी केन्द्रों में 9358 किसानों से 4, 62,667 क्विंटल 60 किग्रा. धान की खरीदी की गई है। किन्तु धान का परिवहन धीमी गति से होने के कारण कुछ खरीदी केन्द्रों में खुले आसमान के नीचे हजारों क्विंटल धान रखी हुई है। साथ ही किसी भी समय अचानक मौसम परिवर्तन हो जाता है, इस दौरान अगर तेज बारिश होती है तो धान पूरी तरह से गीली हो सकती है जिससे शासन को लाखों रूपये का नुकसान हो सकता है। वही लालबर्रा जिला सहकारी केन्द्रीय मर्यादित बैंक के अंतर्गत बनाये गये 14 धान खरीदी केन्द्रों में से 12 खरीदी केन्द्र में जिन किसानों ने उपज विक्रय करवाने स्लॉट बुक करवाये थे उन्होने अपनी उपज विक्रय कर चुके है जिससे इन खरीदी केन्द्र में खरीदी कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष दो खरीदी केन्द्र में खरीदी कार्य जारी है जहां शेष किसानों से आज खरीदी की जायेगी। इस तरह से समर्थन मूल्य में उपज विक्रय करने के लिए मात्र एक दिन 20 जनवरी का दिन बचा है, अगर इस दिन वे अपनी उपज लेकर खरीदी केन्द्र पहुंच जाते है तो उनकी उपज को समर्थन मूल्य में खरीदा जायेगा।

**भुगतान नही होने से अन्नदाता परेशान**

जिले सहित लालबर्रा क्षेत्र में समर्थन मूल्य में धान खरीदी की गई है किन्तु उपज विक्रय करने के करीब एक माह का समय बित जाने केबाद भी कई किसानों का भुगतान नही हुआ है। वहीं किसान पैमेंट के लिए बैंकों का चक्कर काट रहे है किन्तु समय पर पैमेंट नही होने से सरकार की समर्थन मूल्य पर शुरू की गई योजना हवा हवाई साबित हो रही है। करीब एक माह से अपनी उपज बेचे किसानों की राशि का भुगतान नही होने का मुख्य कारण धान का परिवहन न होना बताया जा रहा है और यह सब जिला प्रशासन की लापरवाही के चलते हो रहा है जिससे किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है। दूरभाष पर चर्चा में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित शाखा लालबर्रा के पर्यवेक्षक डीके लिल्हारे ने बताया कि शासन के निर्देश पर गत 1 दिसंबर से समर्थन मूल्य में धान खरीदी की जा रही है और खरीदी की अंतिम तिथि के पहले ही 12 धान खरीदी केन्द्र में खरीदी कार्य पूर्ण हो चुका है, शेष दो खरीदी केन्द्र ददिया एवं कंजई में जारी है जहां आज शेष किसानों से खरीदी कर ली जायेगी। साथ ही यह भी बताया कि खरीदी गई धान का परिवहन धीमी गति से होने के कारण किसानों के खातों में भुगतान नही आ रहा है जिला प्रशासन से मांग है कि तीव्र गति से परिवहन करवाये।

## रानीकुठार में दो दिवसीय मेला एवं कबड्डी प्रतियोगिता 31 से

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** नगर मुख्यालय से लगभग 8 किमी. दूर ग्राम पंचायत रानीकुठार अंतर्गत धार्मिक पर्यटक स्थल कव्हरगढ़ (रानीकुठार) में माँ बम्लेश्वरी मेला महोत्सव समिति व जय हिन्द क्लब रानीकुठार के तत्वाधान में आगामी 31 जनवरी से दो दिवसीय मेले का आयोजन किया गया है। चर्चा में मेला समिति सचिव चिन्तेश एड़े ने बताया कि मेले का शुभारंभ 31 जनवरी को प्रात: 11 बजे स्थाई पटेल राजेंद्र परिहार के मुख्य अतिथि, उपसरपंच सावनलाल सलामे की अध्यक्षता एवं ग्राम विकास समिति पूर्व अध्यक्ष रूपलाल एड़े, जल उपभोक्ता संस्था रानीकुठार पूर्व अध्यक्ष पन्नालाल गौतम, वरिष्ठ नागरिक महारूलाल उइके, गणेशप्रसाद नागेश्वर, वन सुरक्षा समिति अध्यक्ष इंद्रजीत उईके के विशेष आतिथ्य में किया जायेगा। श्री एड़े ने बताया कि इस मेले के अवसर पर दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया है, जिसमें प्रथम पुरस्कार 10,001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 7001 रूपये, तृतीय पुरस्कार 5001 रूपये एवं प्रवेश शुल्क 201 रूपये निर्धारित किया गया है। श्री एड़े ने बताया कि मेले का समापन 1 फरवरी को समाजसेवी अनुराग चतुरमोहता के मुख्य आतिथ्य, पूर्व सरपंच विनोद ठाकरे की अध्यक्षता एवं जिला पंचायत सभापति झामसिंग नागेश्वर, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रसन्न अवधिया, वन समिति सभापति धनेंद्र भलावी व जनपद सदस्य हरिशंकर बनवारी के प्रमुख आतिथ्य में होगा। वहीं रात्रि में आयोजित डंडार कार्यक्रम बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे के मुख्य अतिथि, कांग्रेस कमेटी ब्लॉक अध्यक्ष मनीराम भोयर व विधायक प्रतिनिधि लालबर्रा सरपंच अनीस खान, कांग्रेस कमेटी पूर्व ब्लाक अध्यक्ष भाऊराम गाड़ेश्वर, विधायक प्रतिनिधि शैलेश केकती, रूपसिंह उइके, नितिन सांखला के प्रमुख आतिथ्य एवं ग्राम सरपंच



श्रीमती ज्योति ठाकरे की अध्यक्षता में प्रारंभ किया जायेगा। जिसके बाद जय भवानी डंडार मंडल पिपरिया (भांडी) एवं न्यू आदर्श डंडार मंडल सिहोरा अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां देंगे। इस अवसर पर क्षेत्रीयजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील समिति अध्यक्ष दिलीप पन्द्रे, उपाध्यक्ष मुन्नालाल गौतम, कोषाध्यक्ष जयप्रकाश धुर्वे, सचिव चिंतेश एड़े, मंच संचालक रामप्रसाद पंद्रे व मीडिया प्रभारी मतीन रजा सहित समस्त समिति पदाधिकारी एवं ग्रामीणजनों ने की है।

## बकोड़ा एवं बेलगांव में बच्चों की नि:शुल्क हद्य जांच शिविर आज

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल, नवा रायपुर, छत्तीसगढ़ के द्वारा 20 जनवरी को नगर मुख्यालय से लगभग 4 किमी. दूर ग्राम पंचायत बकोड़ा स्थित पीएम श्री हाई स्कूल एवं बेलगांव के शासकीय प्राथमिक स्कूल में बच्चों में जन्मजात हद्य रोग संबंधी नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में एस ई सी एल के सीएसआर कार्यक्रम 'धड़कन' अन्तर्गत जिला प्रशासन स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से ऐसे बच्चे जिन्हें साँस लेने में परेशानी, वजन ना बढ़ना, बार बार सर्दी-ख़ासी या निमोनिया होना, स्तनपान के समय पसीना आना, तेज धड़कन, शरीर का नीलापन संबंधित लक्षण है। उनकी पूर्णत: नि:शुल्क परीक्षण एवं जांच की जायेगी। साथ ही जन्मजात हद्य रोग संभावित चिहांकित बच्चों का परीक्षण एवं सर्जरी एस.इ.सी.एल. के द्वारा रायपुर के श्री सत्य साई संजीवनी हॉस्पिटल में पूर्णत: नि:शुल्क की जायेगी। इस शिविर में क्षेत्र के हद्य रोग से पीड़ित शून्य से 20 वर्ष के बच्चों का रायपुर केविशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा जांच की जायेगी। इस अवसर पर क्षेत्र के हद्यरोग बच्चों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शिविर का लाभ लेने की अपील बकोड़ा सरपंच श्रीमती पुष्पा श्रीराम नागेश्वर, बेलगांव सरपंच अरविंद पंचेश्वर ने की है।

## स्वामी विवेकानंद के मार्गदर्शन पर चले युवा - किशोर

### महाविद्यालय में ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश कार्यक्रम का हुआ आयोजन





**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** नगर मुख्यालय स्थित शासकीय महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद जी की जन्म जयंती के अवसर पर म.प्र. जन अभियान परिषद लालबर्रा के द्वारा रविवार को ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जनपद उपाध्यक्ष किशोर पालीवाल के मुख्य आतिथ्य, मुख्य वक्ता ललित ऐड़े जिला संयोजक स्वदेशी जागरण मंच बालाघाट, विभव बिसेन के विशिष्ट आतिथ्य एवं ब्लाक समन्वयक श्रीमती बैजंती कटरे की अध्यक्षता में प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने सर्वप्रथम माँ भारती, युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर गीत, भाषण एवं स्वच्छता पर्यावरण संरक्षण पर नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद उपाध्यक्ष किशोर पालीवाल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत थे और इन्हीं के मार्गदर्शन पर आज के युवा कार्य करें तो निश्चित ही हमारा भारत देश विकसित भारत होगा और इस ओर हमारी सरकारें भी कार्य कर रही है। साथ ही यह भी कहा कि आज महिला सशक्तिकरण का जो कार्य आजीविका मिशन के द्वारा किया जा रहा है वह बहुत प्रशंसनीय है। आज सभी क्षेत्रों में महिलाओं की उपस्थिति होते जा रही है इससे हमारे भारतीय समाज का कायाकल्प होगा। वहीं मुख्य वक्ता ललित एडे ने कहा कि स्वदेशी जागरण मंच लोगों के बीच स्वदेशी वस्तुओं को बनाने एवं उपयोग करने के लिए हमेशा प्रेरित करते रहता है वह इसलिए कि हम आत्मनिर्भर बन सके और स्वावलंबी बने। ब्लाक अध्यक्ष श्रीमती बैजंती कटरे ने उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का मंच संचालन चैनलाल चौधरी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुकेश गाडेश्वर, पार्वती नागफासे, चंद्रकुमार बसेने, राजेश बागडे, सेवकराम तुरकर, तेजेंद्र बिसेन, विकास पटले, रूपसिंह धुर्वे, गुलाबसिंह धुर्वे, छमेश्वरी ठाकरे, उमेश्वरी भगत, दीप्ति ऐडे, उमाशशि टेंभरे, लता कंचनवार, दामेंद्र प्रसाद हरिनखेडे, महेंद्र कटरे, प्रेमबती उईके, निकिता गोयल, रितु बिसेन एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# मनरेगा मेट संघ की बैठक हुई, आंदोलन की रणनीति बनी

### बैठक में काम करने में आ रही परेशानियों सहित अन्य बिन्दुओं पर की गई चर्चा

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** नगर मुख्यालय के सांदीपनी स्कूल के सामने स्थित सामुदायिक भवन में सोमवार को मनरेगा मेट संघ तहसील लालबर्रा की बैठक संपन्न हुई। यह बैठक संघ के जिलाध्यक्ष चुन्नीलाल चौधरी, प्रदेश सहसचिव चंद्रकला टेम्भुरने, ब्लाक अध्यक्ष मनोज कटरे के प्रमुख आतिथ्य में प्रारंभ हुई। आयोजित बैठक में मनरेगा मेटों को पंचायत में काम करने में आ रही परेशानी, मानदेय बहुत कम मिलने सहित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की गई। वहीं इस बैठक में मनरेगा के तहत लागू होने वाली नई व्यवस्थाओं में मेटों के हितों की रक्षा करने एवं मनरेगा मेटों को कुशल श्रमिक का दर्जा देकर प्रतिमाह एक निश्चित वेतन दिये जाने की मांग सरकार से की है। वहीं उक्त मांगे पूरी जल्द पूरी नही होने पर प्रदेश एवं केन्द्र स्तर पर आंदोलन करने की रणनीति भी तैयार की गई है। बैठक में उपस्थित मेट संघ के पदाधिकारी एवं मेटों ने कहा कि हम लोग पंचायत में मनरेगा योजना के तहत होने वाले विभिन्न निर्माण कार्य सहित पंचायत के अन्य कार्य करते है। लेकिन सभी को काम नही मिलने एवं मानदेय भी पर्याप्त नही मिलने से जीविकापार्जन करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही यह भी कहा कि सरकार के द्वारा मनरेगा के तहत लागू होने वाली नई व्यवस्थाओं में हमारे हितों को ध्यान में रखना चाहिए ताकि हमें 12 माह काम के साथ ही प्रतिमाह एक निश्चित वेतन प्रदाय किया जा सके। आगे कहा कि हम लोगों के द्वारा लंबे समय से 12 माह काम दिये जाने के साथ ही मानदेय बढ़ाने की मांग की जा रही है लेकिन सरकार के द्वारा हमारी मांगों की ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। इसलिए आगामी समय में प्रदेश एवं केन्द्र स्तर पर आंदोलन कर सरकार से लंबित मांगों को पूरा करवाने की मांग की जायेगी। इस अवसर पर मनरेगा मेट संघ सचिव जितेन्द्र डोरस, उपाध्यक्ष रामेश्वर कावरे, महिला उपाध्यक्ष श्रीमती तेजेश्वरी बंसोड़, श्रीमती चंद्रकला टेंभुरने, दीपमाला ठाकरे, बबिता मड़ावी, मालन मोहारे, सीता मोहारे, उमेश्वरी भगत, ज्ञानवंती नगपुरे, यशोदा पंचेश्वर, बैद्यराज पंचेश्वर, अंजू सहारे सहित बड़ी संख्या में मेटसाथी उपस्थित रहे।





**मांगे पूरी नही होने पर करेंगे आंदोलन - चुन्नीलाल**

मनरेगा मेट संघ जिलाध्यक्ष चुन्नीलाल पारधी ने बताया कि वर्ष 2006 से पुरूष और 2021 से महिलाओं की नियुक्ति मेट के रूप में की गई है, लेकिन आज तक हमें सम्मानजनक मानदेय प्राप्त नहीं हुआ है। साथ ही 12 माह काम भी नही मिल रहा है जिसके कारण सभी को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि लंबे समय से सरकार से हमें नियमित रोजगार देने के साथ ही प्रतिमाह एक निश्चित वेतन दिये जाने की मांग की जा रही है। लेकिन उसे पूरा नही किया जा रहा है जिससे सभी में सरकार के प्रति आक्रोश व्याप्त है। श्री पारधी ने बताया कि बैठक में मेटों को पंचायत में काम करने में आ रही परेशानी सहित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की गई है और सरकार के द्वारा मनरेगा के तहत लागू होने वाली नई व्यवस्था में कुछ परिवर्तन कर सकती है इसलिए हमारी मांग है कि इस नई व्यवस्थाओं में मेंटों के हितों को भी ध्यान में रखा जाये और बैठक में 12 माह काम एवं प्रतिमाह एक निश्चित वेतन दिये जाने की मांग को लेकर आगामी समय में प्रदेश एवं केन्द्र स्तर पर आंदोलन किया जायेगा जिसकी रणनीति तैयार की गई है।

## नेवरगांव वा. मरार माली समाज सर्किल अध्यक्ष बने दिलीप कावरे

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत नेवरगांव वा. निवासी रतिराम खरे के निवास स्थान में रविवार को मरार माली समाज सर्किल नेवरगांव (वा.) की निर्वाचन बैठक संपन्न हुई। यह बैठक पर्यवेक्षक संतोष पंचेश्वर सरपंच नेवरगांव ला., कैलाश मात्ते ब्लॉक अध्यक्ष लालबर्रा, दिनेश मरार महामंत्री एवं वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता एवं मार्गदर्शक



भाऊराम गाड़ेश्वर की उपस्थिति में प्रारंभ हुई। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने महात्मा ज्योतिबाराव फुले, माता सावित्रीबाई फुले के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। आयोजित बैठक में मरार माली समाज सर्किल नेवरगांव (वा.) की निर्वाचन, समाजोत्थान सहित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की गई और नवीन कार्यकारिणी का गठन कर दिलीप कावरे को सर्वसम्मति से मरार माली समाज सर्किल नेवरगांव (वा.) का अध्यक्ष, मानकराम तामेश्वर को सचिव नियुक्त किया गया है। इसी तरह रामाजी मात्ते को उपाध्यक्ष, रतिराम खरे को कोषाध्यक्ष, मिश्रीलाल मानेश्वर को सहसचिव, डालेन्द्र मरठे, श्रीमती मनीषा खरे, श्रीमती भागवंती माने, श्रीमती सुनिता माने, मानिक आचरे, डुलीराम तामेश्वर, नरेश कावरे को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया है। मरार माली समाज सर्किल नेवरगांव (वा.) के नवनियुक्त अध्यक्ष दिलीप कावरे ने बताया कि जो दायित्व सौंपा गया है उसका ईमानदारी से निर्वहन कर सामाजिक बंधुओं को संगठित कर समाजोत्थान के क्षेत्र में बेहतर काम किया जायेगा। इस अवसर पर मरार माली समाज सर्किल नेवरगांव (वा.) के अंतर्गत आने वाले ग्रामों के ग्राम अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी एवं स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे।

# विभिन्न राज्यों के खिलाड़ी कर रहे उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन

## कायदी में ऑल इंडिया व्हालीबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन





**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।**

**वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कायदी के बाजार चौक में १९ जनवरी को ऑल इंडिया व्हालीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। यह प्रतियोगिता व्हालीबॉल टूर्नामेंट आयोजन समिति एवं संजय व्हालीबॉल क्लब कायदी सहित ग्रामवासी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की गयी। इसमें १८ जनवरी को एक दिवसीय जिला स्तरीय व्हालीबॉल प्रतियोगिता संपन्न की गई। वहीं १९ जनवरी से तीन दिवसीय ऑल इंडिया टूर्नामेंट प्रारंभ किया गया। विदित हो कि ग्राम कायदी में प्रतिवर्ष यह टूर्नामेंट आयोजित किया जाता है। जिसमें जिला और ऑल इंडिया दोनों स्तर पर प्रतियोगिता होती है। इस वर्ष भी जिला स्तर पर जिले के विभिन्न स्थानों से टीमों ने भाग लिया तो वही ऑल इंडिया में विभिन्न राज्यों से टीम आई है। जिसके खिलाड़ी अपना उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर रहे हैं। इस अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में लोगों से उपस्थित होकर खेल का आनंद लेने की अपील आयोजन समिति ने की है।**

### बालाघाट को हराकर कायदी बनी विजेता

कायदी में ऑल इंडिया व्हालीबॉल प्रतियोगिता के पूर्व १८ जनवरी को एक दिवसीय जिला स्तरीय व्हालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थित अतिथियों के द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना करने के उपरांत प्रतियोगिता प्रारंभ की गई। जिसमें जिला स्तर पर ग्राम खैरी ,खैरलाँजी, मुरझड ,वारासिवनी, बालाघाट, लालबर्रा, कोसमी बालाघाट, स्कूल टीम कायदी, कायदी ए, कायदी बी , कायदी सी टीम ने भाग लिया। इन टीमों के मध्य सात लीग मैच नाकआउट राउंड खेले गये। जिसमें चयनित चार टीमों के मध्य सेमीफ़ाइनल खेला गया। जिसमें पहला सेमीफाइनल स्कूल टीम कायदी और बालाघाट के बीच हुआ जिसमें बालाघाट विजयी रहा। वहीं दूसरा सेमीफ इनल कायदी ए और संजय क्लब के बीच खेला गया जिसमें कायदी ए विजय रहा। अंतिम में बालाघाट और कायदी ए के मध्य फ इनल मैच खेला गया जिसमें बालाघाट को कड़ी टक्कर देते हुए कायदी ए ने विजय हासिल की। इस प्रकार सभी मुकाबले काफी संघर्ष भरे रहे जिसमें लगातार खिलाड़ी पॉइंट प्राप्त करने संघर्ष करते नजर आए। तो वहीं बेहतर व्हालीबॉल का प्रदर्शन खिलाड़ियों के द्वारा किया गया। जिसका उपस्थित दर्शकों ने जमकर आनंद लिया वहीं खिलाड़ी भी काफी उत्साहित नजर आते रहे।

### ऑल इंडिया टूर्नामेंट प्रारंभ

जिला स्तरीय व्हालीवाल प्रतियोगिता के उपरांत १९ जनवरी से ऑल इंडिया टूर्नामेंट्स प्रारंभ किया गया है। जिसका समापन २१ जनवरी को रात्रि में किया जायेगा। इस दौरान देश के विभिन्न राज्य जैसे राजस्थान, आजमगढ़ ,उत्तर प्रदेश, पंजाब सांई, गुजरात आयकर विभाग, बिलासपुर छत्तीसगढ़, झांसी उत्तर प्रदेश एवं कायदी मध्य प्रदेश की टीम ने उपस्थित होकर पंजीयन करवाया हैं। वहीं प्रयागराज उत्तरप्रदेश,चेन्नई तमिलनाडु, पुणे आयकर विभाग महाराष्ट्र राज्य की टीम आने की संभावना व्यक्त की जा रही है। किंतु टूर्नामेंट प्रारंभ कर दिया गया है जिसमें पहला मुकाबला आजमगढ़ उत्तर प्रदेश और गुजरात आयकर विभाग के मध्य खेला गया। वहीं दूसरा मुकाबला राजस्थान और पंजाब सांई के मध्य खेला जाएगा। इसके बाद २० जनवरी की सुबह से विभिन्न टीम के बीच मुकाबला होंगे और २१ जनवरी की रात तक फाइनल खेला जाएगा। ऐसे में ग्रामीणों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है तो वहीं क्षेत्र के लोग खेल देखने के लिए ग्राम में आ रहे हैं। जहां लोगों को राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तरीय खिलाड़ियों को एवं उनके खेल को देखने का मौका मिल रहा है।

### युवाओं को खेल से जोड़ना आयोजन का हैं उद्देश्य

आयोजकों ने बताया कि ग्राम पंचायत कायदी में ऑल इंडिया व्हालीबॉल प्रतियोगिता पिछले ८ वर्षों से आयोजित की जा रही है। टूर्नामेंट का यह ९ वां वर्ष है जिसमें देश के विभिन्न राज्य की टीम और उनके खिलाड़ियों के द्वारा ग्राम स्तर पर आयोजित यह टूर्नामेंट में अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया जाता रहा है। इस वर्ष भी चार राज्यों की ६ टीम ने प्रतियोगिता में भाग लिया है और तीन राज्यों की टीम पहुंचने की संभावना है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी यह आयोजन भव्य रखा गया है। इस प्रकार की खेल प्रतियोगिता आयोजन के पीछे युवाओं को खेल से जोड़ना और उन्हें राष्ट्रीय और राज्य स्तर के खिलाड़ियों का मार्गदर्शन दिलाकर प्रेरित करना है कि वह भी ग्राम का नाम रोशन कर सकते हैं। इस वर्ष भी बेहतर खिलाड़ी प्रतियोगिता में आए हुए हैं और एक अच्छी व्हालीबॉल देखने के लिए हर किसी को मिलेगी यही आशा के साथ यह कार्यक्रम हर वर्ष होता है। लोगों से अपील है कि वह आधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का आनंद ले।

# रविदास समाज की कार्यकारिणी में रमेश कनोजे बने ब्लॉक अध्यक्ष

## श्री सदगुरु रविदास समाज संगठन की बैठक संपन्न

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत वारा के तुमाड़ी मार्ग पर उपजेल के सामने स्थित परमात्मा एक भवन में १९ जनवरी को श्री सदगुरु रविदास समाज संगठन की बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक जिला अध्यक्ष राधेश्याम कनोजे, जिला कोषाध्यक्ष भैयालाल महोबे, जिला प्रचार मंत्री छबिलाल भोंडेकर, जिला महामंत्री लालदास बारेकर, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पटले सहित अन्य लोगो की उपस्थिति में प्रारंभ की गई। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थित जनों के द्वारा संत शिरोमणि रविदास महाराज को याद किया गया। तत्पश्चात समाज उत्थान एवं सामाजिक बंधु की प्रगति सहित सामाजिक एकता के विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। वहीं ब्लॉक कार्यकारिणी के गठन को लेकर भी विस्तृत चर्चा करने के उपरांत समाज संरक्षक प्रवीण खरोले, ब्लॉक अध्यक्ष रमेश कनोजे ,कार्यकारी अध्यक्ष राजेश पड़वार ,उपाध्यक्ष दीपक पड़वार ,अशोक बारेकर ,भागचंद मलेश्वर, युवराज कनोजे ,दिनेश खरोले ,सचिव धनवर पटले ,सह सचिव डूलेन्द्र झील्पे ,कोषाध्यक्ष विनोद खरोले ,संगठन मंत्री बसंत गौनेकर ,मोहित बिंझाडे ,प्रचार मंत्री प्रवीण मलाधारी ,मीडिया प्रभारी संजय पड़वार, महामंत्री धनेंद्र भोंडेकर ,राकेश भोंडेकर को बनाया गया। तत्पश्चात समाज के एकत्रीकरण संपर्क और संगठित करने पर विशेष जोर देते हुए ग्रामीण स्तर तक संगठन विस्तार करने पर चर्चा की जाती रही। चर्चा में नवनियुक्त अध्यक्ष रमेश कनोजे ने बताया कि मुझे यह जो समाज का दायित्व दिया गया है इसका निर्वाह ईमानदारी के साथ किया जाएगा। समाज के लोगों को जोड़ने जागरूक करने शिक्षित बनाने के लिए लगातार प्रयास किये जायेंगे। वहीं जिला अध्यक्ष राधेश्याम कनोजे ने बताया कि श्री सदगुरु रविदास समाज संगठन का गठन पूरे जिले में किया जा रहा है। यह दसवां ब्लॉक था यहां पर समाज संगठन की कार्यकारिणी का गठन किया गया है। वहीं सामाजिक विषयों पर भी चर्चा की गई है यह समाज संगठन को जगाने संगठित करने किया जा रहा है। ११ व्यक्ति की कार्यकारिणी बनाई गई है जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को रखा गया है । अब इनके द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में समाज को संगठित कर जगाने और आगे बढ़ाने सहित एकत्रित करने का संकल्प लिया गया है। जिला समिति और ब्लॉक समिति सभी के सहयोग से संगठन संचालित होगा। इस प्रकार समाज कार्यकारिणी गठन करने का उद्देश्य रविदास समाज के आज भी कई परिवार है जो शिक्षा आर्थिक स्थिति में पिछड़े हुए हैं। ऐसे समाज के लोगों को जोड़कर उन्हें उनके अधिकारों के लिए जागरुक किया जाएगा तभी समाज मजबूत होगा। इस अवसर पर दीनदयाल टांडेकर ,कृष्णा पटले ,भीमराज पटले ,संतोष बिंझाडे ,किशोर पड़वार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।




# नवेगांव तीन टोला में रामचरितमानस सम्मेलन का आयोजन २२ जनवरी को

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** खैरलांजी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम नवेगांव तीन टोला में रामचरितमानस सम्मेलन का आयोजन २२ जनवरी को किया जा रहा है। अयोध्या श्री राम प्राण प्रतिष्ठा एवं मंदिर निर्माण की प्रथम वर्षगांठ के शुभ अवसर पर ग्राम नवेगांव तीन में जनजागृति महिला चेतना मंच के द्वारा श्रीराम दीप महोत्सव कार्यक्रम २२ जनवरी २०२६ दिन गुरुवार किया जा रहा है । इस अवसर पर सुबह ८ बजे से विशाल नक्षत्र कलश यात्रा १२ बजे हवन पूजन, महाआरती और रात्रि ८ बजे से श्री रामचरित्र मानस सत्संग सरिता का आयोजन किया जा रहा है। समिति के पदाधिकारी ने बताया कि अयोध्या में मंदिर निर्माण की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर मानस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रथम पुरस्कार से लेकर ११वां पुरस्कार तक रखा गया है ,साथ ही विशिष्ट पुरस्कार के अंतर्गत विशिष्ट टीका,विशिष्ट गायन , वेशभूषा, विशिष्ट वादन सहित विशेष पुरस्कारों से सम्मानित किया जायेगा। इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील ग्राम वासियों ने की है।

# लावनी में ३१ जनवरी को होगा परमात्मा एक सेवकों का सेवक सम्मेलन आयोजित

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी/खैरलांजी।** खैरलाँजी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत लावनी में ३१ जनवरी को मानव धर्म के अनुयायियों का एक विशाल संगम होने जा रहा है। परमात्मा एक सेवक मंडल नागपुर के तत्वावधान में आयोजित यह सेवक सम्मेलन संपन्न होगा। इस आयोजन को लेकर मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के सीमावर्ती क्षेत्रों के सेवकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। आयोजक समिति के सदस्यों ने बताया कि यह सम्मेलन महानत्यागी बाबा जुमदेवजी के उन सिद्धांतों को समर्पित है जो मानव को अंधश्रद्धा व्यसनों और सामाजिक बुराइयों से मुक्त कर एक स्वस्थ और सुखमय जीवन जीने की राह दिखाते हैं। बाबा जुमदेवजी ने आजीवन गरीब अज्ञानी और शारीरिक मानसिक दुखों से पीड़ित मानवता की सेवा का संदेश दिया है। इसी जन जागृति अभियान को आगे बढ़ाने के लिए लावनी की इस पावन धरा पर सेवकों का यह सेवक सम्मेलन होने जा रहा है। इस सेवक सम्मेलन की अध्यक्षता परमात्मा एक सेवक मंडल नागपुर के अध्यक्ष रविन्द्र गायधने करेंगे। सेवक सम्मेलन के उद्घघाटक रमेश नकाते ,कार्यक्रम के संचालक योगेश रीनायत मार्गदर्शक हेटी एवं श्यामा कोबडे मार्गदर्शक विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। सेवक सम्मेलन के उपलक्ष में जिला स्तरीय प्रो ओपन कबड्डी का भी आयोजन किया गया है जिसमें २८ जनवरी से प्रारंभ होंगा एवं समापन २९ जनवरी को किया जाएगा । जिसका सुबह १० बजे से रात्रि ८ बजे तक आयोजन किया जाएगा एवं ३० जनवरी की रात्रि में बाबूसाहब गजभिये द्वारा कलापथक भजन की सुंदर प्रस्तुति दी जाएंगी।



# श्री श्री १००८ स्वामी अवधुत भगवान की स्मृति में संगीतमय राम कथा २१ जनवरी से प्रारंभ

पद्मेश न्यूज। वारासिवनी/खैरलांजी। ग्राम खुरसीपार में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी २१ जनवरी से २७ जनवरी तक सात दिवसीय कार्यक्रम संगीतमय श्रीराम कथा ज्ञानोपदेश प्रवचन का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम के प्रवचनकर्ता अनन्त विभूषित महामण्डलेश्वर, केशवपुर मठ पीठाधीश्वर स्वामी चिदम्बररानन्द सरस्वती महाराज,पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी मुम्बई होंगे। जिसमे प्रतिदिन बुधवार को शोभा यात्रा एवं रामकथा प्रारंभ, गुरूवार को नारदमोह, शुक्रवार रामजन्म, शनिवार रामविवाह, रविवार राम वनवास, भरत मिलाप, सोमवार सुंदरकाण्ड, मंगलवार रामराज्य अभिषेक, गौभोज, गोपाल काला, यज्ञ पूर्णाहूति, महाप्रसाद, बुधवार स्वामी महाराज को बिदाई दी जायेगी।

# इनायत संस्था का स्नेहिल समारोह सम्पन्न

## कवि सम्मेलन और सम्मान समारोह आयोजित





**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी/खैरलांजी।** इनायत साहित्यिक सामाजिक संस्था का वार्षिक स्नेहल सम्मेलन हर्षोल्लाहस के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान केसरबाई बिसेन,दीपक देशमुख,दुर्गेश पारधी ,अनिल मस्करे,धानुलाल सिंधराम, निखिलेश यादव,आलोक पाटिल, दीपक पुष्पतोडे, शारदा डहरवाल,अलका मेश्राम की मौजूदगी में संपन्न हुआ। जहां विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने पर पुरस्कार की तरफ से वितरित किए गये। जहां तिजुलाल मेश्राम अन्नदाता सम्मान २०२५, दिनेश गोकुलपुरे,मेखराम मसकरे, खिलेश देशमुख,धनराज भोंडे को सम्मान पत्र और नगद राशि देखकर सम्मानित किया गया। मेधावी छात्र सम्मान २०२५ से स्नेहा देवेंद्र पटले १२वीं ,स्वाति विनोद जामुनपाने १२वीं , चैतन्य लखन लाल लांजेवार दसवीं, लयश्री मोलेश भैरम दसवीं को सम्मान पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। रवि देशमुख समाज सेवी सम्मान २०२५ से शरद कुमार पांडे और अनिल देवेंद्र मदारकर को सम्मान पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। साहित्य सृजन सम्मान २०२५ से दिनेश देहाती,माधुरी किरण और कमलेश यादव को सम्मान पत्र एवं नकद राशि देकर सम्मानित किया गया । इसी प्रकार केवल राम कोल्ते श्रमवीर सम्मान २०२५ से हस्तकला ठाकरे ,दिलीप उईके , चंद्रशेखर नेवारे और तुलसीदास बोरकर को सम्मान पत्र एवं नगद राशि देकर सम्मानित किया गया । इसके बाद अखिल भारतीय कवि सम्मेलन प्रारंभ किया गया। जहां सर्वप्रथम मां सरस्वती की वंदना राष्ट्रीय कवित्री माधुरी किरण की सुमधुर आवाज में की गई । उसके बाद शैलेश इनायत के हास्य व्यंग पर श्रोताओं ने जमकर ठहाके लगाये। वीर रस के कवि निखिलेश यादव गोंदिया की कविताओं पर खूब वाहवाही मिली। हलचल बालाघाटी के गीत और मुक्तक खूब सराहे गए। कमलेश यादव की कविताओं पर श्रोताओं ने तालियां के माध्यम से खूब प्यार दिया। बालाघाट की कवित्री की शानदार आवाज और सुंदर प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। नीरज सनोडिया के किसान वाले गीत पर श्रोताओं ने खूब सराहा। संजय अश्क के मुक्तक और समसामयिक रचनाओं ऐसा जंगलराज की जंगल भी नहीं सुरक्षित है, सिर्फ हवा और पानी ही नहीं,मानसिकता तक दुषित है पर खूब वाहवाही मिली। अंत में बेहतरीन संचालन करते दिनेश देहाती ने श्रोताओं को खूब हंसाया। कार्यक्रम में अतिथियों और कवियों का आभार शैलेश पारधी ने माना।

# कैरियर हायर सेकेण्डरी स्कूल में युवा सप्ताह का हुआ समापन

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** स्थानीय कैरियर हायर सेकेण्डरी स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा १२ जनवरी से आयोजित युवा सप्ताह का आज समापन हो गया। इस समापन अवसर पर स्कूल संचालक प्राचार्य निरंजन बिसेन के द्वारा माँ सरस्वती एवं प्रतीक पुरूष स्वामी विवेकानन्द के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया गया। इसके पश्चात् वैशाली पथिक एवं मानसी हेड़ाऊ के द्वारा माँ सरस्वती की वंदना का गायन किया गया। इस अवसर पर स्कूल संचालक प्राचार्य निरंजन बिसेन के द्वारा आयोजित सभा को संबोधित करते हुए स्वामी के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला गया एवं उपस्थित स्वंय सेवकों, छात्र छात्राओं से स्वामी के सिद्धांतों को आत्मसात करते हुए भारत देश के विकास में सहभागिता करने के लिए प्रेरित किया गया। उल्लेखनीय है कि इस युवा सप्ताह में निबंध, देश भक्ति गीत, भाषण, चित्रकला, रांगोली, नारालेखन सहित अनेक प्रतियोगितायें संपन्न करायी गई तथा स्वच्छता कार्य भी किया गया। समारोह में आयोजित प्रतियोगिताओं का सफल संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी राकेश कुमार मिश्रा के द्वारा किया गया। समारोह को सफल बनाने में स्वंय सेवकों सेविकाओं सहित विद्यालय परिवार का विशेष योगदान रहा।

# कटंगी महाविद्यालय में 103 छात्रों के बने लर्निंग लाइसेंस

## 78 छात्र एवं 25 छात्राओं ने पाया लायसेंस

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** जिले में इन दिनों संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत केंद्र एवं राज्य शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला परिवहन विभाग द्वारा महाविद्यालयों में विशेष कैम्प लगाकर विद्यार्थियों के लर्निंग/ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जा रहे हैं। जिला परिवहन अधिकारी श्री अनिमेष गढ़पाल ने बताया कि अभियान के तहत गुरुवार एवं शुक्रवार को कटंगी महाविद्यालय में विशेष कैम्प आयोजित किया गया, जिसमें कुल 103 लर्निंग लाइसेंस बनाए गए। इनमें 78 छात्राएं एवं 25 छात्र शामिल रहे। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में भी महाविद्यालयों में इसी प्रकार के कैम्प आयोजित किए जाएंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार मलाजखंड महाविद्यालय में 21 से 23 जनवरी 2026, बैहर महाविद्यालय में 27 से 28 जनवरी 2026 तथा लामता महाविद्यालय में 29 से 30 जनवरी 2026 तक विशेष कैम्प लगाए जाएंगे। इसके अलावा जिले के सभी महाविद्यालयों से समन्वय कर चरणबद्ध तरीके से शेड्यूल तैयार किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को इसका लाभ मिल सके। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि अभियान के अंतर्गत छात्राओं के लिए लर्निंग लाइसेंस निःशुल्क बनाए जा रहे हैं, जबकि छात्रों के लिए 274 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। इस पहल से विद्यार्थियों को सरल एवं त्वरित रूप से लाइसेंस की सुविधा मिल रही है, जिससे उनमें यातायात नियमों के प्रति जागरूकता भी बढ़ रही है।



**आवश्यकता है**
वारासिवनी कार्यालय में
केबल में कार्य हेतु
लड़कों की
आवश्यकता है
स्थानीय या आसपास रहने वालों को प्राथमिकता
- संपर्क करें -
पद्मेश सिटी केबल
बस स्टेण्ड, वारासिवनी

## बालाघाट एक्सप्रेस

### संपादकीय

**सत्य एक व्रत की तरह है**

सत्यमेव व्रतं यस्य दया दीनेषु सर्वदा।
कामक्रोधौ वशे यस्य स साधुः - कथ्यते बुधैः।।




आठ यूरोपीय देशों पर टैरिफ लगाकर ट्रंप ने जाहिर किया है कि वह ग्रीनलैंड पर अमेरिकी कब्जे को लेकर किस कदर गंभीर हैं। आर्कटिक क्षेत्र में जिस तरह से महाशक्तियों के हित गुंथे दिख रहे हैं, उसमें देखना होगा कि कहीं हम शीतयुद्ध के अगले दौर की तरफ तो नहीं बढ़ रहे?

# ग्रीनलैंड और ट्रम्प के इरादे

वेनेजुएला पर अमेरिकी हमले पर बहस अभी थमी भी नहीं थी कि अब ग्रीनलैंड पर अमेरिकी नियंत्रण को लेकर डोनाल्ड ट्रंप जिस तरह से आमादा दिख रहे हैं, उससे अंतरराष्ट्रीय राजनीति में तो हलचल मची ही है, आधुनिक वैश्विक राजनीति में भी एक नए किस्म के उपनिवेशवाद पर चर्चा ने जोर पकड़ लिया है। ट्रंप टैरिफ को अपना पसंदीदा शब्द कहते हैं और इसका उपयोग करते हुए उन्होंने ग्रीनलैंड पर अमेरिकी कब्जे का विरोध करने वाले आठ यूरोपीय देशों पर आगामी एक फरवरी से दस फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी दी है। ट्रंप पहले भी कई बार ग्रीनलैंड पर नियंत्रण की बात कह चुके हैं और पिछले वर्ष तो उन्होंने इस क्षेत्र के लिए एक विशेष दूत की नियुक्ति भी की थी। दरअसल, इस क्षेत्र में ट्रंप की बढ़ती रुचि की वजहें भूराजनीतिक होने के साथ सामरिक व आर्थिक भी हैं। ग्रीनलैंड आर्कटिक क्षेत्र के केंद्र में स्थित एक द्वीप है, जो डेनमार्क के

अधीन रहते हुए कई तरह की स्वायत्तता रखता है। रूस इस क्षेत्र में नए सैन्य अड्डे बना रहा है, जबकि चीन भी खुद को आर्कटिक की ही नजदीकी शक्ति साबित करने पर तुला है। यह भी माना जाता है कि दुनिया के एक-चौथाई दुर्लभ खनिज इसी क्षेत्र में हैं। वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए ये खनिज बहुमूल्य हैं, क्योंकि इनका उपयोग इलेक्ट्रिक कारों से लेकर सैन्य उपकरणों तक के निर्माण में होता है। यह कोई छिपी बात नहीं है कि दुर्लभ खनिजों के मामले में चीन पूरी दुनिया में सबसे आगे है। उसका ग्रीनलैंड की खनन कंपनियों में निवेश तो है ही, पिछले कई साल से वह ग्रीनलैंड में अपनी उपस्थिति सशक्त बनाने की भी कोशिश कर रहा है और अमेरिका पर दबाव भी बना रहा है। नैतिक और संप्रभुता संबंधी चिंताएं महत्वपूर्ण हैं, लेकिन इन स्थितियों में अमेरिका का ग्रीनलैंड को अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जरूरी मानना अतार्किक नहीं कहा जा सकता। ऐसा मानने वाले ट्रंप कोई पहले अमेरिकी राष्ट्रपति नहीं हैं। उनसे पहले भी कई अमेरिकी राष्ट्रपतियों ने इसका समर्थन किया है, यह दीगर बात है कि वे आगे बढ़ नहीं सके। ट्रंप विशुद्ध व्यापारी सोच वाले व्यक्ति हैं, लेकिन व्यापार आदर्शवाद से नहीं चलते। अपनी यही सोच वह अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर भी लागू कर रहे हैं। व्यापार और अर्थव्यवस्था हमेशा से ही कूटनीति के प्रभावी औजार रहे हैं, जिनका ट्रंप भरपूर इस्तेमाल कर रहे हैं। ग्रीनलैंड के मुद्दे पर भी ट्रंप के इरादे और घोषणाएं नेतृत्व की उसी शैली को दर्शाते हैं, जिसके लिए वह जाने जाते हैं। अमेरिका के हितों के लिहाज से हो सकता है कि वह सही हों, लेकिन आज की जुड़ी हुई दुनिया में विश्व का सबसे ताकतवर देश सिर्फ और सिर्फ खुद के हित के बारे में सोचे, तो यह वैश्विक व्यवस्था के लिए सुसंकेत नहीं है।

# डिजिटल अरेस्ट : निर्णायक प्रहार का वक्त

**-विराग गुप्ता ( सुप्रीम कोर्ट के वकील )**

कानूनी एजेंसियों के नाम पर डिजिटल अरेस्ट करके ठगी करने के मामले आए दिन बढ़ते जा रहे हैं, जिसकी तस्दीक न सिर्फ सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश, बल्कि एनसीआरबी व गृह मंत्रालय के आंकड़े भी करते हैं। अब समय आ गया है कि साइबर अपराध और डिजिटल अरेस्ट की जड़ों पर प्रहार हो।

सीबीआई और जजों के नाम पर बुजुर्गों को डिजिटल अरेस्ट करने वाले अपराधियों का हौसला लगातार बढ़ता जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा ने भरी अदालत में खुलासा किया कि साइबर ठगों ने उन्हें फर्जी ट्रैफिक चालान के जाल में फंसाने की कोशिश की, लेकिन वह बच गए। जज के साथ ठगी की कोशिश सुनामी की तरह सभी के लिए बड़ी चेतावनी है।

पिछले साल दिल्ली में 73 साल के सेवानिवृत्त बैंक कर्मी को डिजिटल अरेस्ट करके 23 करोड़ रुपये की साइबर ठगी हुई थी। उसके बाद अमेरिका से भारत वापस आई 77 साल की महिला डॉक्टर के साथ 14.85 करोड़ रुपये की और अब नए साल में 70 साल की बुजुर्ग महिला को डिजिटल अरेस्ट करके सात करोड़ रुपये से ज्यादा की ठगी हुई है। ठगी के 22 करोड़ रुपये के इन दो मामलों में अभी तक 4.89 करोड़ रुपये ही जब्त हो सके हैं। शुरुआती जांच के अनुसार, सिर्फ इन दो मामलों में ही छह से सात चरणों में फैले 5,500 म्यूल, यानी फर्जी खातों, के माध्यम से पैसा अपराधियों तक गया है।

कानून से डरने वाले पढ़े लिखे बुजुर्ग और सेवानिवृत्त लोग डिजिटल अरेस्ट का ज्यादा शिकार हो रहे हैं। अधिकांश बड़ी रकम होती है। कई मामलों में डाउनलोड करवाकर पैसों का जुगाड़ डिजिटल अरेस्ट में पुलिस और कोर्ट मामलों में बुजुर्गों के बैंक खातों में मोबाइल में लोन देने वाले एप्स को करने के भी मामले सामने आए हैं। के नाम पर धमकाया जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल डिजिटल अरेस्ट के मामलों का स्वत: संज्ञान लिया था। उस मामले में एक दिसंबर को जारी आदेश के अनुसार, साइबर ठगी के सभी तरह के मामलों का प्रकोप बढ़ रहा है। इसलिए, डिजिटल इंडिया में अपराध के नए आयाम से जुड़े सभी पहलुओं को एकजुट नजरिये से देखने की जरूरत है।

डिजिटल अरेस्ट की सबसे बड़ी वजह लोगों के डाटा का खुले बाजार में कौड़ियों के भाव बिकना है। जब मोबाइल नंबर, आधार, इंटरनेट सर्च और बैंक खातों से जुड़ी जानकारी अपराधियों के पास होती है, तो पुलिस, सीबीआई या जज बनकर लोगों को डराना बहुत आसान हो जाता है। इसे दुरुस्त करने के लिए संसद से साल 2023 में पारित डाटा सुरक्षा कानून को तुरंत लागू करने की जरूरत है।

भारत के किसी भी कानून में डिजिटल अरेस्ट का प्रावधान नहीं है। वीडियो कॉल से पूछताछ, जांच या गिरफ्तारी का वारंट देने का भी कोई नियम नहीं है। उसके बावजूद, ठग पुलिस, सीबीआई, ईडी, कस्टम, इनकम टैक्स या नारकोटिक्स अधिकारी की यूनिफॉर्म पहनकर लोगों को वीडियो कॉल करते हैं। नकली सरकारी आईडी कार्ड से लैस ठग डराने के लिए बैंकग्राउंड में पुलिस स्टेशन या अदालत जैसे दिखने वाले स्टूडियो का इस्तेमाल




करते हैं। डिजिटल अरेस्ट में पार्सल या कूरियर में ड्रग्स, बैंक खाते में गलत ट्रांजेक्शन, मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप जैसे ठगी के तरीके ज्यादा प्रचलित हैं। सरकारी रोब दिखाकर पीड़ित व्यक्ति को मानसिक तौर पर तोड़ने और डराने के लिए डिजिटल गिरफ्तारी का पूरा स्वांग रचा जाता है। ई-मेल और कॉल के जरिये गतिविधियों को ट्रैक करने वाले सॉफ्टवेयर को मोबाइल फोन में इंस्टॉल करवाकर बुजुर्ग और महिलाओं को आतंकित करने के मामले भी आए हैं।

ठग अंतरराष्ट्रीय कॉल करने के लिए अवैध सिम बॉक्स का उपयोग करते हैं। इससे विदेश से आने वाली कॉल पीड़ित के फोन पर भारतीय नंबर के रूप में दिखाई देती है। सरकारी खाते बता कर जिन खातों में पैसे ट्रांसफर करवाए गए, वे जनधन या किराये में लिए गए गरीब लोगों के बैंक खाते होते हैं। कई राज्यों में फैले अपराधियों के नेटवर्क के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई में विलंब का फायदा उठाकर साइबर ठगी की रकम क्रिप्टो करेंसी, गेमिंग एप या हवाला के जरिये कंबोडिया, वियतनाम और लाओस जैसे देशों में बैठे साइबर अपराधियों के पास ट्रांसफर हो रही है। इस मर्ज को ठीक करने के लिए फर्जी सिम कार्ड और बोगस बैंक खातों के लिए टेलीकॉम कंपनियां, यूपीआई प्लेटफॉर्म और बैंकों की आपराधिक जवाबदेही तय होनी चाहिए। साथ ही, आईटी नियमों के तहत शिकायत और अनुपालन (कंप्लायंस) अधिकारियों का विवरण सार्वजनिक नहीं करने वाली एक्स और ग्रोक जैसी तकनीकी कंपनियों की सेफ हार्बर की कानूनी सुरक्षा खत्म होनी चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद केंद्र सरकार ने इस मामले में वित्त, गृह, विदेश, आईटी मंत्रालय, सीबीआई तथा रिजर्व बैंक के अधिकारियों वाली एक उच्चस्तरीय समिति का गठन करके निर्णायक प्रहार का संकल्प लिया है, लेकिन साइबर अपराधों की प्राथमिकी राज्य पुलिस थानों में दर्ज होती है। इसलिए, इस समिति को सफल बनाने के लिए राज्य सरकारों का प्रतिनिधित्व जरूरी है। दिल्ली की जिला अदालत ने ठगी के मामले में अग्रिम जमानत देने से मना करने के साथ ही कहा है कि साइबर अपराधों की बाढ़ से सामाजिक और आर्थिक संरचना को बुरी तरह से नुकसान पहुंच रहा है।

आरबीआई के 2017 के नियमों के अनुसार, राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग के नए फैसले के अनुसार ठगी की रकम 10 दिन में बैंक को लौटानी चाहिए, ताकि पीड़ितों को अदालतों के चक्कर न लगाने पड़ें। गृह मंत्रालय की नई एसओपी के अनुसार, 50 हजार रुपये से कम की ठगी के मामलों में अदालत के आदेश के बगैर ही रिफंड दिया जा सकता है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के अनुसार, 2021 से 2023 के बीच लगभग 2.05 लाख साइबर अपराध के मामलों में एफआईआर दर्ज हुई, जबकि केंद्रीय गृह मंत्रालय की हेल्पलाइन में 2022 से 2024 के दौरान लगभग 48.93 लाख मामले दर्ज किए गए। गृह मंत्रालय के आईफोरसी के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले छह सालों में भारतीयों के 52,976 करोड़ रुपये साइबर अपराध में ठगे गए हैं।

हकीकत यह है कि करोड़ों लोगों के साथ खरबों रुपयों की साइबर धोखाधड़ी हो रही है, पर ऐसे अनेक मामलों में एफआईआर तक दर्ज नहीं हो पाती। ऐसे में, असली अपराधी पुलिस की गिरफ्त से बाहर रहते हैं। नए आपराधिक कानूनों के अनुसार साइबर अपराध से जुड़े सभी मामलों में एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। इससे समस्या की विकरालता का पता चलने के साथ ठगी के मामलों को रोकने और लोगों को रकम वापसी के प्रयास तेज हो सकेंगे।




## माता अमृतानंदमयी

*जैसे कोई फिल्म देखते समय हम जानते हैं कि यह केवल फिल्म है, तभी उसका आनंद ले पाते हैं, उसी तरह जीवन को भी एक दिव्य लीला की तरह देखें। उससे पहचान न बनाएं, बल्कि उसे समझें।*

## जीवन के हर पल का आनंद उठाएं

*जीवन का सबसे गहन और मूल्यवान पाठ यही है कि संसार में रहते हुए भी उससे बंधना नहीं है। कर्म करें, पर कर्म का बोझ न ढोएं। जीवन में हम सबको कर्म करना है, पर यह भी ध्यान रहे कि हमें उससे बंधे नहीं रहना है। जो भी करना है, उसे पूरे प्रेम और समर्पण से करें, फिर उसे ईश्वर को अर्पित कर आगे बढ़ जाएं। एक कर्म पूरा हुआ, तो उसे छोड़ दें। दूसरा आया, उसे अपनाएं, पर उससे चिपके न रहें। जीवन यात्रा में अतिरिक्त बोझ रास्ते को कठिन बना देता है, ठीक उसी तरह अनावश्यक इच्छाएं, असंयमित सपने और मोह हमारी आत्मा को थका देते हैं।*

*इतिहास साक्षी है कि बड़े-बड़े राजा और विजेता भी अंत समय में शांति नहीं पा सके, क्योंकि उन्होंने जीवन भर धन, सत्ता, संबंधों, और सबसे बढ़कर अहंकार का संग्रह किया। सिकंदर महान ने संसार का बड़ा भाग जीत लिया, पर मृत्यु के सामने वह भी विवश था। उसकी अंतिम इच्छा थी कि ताबूत में दोनों ओर छेद बनाकर उसके दोनों हाथ बाहर निकाले जाएं और हथेलियां खुली रखी जाएं, ताकि संसार देख सके कि जो सारे विश्व पर कब्जा जमाना चाहता था, संसार से खाली हाथ विदा ले रहा है। वह अपना शरीर भी साथ न ले जा सका। इसलिए, मृत्यु के द्वार पर वही व्यक्ति शांत होता है, जिसने जीवन में निर्लिप्तता, यानी सांसारिक मोहमाया से दूर रहने की कला सीख ली हो। जीवन भर जो कुछ भी हम कमाते हैं, वह यहीं छूट जाता है। जब यह शरीर ही साथ नहीं जाता, तो फिर किसी चीज की लालसा रखने का क्या अर्थ है? निर्लिप्तता जीवन से भागना नहीं, बल्कि जीवन को सही दृष्टि से देखना है। लिप्तता मन पर भार डालती है, निर्लिप्तता उस भार को उतार देती है। जितना बोझ बढ़ता है, उतना ही तनाव बढ़ता है और जितना बोझ उतरता है, उतनी ही शांति गहराती है। निर्लिप्तता अपने आप नहीं आती, उसके लिए जागरूकता चाहिए। जागरूकता से संकल्प जन्म लेता है, और संकल्प से आंतरिक स्वतंत्रता। आज मनुष्य का मन नकारात्मक विचारों से भरा है, इसलिए भीतर कहीं न कहीं मुक्ति की पुकार भी है। हम सब यात्री हैं। जैसे रेल या बस में मिलने वाले सहयात्री हमारे साथ कुछ दूर तक ही होते हैं, वैसे ही जीवन में मिलने वाले लोग, स्थान और परिस्थितियां भी। प्रेम करें, सीखें, उसे बांटें, पर यह भी स्मरण रहे कि एक दिन इस दुनिया से विदा होना ही है। जब यह स्मृति भय नहीं, बोध बन जाए, तो हर क्षण आपको सही दिशा दिखाएगी। जब आप सच में अनासक्त होते हैं, तो जीवन ही नहीं, मृत्यु के भी साक्षी बन जाते हैं। जैसे कोई फिल्म देखते समय हम जानते हैं कि यह केवल फिल्म है, तभी उसका आनंद ले पाते हैं, उसी तरह जीवन को भी एक दिव्य लीला की तरह देखें। उससे पहचान न बनाएं, बल्कि उसे समझें।*

### सूत्र - त्याग करना सीखें

*संसार एक रंगमंच है, जहां हमें केवल अपना सर्वश्रेष्ठ अभिनय करना है, कहानी का नायक नहीं बनना। जब हम कर्म को कर्तव्य मानकर ईश्वर को सौंप देते हैं, तो चित्त भारी नहीं होता। संग्रह अहंकार को बढ़ाता है, जबकि त्याग आत्मा को शुद्ध करता है। इसलिए, अपनी ऊर्जा वस्तुओं को बटोरने में नहीं, बल्कि स्वयं को जानने में लगाएं।*

## मुद्दा

# सड़क सुरक्षा बने एक जन आंदोलन

**-सुभाष नागपाल**

सड़क सुरक्षा लंबे समय से उपेक्षित विषय रहा है। अब जरूरी है कि सड़क सुरक्षा को हर सड़क, हर शहर और हर गांव तक पहुंचाया जाए।

आचार्य दीप चंद भारद्वाज के अनुसार, सूर्य के उत्तरायण होने का प्रतीकात्मक अर्थ है-अंधकार से प्रकाश की ओर यात्रा। सड़क दुर्घटनाओं के संदर्भ में हम इसे वर्षों से छाया घना कोहरा छंटने की शुरुआत मान सकते हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा दिसंबर, 2025 में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ की गई सड़क सुरक्षा समीक्षा बैठक इस बात का स्पष्ट संकेत है कि अब सड़क सुरक्षा को केवल औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि परिणाम-आधारित मिशन के रूप में आगे बढ़ाया जाएगा।

सड़क दुर्घटनाओं की लगातार बढ़ती संख्या यह बताती है कि वर्तमान स्थिति में समस्त प्रदेश की सरकारों को कड़े प्रयास करने होंगे। जागरूकता, एवं सड़क इंजीनियरिंग से पहले एक कुशल सरकार ही सुरक्षा, नियमों का पालन, उसके लिए प्रशासन की प्रतिबद्धता, एवं जवाबदेही और सड़क सुरक्षा कार्यक्रमों की सफलता सुनिश्चित कर सकती है। इसके लिए एक ठोस एक्शन प्लान तैयार किया जाना जरूरी है, जिसमें उठाए जाने वाले प्रत्येक कदम, संबंधित विभागों की जिम्मेदारी और समयसीमा स्पष्ट रूप से निर्धारित हों। सरकार का पहला मिशन यह होना चाहिए कि सभी नागरिकों को यातायात नियमों की स्पष्ट जानकारी हो। इसके लिए सड़क पर यातायात चिह्नों, लेन चिह्नांकन, जेब्रा क्रॉसिंग और गति-सीमा का स्पष्ट उल्लेख हो, और उनका बराबर रख-रखाव किया जाए। सड़कों पर नियमित अंतराल पर यह अंकित किया जाए कि कौन-सी लेन किस प्रकार के वाहनों के लिए है। सड़क पर




तैनात कर्मचारियों को समय-समय पर यातयात नियमों का प्रशिक्षण और उनसे जुड़ी नई जानकारियां देना अनिवार्य है। एक्शन प्लान के पहले छह से 12 महीनों में प्रवर्तन पर विशेष बल दिया जाए। दुर्घटना के मुख्य कारणों जैसे-तेज गति, गलत दिशा में ड्राइविंग व मोबाइल फोन के प्रयोग आदि पर प्राथमिकता से कार्रवाई हो। गंभीर उल्लंघन के मामलों में किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। चालानों का विवरण घटनास्थल पर %डेट एंट्री% की जाए, ताकि दोबारा उल्लंघन करने वालों के लाइसेंस समाप्त करने जैसी सख्त कार्रवाई की जा सके। तकनीकी प्रणालियों और यातायात प्रबंध प्रणाली की क्षमताओं का पूर्ण उपयोग हो।

ट्रैफिक पुलिस और आरटीओ पर पूरा बोझ डालना व्यावहारिक नहीं है। मुख्यमंत्री के सुझावानुसार, उनकी सहायता के लिए, पुलिस कर्मी के संरक्षण में, होमगार्ड, डिफेंस कर्मी और शिक्षित बेरोजगार युवाओं को जोड़ा जाए। इनमें महिलाओं की पर्याप्त भागीदारी भी सुनिश्चित की जाए। इन्हें %रोड सेफ्टी एंबेसडर% के रूप में पहचान और सम्मान दिया जाए। आरटीओ और ट्रैफिक पुलिस विभाग में सड़क सुरक्षा से जुड़े अलग अनुभाग बनाए जाएं। इनके लिए अलग से सरकारी कर्मी, संसाधन और स्पष्ट दायित्व तय हों। उनके लिए चालान या राजस्व नहीं, बल्कि दुर्घटनाओं में कमी लाना मुख्य लक्ष्य बनाया जाए। सड़क या उसके आसपास की किसी भी ऐसी स्थिति, जिससे दुर्घटना की आशंका बढ़ती हो, के लिए व्यक्तियों/विभागों की स्पष्ट जिम्मेदारी तय की जाए। घने और तेज यातायात वाले क्षेत्रों में पैदल यात्रियों के लिए संकेत लाइटें (पेडेस्ट्रियन लाइट) लगाई जाएं, और सुरक्षित पार पथ बनाए जाएं। स्थानीय स्तर पर नियमित सड़क नियम जागरूकता, और सुरक्षित ड्राइविंग प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएं। इनमें कॉलोनियों, पंचायतों, नगर पालिकाओं, आवासीय समितियों, गैर-सरकारी संस्थाओं, सरकारी कार्यालयों और निजी संस्थानों की भागीदारी सुनिश्चित हो। इसमें पंजीकृत ड्राइविंग स्कूल की सेवाएं भी ली जा सकती हैं। इसके अलावा, जिला स्तर पर एक नोडल अधिकारी नामित किया जाए, जो विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करे। इसके कार्यान्वयन की नियमित समीक्षा भी हो। स्थानीय समाचार पत्रों और सोशल मीडिया के माध्यम से हर माह की गई कार्रवाइयों, अच्छे सड़क व्यवहार के उदाहरणों और जुमनि की जानकारी जनता तक पहुंचाई जाए। इसी क्रम में व्यावहारिक नवाचार एवं सड़क सुरक्षा के समाधान भी आमंत्रित किए जाएं। इससे आम नागारिकों में जागरूकता, कानून के प्रति सम्मान, एवं सड़क-सुरक्षा अभियान में भागीदारी बढ़ेगी।

## कच्ची धूप

# कुछ छूट जाने का भी आनंद लें

खुशी हमेशा चीजों के मिलने से नहीं होती, कभी-कभी त्यागने में भी आनंद का अनुभव मिलता है, जो कहीं अधिक गहरा होता है

कभी-कभी हम किसी कार्यक्रम या सोशल मीडिया ट्रेंड्स में शामिल होने की दौड़ में इतने उलझ जाते हैं कि तनाव महसूस होने लगता है। अगर हमें कुछ समय के लिए इस दौड़ से दूर रहने का मौका मिले, तो उसमें और सुख महसूस होगा, वह जोमो (कुछ छूट जाने का आनंद) कहलाता है। इसमें खुशी चीजों में शामिल होने से नहीं, बल्कि उनकी अनुपस्थिति में अपने समय का आनंद लेने से मिलती है। ठीक इसके विपरित फोमो (कुछ छूट जाने का डर) है, जिसमें दूसरों की



जिंदगी देखकर यह डर पैदा होता है कि हम पीछे रह गए हैं। यह डर सिर्फ सोशल मीडिया की वजह से नहीं, बल्कि खुद की तुलना दूसरों से करने से आता है। तुलना तनाव बढ़ाती है, जबकि जो है उसे स्वीकार करने से तुलना घटती है और जोमो बढ़ता है, जिससे जीवन संतुलित होता है।

### डर से छुटकारा पाएं

फोमो से बचने के लिए सबसे पहले सोशल मीडिया के इस्तेमाल को सीमित करना जरूरी है, क्योंकि लगातार स्क्रीन पर दूसरों की जिंदगी देखने से तुलना और बेचैनी बढ़ती है। इसके लिए डिजिटल डिटॉक्स लेना, कुछ एप्स हटाना या स्क्रीन टाइम मैनेज करने वाले टूल्स का उपयोग करना मददगार हो सकता है। साथ ही आत्म-चिंतन करें और खुद से पूछें कि हर जगह शामिल होने की इच्छा क्यों होती है। अक्सर यह असुरक्षा या पीछे रह जाने के डर से पैदा होती है। इसके अलावा परफेक्शनिज्म को चुनौती देना भी जरूरी है, यानी यह स्वीकार करना कि सब कुछ करना न तो संभव है और न ही जरूरी। हर चीज में शामिल न होकर आप अपना समय, ऊर्जा और मानसिक शांति बचा सकते हैं, जो स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक है।

### कृतज्ञता का अभ्यास करें

खुश और संतुलित रहने के लिए कृतज्ञता का अभ्यास करना बहुत जरूरी है, यानी जो आपके पास है उसी पर ध्यान देना और उसकी कद्र करना, न कि उन चीजों पर दुखी होना, जो आपके पास नहीं हैं। इसके लिए रोजाना अपनी छोटी-छोटी खुशियों को डायरी में लिखना मददगार हो सकता है। साथ ही 'ना' कहना सीखें और ऐसे काम स्वीकार न करें, जो आपके मूल्यों से मेल न खाते हों या आपको बेवजह बहुत व्यस्त कर दें, ताकि आपके पास अपने लिए समय न बचे। इसके अलावा वर्तमान में जीना सीखें, ध्यान करें या कुछ समय के लिए मोबाइल से दूर रहकर अपनी पसंद की गतिविधियों में पूरी तरह मन लगाएं, इससे मन शांत रहता है।

### समय का महत्व समझें

अपने समय का महत्व समझना बहुत जरूरी है, क्योंकि समय एक बार चला जाए, तो वापस नहीं आता। इसलिए इसे बेकार की स्क्रॉलिंग के बजाय पढ़ने, अपने शौक पूरे करने या वास्तविक जीवन में लोगों से जुड़ने जैसी अर्थपूर्ण गतिविधियों में लगाना बेहतर होता है। डिजिटल बातचीत की तुलना में आमने-सामने मिलना ज्यादा गहरा और सुकून देने वाला होता है, क्योंकि इससे रिश्ते मजबूत होते हैं और अकेलापन कम होता है। साथ ही, आत्म-सम्मान बढ़ाने के लिए ऐसे काम करें, जो आपको खुद पर गर्व महसूस कराएं, जैसे कोई नया कौशल सीखना या अपनी क्षमता को निखारना।

**-द कन्वर्सेशन से साभार**

**-फुशिया सिरोइस ( प्रोफेसर डरहम यूनिवर्सिटी )**



# इंदौर बाजार भाव

**इंदौर। एजेंसी।** लेवाली के अभाव में सोमवार को अनाज मंडी में चना लटक पर रहा। मूंग में मजबूती रही। खाद्य तेलों में व्यापार अच्छा रहा। भावों में मजबूती दिखी। तिलहनों में सरसो सुस्त पड़ी। किराना जिंसों में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार चने में पूछपरख ठंडी रहने से बाजार नरमी के रहे। चना 50 रू. प्रति क्विंटल की लटक रही। मूंग में मजबूती बनी। खाद्य तेलों में व्यापार अच्छा रहा। तिलहनों में सरसो सुस्त नज़र आयी। किराना जिंसों में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा। भाव इस प्रकार रहे-

**किराना**- शक्कर 3950-4050, खोपरा गोला 320-370, खोपरा बूरा 4100-6500 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 211-215, ऊंझा हल्का 245-228, मीडियम 232-240, बेस्ट 251-265, हल्दी निजामाबाद 200-225, सांगली 270-275, साबूदाना हल्का 4800-4900, मीडियम 5000-5100, बेस्ट 5100-5200, सच्चा मोती 5300, मोरधन 7200-8200, सौंफ मोटी 101-125, बेस्ट 145-225, एस्ट्रा बेस्ट 275-350, सौंफ बारिक 95-125, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 760-770, गरबल 725-730, मटरदाना 790-810, खसखस अनक्लीन 1300-1350, क्लीन 1500-1550, दालचीनी 220-240, जायफल 815-870, वाद्यान फूल 375-565, शाहजीरा 425, तेजपान 90-97, पत्थर फूल 235-260, जावत्री 1675-2150, नाग केसर 885-925, सौंठ 275-450, धोली मूसली 2175-2250, लौंग 700-750, बेस्ट 780-800, हींग (वनदेवी 751) 3450, पाउच 10 ग्राम 3550, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 100-135, सिंदूर 6600, देशी कपूर 720-770, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरी इलायची शंकर बोल्ड 2750-2900, विरूद्ध नगर 2800-2850, मीडियम 2950-3150, बेस्ट 3200-3350, एक्ट्रा बोल्ड 3350-3450, पानबार 2700, बड़ी इलायची 1475-1575, बेस्ट1825-2050, तरबूज मगज 565-590, काजू (240) 925-960, काजू (320) 850-860, काजू एस. डब्ल्यू 835-840, काजू एस.एस. डब्ल्यू 850-860, काजू जे.एच. 810-820, टुकड़ी 785-795, बादाम मगज 860-900, कैलिफोर्निया 780-795, अखरोट 500-850, बेस्ट 815-850, अखरोट गिरी 1250-1650, जर्दालु 375-475, बेस्ट 550-650, किशमिश कंधारी 500-550, बेस्ट 625-725, इंडियन 375-391, बेस्ट 401-425, चारौली 1650-1750, बेस्ट 1850-1950, मुनक्का 350-650, बेस्ट 800-925, अंजीर 851-1075, मखाना 675-875, बेस्ट 975-1115, खारक 75-85, मीडियम 95-125, बेस्ट 175-275, पिस्ता पिशोरी 2850-2900, कंधारी 2350, नमकीन पिस्ता 875-1075, गेहूँ आटा 1820, मैदा कट्टा 1850, रवा कट्टा 1880, बेसन 4675 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 2250-2300, (160) 2250-2300, (200) 2300-2350, (250) 2500-2550

**तेल**- सींगदाना 1610-1630, मुम्बई 1640, राजकोट तेलिया 2520-2540, सोया साल्वेंट 1270-1280, सोया रिफाइंड 1325-1330, कपास्या 1270, धूलिया 1275, कड़ी 1275,

**रात की धारणा**- गुजरात लुज 1600, मुम्बई पाम 1280, मुम्बई सोया 1330,

खली- कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 2075, देवास-उज्जैन 2075, खंडवा-बुरहानपुर 2050, अकोला 3250 (प्रति क्विटल)

**तिलहन**- सरसो 7200-7500, रायडा 6300-6600, सोयाबीन 4900-5100, टोली (महुआ बीज) 4400-4600, करंज 4400-4500, अलसी 6800-7000, अरंडी 4500-4700, तिल्ली पुरानी 6500-7000, तिल्ली नई 7200-7500,

**दलहन**- चना कांटेवाला बेस्ट 5850-5900, एवरेज 5700-5800, डंकी चना 5000 से 5200, विशाल 5600-5625, काबूली डॉलर 8200-8500, मसूर बेस्ट 5700-5800, एवरेज 5500-5550, मूंग देशी 7800-7900, पाला 7900-8000, चमकी 8000-8100, नायलोन 8000-8100, तुअर निमाड़ी बेस्ट 7200-7300, एवरेज 7000-7100, हल्की 6800-6900, तुअर महाराष्ट्र 7400-7600, उड़द बेस्ट 7300-7400, एवरेज 7100-7200, शंकर 6800-6900, हल्की 6500-6600,

**दाल**- चना दाल एवरेज 7200-7400, मीडियम 7400-7500, बोल्ड 7700-7900, तुअर दाल सवा नं. 7300-7400, तुअर दाल फूल 9000-9100, तुअर दाल बोल्ड 9900-10100, मसूर दाल एवरेज 7700-7800, बेस्ट 7900-8100, मूंग दाल 9100-9200, बोल्ड 9500-9700, मूंग मोगर 9300-9400, बोल्ड 9700-9800, उड़द दाल 8500-8600, बोल्ड 8700-8900, मोगर 9800-10000, बोल्ड 10100-10200,

**अनाज**- गेहूं मिल क्वालिटी 2625-2650, लोकवन 2800-2850, (147) 2600-2650, बेस्ट 2650-2800, मालवराज 2650-2675, पूर्णा 2750-2800, चन्द्रोसी 3000-3800, ज्वार देशी 2400-2550, मक्का पीली 2275-2300,

**चावल**- चावल हंसा सफेद 2900-3150, सेला 3500-3800, परमल 3400-3500, दुबराज 4500-4700, राजभोग 7000-7200, काली मुंछ 8500-8800, बासमती दुबार 8000-8500, मीनी दुबार 7000-7500, मोगरा 4500-6000, तिबार 9500-10000, बासमती (921) 12000-13000, बासमती सेला 7500-9500, पोहा 4800-5300,

**मावा**- इन्दौर 360, उज्जैन 280, रतलाम 300 रू. प्रति किलो।

# इंदौर सर्राफा बाज़ार

**इन्दौर। एजेंसी।** सोमवार को स्थानीय सराफा बाजार में कामकाज सामान्य रहा। किन्तु दोनों मूल्यवान धातुओं में बाजार तेजी के रहे। भाव इस प्रकार रहे -

चॉंदी (9999) 285000, चॉंदी (99) 284000, टंच 283500, सिक्का 2500, सोना 10 ग्राम 147500,

# रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई। एजेंसी।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को रुपया 9 पैसे की गिरावट के साथ ही 90.87 पर बंद हुआ। वहीं रुपया सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन सुबह 12 पैसे की बढ़त के साथ 90.66 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा विश्लेषकों ने बताया कि विदेशी मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के कमजोर रुख से घरेलू मुद्रा को बढ़ावा मिला। हालांकि घरेलू शेयर बाजारों से विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और अस्थिर भू-राजनीतिक स्थिति के बीच विदेशों में कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से निवेशक सतर्क रहे। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिका डॉलर के मुकाबले 90.68 पर खुला। फिर 90.66 प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद भाव से 12 पैसे की बढ़त दिखाता है।

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

**मुम्बई। एजेंसी।** भारतीय शेयर बाजार सोमवार को गिरवट पर बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी होने से बाजार नीचे आया है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 324.17 अंक टूटकर 83,246.18 जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 108.85 अंक नीचे आकर 25,585.50 पर बंद हुआ। बाजार में आज रियल्टी, मीडिया और ऑयल एंड गैस स्टॉक्स के शेयर गिरे। निफ्टी रियल्टी 1.99 फीसदी, निफ्टी मीडिया 1.84 फीसदी, निफ्टी ऑयल एंड गैस 1.56 फीसदी, निफ्टी इन्फ्रा 0.90 फीसदी नीचे आया। वहीं निफ्टी एफएमसीजी 0.67 फीसदी, और निफ्टी ऑटो 0.13 फीसदी नीचे आया। सेंसेक्स पैक में टेक महिंद्रा, एचयूएल, कोटक महिंद्रा बैंक, मारुति, बजाज फाइनेंस, ट्रेंट, आईटीसी, एचसीएल टेक, एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व सबसे अधिक लाभ




वाले शेयर रहे जबकि आईसीआईसीआई बैंक, टाइटन, टीसीएस, अल्ट्राटेक सीमेंट, एनटीपीसी, इन्फोसिस, भारती एयरटेल के शेयर गिरे। लार्जकैप के साथ ही मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में बिकवाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 220.15 अंक फिसलकर 59,647.65 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 171.60 अंक नीचे आकर 17,190.70 पर बंद हुआ था। जानकारों के अनुसार टैरिफ को लेकर चिंताएं फिर से हावी होने के कारण बाजार की शुरुआत कमजोरी के साथ हुई। इससे बाजार धारणा प्रभावित रही है। इससे पहले आज सुबह बाजार की शुरुआत कमजोरी के साथ हुई। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स करीब 498 अंक गिरकर 83,072 के स्तर पर खुला, जबकि निफ्टी 50 में 134 अंकों की गिरावट दर्ज की गई और यह 25,560 पर पहुंच गया। वैश्विक स्तर पर निवेशकों का रुख सतर्क बना रहा। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप द्वारा यूरोपीय देशों को लेकर ग्रीनलैंड खरीद योजना के विरोध पर टैरिफ लगाने की चेतावनी से भी अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अनिश्चितता बढ़ी है, इससे घरेलू बाजार पर भी प्रभाव पड़ा है।

# भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौते में गैर-शुल्क बाधाओं पर जोर की सिफारिश

**नई दिल्ली। एजेंसी।** 18 साल से चल रही भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) वार्ता अब अंतिम चरण में है। यूरोपीय संघ के प्रमुख अधिकारी 25-27 जनवरी तक भारत की राजकीय यात्रा पर रहेंगे और 27 जनवरी को वार्ता के निष्कर्ष की घोषणा की संभावना है। आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने कहा कि भारत को कृषि और दवा क्षेत्रों में गैर-शुल्क बाधाओं को हटाने के लिए ईयू पर दबाव डालना चाहिए। केवल शुल्क कटौती से निर्यातकों को पर्याप्त लाभ नहीं मिलेगा। गैर-शुल्क बाधाओं में दवा अनुमोदन में देरी, खाद्य और कृषि उत्पादों पर कड़े स्वच्छता और पादप/पशु स्वास्थ्य नियम, साथ ही जटिल परीक्षण और प्रमाणीकरण शामिल हैं। बासमती चावल, मसाले और चाय जैसे उत्पाद अक्सर कीटनाशक अवशेष मानकों के कारण अस्वीकार किए जाते हैं। समुद्री उत्पादों पर एंटीबायोटिक दवा की चिंता से अतिरिक्त नमूना परीक्षण होता है। विनिर्माण क्षेत्र में 'रीच' नियम और जलवायु विनियम छोटे और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए लागत बढ़ाते हैं। 1 जनवरी से लागू कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म उच्च कार्बन उत्सर्जन वाले उत्पादों पर लागू है। जीटीआरआई ने कहा कि भारत को अमेरिका के समान छूट या सुरक्षा प्रावधानों की मांग करनी चाहिए। ईयू भारत के लगभग 600 अरब डॉलर के सरकारी खरीद बाजार में प्रवेश चाहता है। भारत सीमित पहुंच प्रदान कर सकता है, जैसा कि उसने ब्रिटेन के साथ किया था।

# बजट 2026 में शादीशुदा जोड़ों के लिए जॉइंट टैक्सेशन की तैयारी

### पति-पत्नी अपनी कुल आय को जोड़कर टैक्स भर सकेंगे

**नई दिल्ली। एजेंसी।** भारत में फिलहाल शादीशुदा होने पर कोई अलग टैक्स सुविधा नहीं है। पति और पत्नी दोनों को अलग पेन, अलग टैक्स स्लैब और अलग छूट मिलती है। यदि पत्नी की आय नहीं है, तो उसकी बुनियादी छूट व्यर्थ चली जाती है। इससे एक ही कमाने वाले परिवारों का टैक्स बोझ बढ़ जाता है। वित्त मंत्रालय अब वैकल्पिक जॉइंट टैक्सेशन सिस्टम लाने पर विचार कर रहा है। इसमें पति-पत्नी अपनी कुल आय को जोड़कर टैक्स भर सकेंगे। बुनियादी छूट सीमा भी बढ़ाई जा सकती है। उदाहरण के तौर पर, यदि वर्तमान में एक व्यक्ति को 3 लाख रुपए की छूट मिलती है, तो जॉइंट फाइलिंग में यह सीमा 6 लाख रुपए या उससे ज्यादा हो सकती है।




इसके अलावा, होम लोन ब्याज, मेडिकल इंश्योरेंस और अन्य कटौतियों को भी बेहतर तरीके से एडजस्ट किया जा सकेगा। इस बदलाव का सबसे बड़ा फायदा एक ही कमाने वाले परिवारों को मिलेगा। मिडिल क्लास परिवारों का टैक्स बोझ कम होगा और उच्च आय वाले परिवारों को सरचार्ज में राहत मिल सकती है, क्योंकि वर्तमान 50 लाख रुपए से अधिक आय पर लगने वाला सरचार्ज जॉइंट फाइलिंग में 75 लाख रुपए या उससे अधिक तक बढ़ाया जा सकता है। यदि दोनों पति-पत्नी कमाते हैं, तो उन्हें अलग-अलग स्टैंडर्ड डिडक्शन मिल सकती है। भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान ने इस प्रणाली की सिफारिश की है। प्रस्ताव यूनियन बजट 2026-27 में पेश किया जाएगा। बजट सेशन 28 जनवरी से 2 अप्रैल तक चलेगा। अगर लागू हुआ, तो यह भारत के टैक्स सिस्टम में एक बड़ा और ऐतिहासिक बदलाव माना जाएगा।




**मेष**- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। किसी नई प्रॉपर्टी की खरीदारी के लिए भी दिन बेहतर रहेगा। आप अपने रहन-सहन के स्तर में सुधार लाने की कोशिश करेंगे। अपने खर्चों को थोड़ा कंट्रोल करें, जिससे कि आप अपनी सेविंग पर ध्यान दे सकें। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आपको अपनी शारीरिक समस्याओं को नजरअंदाज करने से बचना होगा।

**वृषभ**- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपने कामों को लेकर थोड़ा धैर्य बनाए रखें। किसी दूसरे के मामले में बेवजह ना बोलें। यदि आप किसी यात्रा पर जाने की तैयारी कर रहे हैं, तो कुछ समय रुक जाएं, क्योंकि कोई दुर्घटना होने की संभावना बनती दिख रही है।

**मिथुन**- आज का दिन आपके लिए सावधानी और सतर्कता बरतने के लिए रहेगा, क्योंकि आपकी जल्दबाजी के कारण आप कोई जोखिम भरे काम में हाथ डाल सकते हैं। किसी नए वाहन की खरीदारी की आप योजना बनाएंगे और आपको अपने सामाजिक कामों में भी एक नई पहचान मिलेगी। कोई पुराना लेनदेन आपके लिए नई समस्या खड़ी करेगा। संतान को नौकरी से संबंधित काम को लेकर कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। आप किसी अजनबी पर कोई भरोसा ना करें।

**कर्क**- आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको अच्छी सफलता मिलेगी। भाग्य का भी पूरा साथ मिलेगा। जीवनसाथी को भी प्रमोशन मिलेगा और आप नौकरी से संबंधित किसी काम को लेकर यात्रा पर जा सकते हैं। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेने की आवश्यकता है। आपका कोई लेनदेन यदि आपको टेंशन दे रहा था, तो वह भी दूर होगा।

**सिंह**- आज का दिन आपके लिए चिंताग्रस्त रहने वाला है। आपको धन से संबंधित कोई चिंता हो सकती है। परिवार में किसी सदस्य के विवाह प्रस्ताव पर मोहर लग सकती है। रोजगार को लेकर इधर-उधर भटक रहे लोगों को कोई अच्छा अवसर हाथ लगेगा। आपको अपनी मेहनत पर भरोसा करके चलना होगा, इसीलिए आप किसी गलत काम में हाथ बिल्कुल ना बढ़ाएं, नहीं तो इससे बाद में आपकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

**कन्या**- आज का दिन आपके लिए भागदौड़ से भरा रहने वाला है। आपके कुछ काम पूरा होने में समस्या हो सकती हैं। आपको अपनी सेहत में उतार-चढ़ाव रहने से मन परेशान रहेगा, जिसके कारण आपको कुछ टेस्ट आदि भी कराने पड़ेंगे। आपके घर किसी अतिथि के आगमन होने से परिवार के सदस्य व्यस्त रहेंगे, लेकिन किसी पुरानी बात को लेकर वाद-विवाद भी खड़ा हो सकता है।

**तुला**- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपकी अपने आसपास रह रहे लोगों से अच्छी जान पहचान रहेगी, लेकिन इसमें आपके कुछ शत्रु भी हो सकते हैं। आपने यदि किसी से धन उधार लेने का सोचा है, तो आपको उसे उतारने में समस्या हो सकती है। आप दान-पुण्य के कार्यों में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे और आप किसी नई प्रॉपर्टी की खरीदारी कर सकते हैं, जिसके लिए आप बैंक से कोई लोन आदि भी लेने पर विचार करेंगे।

**वृश्चिक**- आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। आप अपने रुके हुए कामों को भी समय से पूरा करने की कोशिश करेंगे और कोई कानूनी मामला यदि लंबे समय से विवादित था, तो उसके लिए भी आप किसी अनुभवी व्यक्ति से बातचीत कर सकते हैं।

**धनु**- आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी और जीवनसाथी को आप कहीं घूमाने फिराने लेकर जाने की योजना बना सकते हैं। आप घर के कामों को लेकर थोड़ा लापरवाही दिखा सकते हैं, जिससे आपकी समस्याएं बढ़ सकती हैं।

**मकर**- आज का दिन आपके लिए अपने आवश्यक कामों पर ध्यान देने के लिए रहेगा, जिस कारण आप व्यस्त रहेंगे, लेकिन फिर भी आप अपने परिवार के सदस्यों के लिए समय निकालने की पूरी कोशिश करेंगे। संतान पढ़ाई-लिखाई में लापरवाही कर सकती, हैं जो बाद में उनके लिए मुश्किल खड़ी करेगी। आपकी अपने किसी दोस्त से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**कुंभ**- आज का दिन राजनीति में कार्यरत लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है, उनके कामों से उन्हें एक नई पहचान मिलेगी। आपके जीवनसाथी किसी नई नौकरी के लिए अप्लाई कर सकते हैं और आपको अपने पारिवारिक मामलों को लेकर अपने माता-पिता से बातचीत करने की आवश्यकता है, इसलिए आप वरिष्ठ सदस्यों के साथ कुछ समय अवश्य बिताएं। आप अपने अनुभव का पूरा लाभ उठाएंगे।

**मीन**- आज का दिन आपके लिए उनके कामों में कुछ रुकावटें लेकर आएगा, इसलिए आपको अपने निर्णय थोड़े सोच समझकर लेने होंगे। आप किसी दिखावे के चक्कर में ना पड़ें, नहीं तो इसमें आपका बेफिजूल का धन ही खर्च होगा। आप अपने स्वास्थ्य के प्रति कोई लापरवाही ना करें, क्योंकि आपकी कोई पुरानी समस्या उभर सकती है।

## शब्दजाल - 8146

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मु | हु | मे | रि | दु | च | मे | ली | च | ट | र्जी |
| मो | खु | क | च | इं | जी | ने | शि | या | ड़ | नी |
| ग | पी | जा | म्पा | र | ग | बा | द | ह | प | ल |
| रा | ग | ए | रा | ह | जा | रा | ल | ह | गु | प्रे |
| गु | ल | मो | ह | र | ह | ला | कि | यो | ला | प |
| ल | इ | वि | मो | ग | प | वा | शी | ह | ब | न |
| न | र | ल | रा | व | मा | जो | न | व | प | क्ति |
| क | रि | ज | र | य | र | क | म | ल | वि | रे |
| र | या | बा | नी | ह | न | ज | जी | शा | जू | ड्डी |
| र | ग | ल | नो | गं | व | शि | के | त | की | ल |
| बां | स | प | ज | न | धा | घ | गु | ड़ | ह | ल |

*शब्दजाल में दस फूलों के नाम ढूंढिए. नाम ऊपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.*

कमल,गुलाब,मोगरा,चमेली,चम्पा,हजारा, रजनीगंधा,केतकी,गुड़हल,गुलमोहर

### शब्दजाल - 8145 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 7090



**ऊपर से नीचे:-**

१. 'बहुत खूबसूरत गजल' गीत वाली गोविंदा, करिश्मा की फिल्म-३
२. फिल्म 'गदर' में अमीषा पटेल के पिता की भूमिका किसने की थी?-४
३. फिल्म 'निकाह' की नायिका कौन थी-३
४. 'प्यार करना नहीं आया' गीत वाली फिल्म-३
५. विश्वजीत, राजश्री की ' ना ये जमीं थी ना आसमाँ' गीत वाली फिल्म-३
९. 'तेरे बिन मैं कुछ नहीं' गीत वाली मिथुन, अतुल, पूजा भट्ट की फिल्म-३
१२. 'हम प्यार में जलनेवालों को' गीत वाली फिल्म-३
१३. 'तुम मुझे यूँ' गीत वाली फिल्म जिसमें शम्मी ने पागल की भूमिका की-३,२,१
१४. 'आला रे पाउस आला' गीत वाली फिल्म-३
१५. बॉबी, टिवंकल खन्ना की 'तेरी अदाओं पे मरता हूँ' गीत वाली फिल्म-४
१६. 'अच्छा जी मैं हारी' गीत वाली देव आनंद, मधुबाला की फिल्म-२,२
१७. 'रू तू तू दिल में है तू' गीत वाली अक्षय कुमार, रवीना टंडन की फिल्म-२
१९. 'आजा सजन आजा' गीत वाली फिल्म-५
२२. सनी देओल, मीनाक्षी की एक फिल्म-३
२५. संजयदत्त, जैकी, शिल्पा, रवीना की फिल्म-२
२७. 'क्या है तुम्हारा नाम' गीत वाली फिल्म-२
२९. नाना, पुरू, अनुपमा की 'बहुत खूबसूरत हैं आँखें तुम्हारी' गीत वाली फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. फिल्म 'कर्ज' में नायिका कौन थी-२
२. फिल्म 'चला मुरारी हीरो बनने' का नायक कौन था-४
६. फिल्म 'अभय' में दोहरी भूमिका करने वाला नायक -३
७. 'आखिर तुम्हें आना है' गीत वाली फिल्म-४
८. फिल्म 'विश्वनाथ' में शत्रुघ्न सिन्हा के साथ नायिका कौन थी-२
१०. फिल्म 'मैं ने प्यार किया' में सलमान खान की माँ की भूमिका किसने की थी-२
११. हेमा मालिनी वाली फिल्म 'प्रेमनगर' का नायक कौन था?-३
१६. 'मेरे भैया मेरे चंदा' गीत वाली फिल्म-३
१७. संजय, चंद्रचूड़, महिमा चौधरी की फिल्म-२,१,३
१८. 'मेरे दिल ने जो माँगा' गीत वाली फिल्म-४
२०. फिल्म जिसमें राजकपूर का डबल रोल था-२
२१. 'तू कितने बरस की' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'बाबा मेरी ये जवानी' गीत वाली फिल्म-२
२३. ऋषिकपूर, जेबा की 'बेदर्दी तेरे प्यार ने' गीत वाली फिल्म-२
२४. फिल्म 'शोले' में अमिताभ के किरदार का क्या नाम था?-२
२६. फिल्म जगत में राजेश खन्ना का प्रचलित नाम-२
२८. सलमान, रेवती की 'आजा गिव मी ए किस' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'इस जहाँ की' गीत वाली जैकी, अनु अग्रवाल, नगमा की फिल्म-२,३
३१. लोकप्रिय गीत 'इश्क कमीना' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली - 7089



Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**20 जनवरी 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**मंगलवार** 2026 वर्ष का 20 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शिशिर। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** माघ **पक्ष** शुक्ल **तिथि** द्वितीया 02.43 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** श्रवण 13.07 बजे को समाप्त। **योग** सिद्धि(असृक) 20.01 बजे को समाप्त। **करण** बालव 14.32 बजे तदनन्तर कौलव 02.43 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 1.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 20° 10' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872595 **जूलियन दिन** 2461060.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** रज्जब **तारीख** 30 **विशेष** चंद्र दर्शन।

| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मकर में | मकर | 06.21 बजे से |
| चंद्र | मकर में | कुंभ | 08.12 बजे से |
| मंगल | मकर में | मीन | 09.44 बजे से |
| बुध | मकर में | मेष | 11.15 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | वृष | 12.55 बजे से |
| शुक्र | मकर में | मिथुन | 14.53 बजे से |
| शनि | मीन में | कर्क | 17.07 बजे से |
| राहु | कुंभ में | सिंह | 19.23 बजे से |
| केतु | सिंह में | कन्या | 21.35 बजे से |
| राहुकाल | | तुला | 23.45 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | वृश्चिक | 02.00 ब.से |
| बजे तक | | धनु | 04.16 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगतः सोचो फिर बोलो

एक बूढ़ा व्यक्ति अपने पड़ोस में रहने वाले एक युवक को पसंद नहीं करता था। एक दिन गांव में चोरी हो गई। बूढ़े व्यक्ति ने कहना शुरू किया कि उसी युवक ने चोरी की होगी। धीरे-धीरे बात पूरे गांव में फैल गई। यहां तक कि गांव वालों ने उसे राजा के सिपाही से गिरफ्तार भी करवा दिया। परंतु जांच होने पर असली चोर कोई और निकला और वह युवक पूरी तरह निर्दोष पाया गया। लेकिन युवक जेल से छूट कर जब वापस आया, तब भी गांव के अनेक लोगों का दृष्टिकोण नहीं बदला। वे उससे कतराने लगे। इससे आहत हो कर युवक ने एक दिन उस बूढ़े आदमी को मार डालने की धमकी दे डाली। बूढ़ा इसकी शिकायत लेकर पंचायत में पहुंचा। सरपंच ने दोनों को बुलाकर पूरी बात सुनी। फिर बूढ़े से कहा, 'पहली गलती तो आपसे ही हुई है, दूसरी गलती युवक ने धमकी दे कर की। दोनों एक-दूसरे से क्षमा मांगें।' युवक ने तो क्षमा मांग ली, परंतु बुजुर्ग झगड़ने लगा और बोला, पूरे गांव में इसके चोर होने की बात मैंने तो नहीं फैलाई।' इस पर सरपंच ने कहा कि वह एक कागज पर शब्दशः वह बात लिख दे जो उसने युवक के बारे में अपने पड़ोसियों से कही थी। बुजुर्ग ने वैसा ही किया। उसके बाद सरपंच ने उस कागज के कई टुकड़े कर दिए और बुजुर्ग से जाते समय राह में वे टुकड़े गिरा देने को कहा। फिर अगली सुबह सरपंच ने उनसे सारे टुकड़ों को वापस बटोर लाने को कहा। बुजुर्ग ने वही किया, परंतु टुकड़े काफी कम रह गए थे। कुछ टुकड़ों को हवा पता नहीं कहां उड़ा ले गई। तब सरपंच ने कहा, 'तुम्हारे मुंह से निकले हुए शब्द भी इसी प्रकार कहां से कहां तक जा सकते हैं, इसका अनुमान नहीं लगाया जा सकता। इसीलिए असत्य या फिर जिस विषय में पूर्ण जानकारी न हो, उसके बारे में गलत राय देना भी सही नहीं है।' बुजुर्ग को अपनी गलती का अहसास हो गया।

## सूडोकु नवताल- 7399

★★★✮✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7398 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

## शब्द पहेली - 8614



**बाएँ से दाएँ**

1. कलाकार,अदाकार-4
4. फूलों की छोटी माला,वेणी-3
6. पैर,पांव-2
7. अधिकार-2
9. खानाबदोश,बंजारा-4
11. राशन,खाद्य सामग्री-3
12. टेसू के फूल-3
13. कपोल,रुखसार-2
14. विजय-2
15. डोली उठाने वाले-3
17. जल प्रपात-3
18. गठबंधन-4
21. पानी,जल-2
23. नौका-2
24. देह,काया,शरीर-3
25. अगुवा,राह दिखाने वाला-4

**ऊपर से नीचे**

1. उपवास का खाना-4
2. झुका हुआ-2
3. व्यवहार-3
4. समयघोष-3
5. मार्ग,पथ-2
8. गागर,घड़ा,घट-3
9. स्मारक-4
10. हत्या,कत्ल-2
12. पत्तों के गिरने का मौसम-4
15. कथा,गाथा-3
16. अष्टम-2
18. नामचीन-4
19. रवाना होना-3
20. विदूषक,मसखरा-3
22. ईश्वर,भगवान-2
23. बटन,स्विच-2

### शब्द पहेली -8613 का हल



■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# सूर्योदय वालीबॉल टूर्नामेंट मे जबलपुर रेल्वे ने विजेता बन लगाई हैट्रिक

## रोमांचक फ़ाइनल मुकाबले मे राजस्थान टीम को दी शिकस्त



**पद्मेश न्यूज। किरनापुर।**

सूर्योदय स्पोर्टिंग वालीबॉल क्लब किरनापुर के तत्वावधान मे तीन दिवसीय वालीबॉल टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया जा रहा है। टूर्नामेंट मे बतौर मुख्य अतिथि लांजी किरनापुर विधानसभा क्षेत्र विधायक राजकुमार कर्राहे , पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष हीना कावरे,विशेष अतिथि के रूप मे भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व अध्यक्ष लता एल्कर, पूर्व विधायक रमेश भटेरे, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रमेश रंगलानी, अभय सेठिया, नगर पालिका बालाघाट से पार्षद मानक बर्वे, कोबरा बटालियन के अधिकारियों सामाजिक कार्यकर्ता मंगल प्रसाद रैकवार, थाना प्रभारी माधव शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी मे आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर मंचासिन अतिथि वक्ताओं द्वारा टूर्नामेंट समिति द्वारा लगातार 25 सालों से वालीबॉल टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए बधाईयां दी गई ।बताए कि इस टूर्नामेंट मे देश के 9 अलग अलग राज्यों से टीमें शामिल हुई है। प्रतियोगिता मे रोजाना ही वालीबॉल के रोमांचक मैचों का लुत्फ़ लेने मैदान मे क्षेत्र भर से बड़ी संख्या मे लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। टूर्नामेंट में जबलपुर रेल्वे तथा औरंगाबाद यूनिवर्सिटी के मध्य प्रथम सेमीफाइनल खेला गया। जिससे जबलपुर रेल्वे विजेता रही तो वही दूसरा सेमीफाइनल मैच रायगढ़ जिंदल तथा एस के डी यू राजस्थान टीम के मध्य खेला गया जिसमे राजस्थान की टीम ने फाइनल मे अपना स्थान पक्का किया। वही फाइनल मुकाबला जबलपुर रेल्वे तथा राजस्थान की टीम के बीच खेला गया। जिसमे जबलपुर टीम के खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए लगातार तीन सेटो मे बाजी मारते हुए। तीसरी मर्तबा सूर्योदय वालीबॉल क्लब का फ़ाइनल खिताब जीता। विजेता जबलपुर रेल्वे एवं उपविजेता राजस्थान टीम को विधायक गौरव पारधी की ओर से प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। वही तीसरे स्थान पर प्राप्त करने वाली औरंगाबाद की टीम को स्व. व्ही के पाराशर की स्मृति में अरुण पाराशर एवं कमलनाथ पाराशर की ओर से तीसरा पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके अलावा उत्कृट खेल का प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को व्यक्तिगत रूप से भी पारितोषिक प्रदान किए गए।

इस आयोजन को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने मे टूर्नामेंट समिति अध्यक्ष डॉ नन्हें बहेकार, उपाध्यक्ष मुकेश सिंह चौहान,सचिव शिव तारन, कोषाध्यक्ष संजय चौधरी,आर पी श्रीवास्तव, योगेन्द्र सुनेरी,डी डी मेश्राम,मंगल प्रसाद रैकवार, जे.पी.रामटेके,अजय मर्सकोले, मोनू अली,कमलेश चौधरी, चंद्रप्रकाश राहंगडाले,अनिल चापेकर, के के बावनथडे, एच सी सिलहारे,परवेज़ अली,बंटी अर्जुनवार,अंकुश पचभैया, राकेश बोरकर, अहद ताजर, अक्षय भीमटे, भूपेन्द्र अजीत, प्रेम किशोर जांगड़े,शुभम शेंडे,दीपक भालाधरे, सुमित रहेकवार, अंकुश गोस्वामी,पीयूष शर्मा, अमोल पचभैया सहित अनेक सदस्य, वालीबॉल खिलाडियों एवं क्षेत्रवासियों का सराहनीय सहयोग रहा

# सतीटोला मार्ग पर अज्ञात वाहन ने सड़क पार कर रहे चीतल को रौंद डाला

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** लांजी क्षेत्र जो कि वन संपदाओं भरा पुरा है इन्ही वनों में अनेको वन्य प्राणी भी विचरण करते है इन्ही वन्य प्राणियों में हिरण प्रजाती के चितलों भी क्षेत्र में भरमार है जो कि कभी पानी आदि तलाश में रिहायशी ईलाको में देखे जा सकते है। ऐसे ही एक चीतल जो कि शायद पानी आदि कि तलाश में या वन मार्ग में विचरण कर रहा होगा तो किसी अज्ञात वाहन ने चीतल को टक्कर मार कर फरार हो गया जिससे उसकी मौत होने की जानकारी प्राप्त हुई है। इस संबध में प्राप्त जानकारी के अनुसार पश्चिम लांजी सामान्य अन्तर्गत काशीटोला बीट क्रमांक बीट की घटना बताई जा रही है जहां सतीटोला से बगदेही मुख्य मार्ग पर 19 जनवरी को दोपहर लगभग 2 बजे एक चीतल जो कि उक्त मार्ग पर भ्रमण कर रहा था या रास्ता पार कर वन क्षेत्र मे जा रहा था तभी एक अज्ञात वाहन के द्वारा लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुये चीतल को जोरदार टक्कर मार दी तथा घटना स्थल से फरार हो गये इसी दौरान उस मार्ग से पशु प्रेमी योगेश चन्द्रवंशी अपने साथी के साथ लांजी से सती टोला लौट रहे जिनकी नजर मार्ग किनारे घायल अवस्था में पड़े चीतल पर पड़ी दोनो के द्वारा घायल चीतल को पानी पिलाया और शरीर पर हाथ फेरकर उसे सराहा तथा घटना की जानकारी तुरंत ही वन विभाग के अधिकारियों को दी । जिस पर वन विभाग पश्चिम वन परिक्षेत्र अधिकारी सपन ताम्रकार के द्वारा अपने वन अमले को भेजा जिसमें डिप्टी रेंजर पवन पटेल एवं अमरनाथ नंदा बीट प्रभारी तत्काल घटनास्थल पर पंहुचे लेकिन इसके पूर्व की चीतल अत्यधिक चोट लगने के कारण मृत हो चुका था। वन अमले के द्वारा आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर चीतल को निस्तार डीपो परिसर लाया गया जहां पशु चिकित्सक श्रेयांश वासनिक के द्वारा विधिवत पोस्टमार्टम आदि किया पोस्टमार्टम के दौरान वन विभाग से डिप्टी रेंजर पवन पटेल, बीट प्रभारी अमरनाथ नंदा, अधिवक्त





आशीष नेवारे एवं अन्य मौजूद रहे जिनकी उपस्थिती में विधिवत चीतल का अंतिम संस्कार किया गया। इस संबध में वन परिक्षेत्र अधिकारी सपन ताम्रकार ने बताया कि घायल शावक चीतल के विषय में जानकारी प्राप्त हुई थी। सहायक परिक्षेत्र अधिकारी एवं बीट गार्ड ने काशीटोला मौका स्थल पर जाकर देखा। चीतल मृत अवस्था में था जिसे निस्तार डीपो लांजी लाकर पशु चिकित्सक से पीएम करवाकर मौका पंचनामा तैयार कर विधिवत अंतिम संस्कार किया गया इस दौरान पशु चिकित्सक लांजी, मोची, पश्चिम सामान्य लांजी बीट गार्ड, काशीटोला बीट गार्ड तथा अन्य गवाहान उपस्थित रहे।

# पांच किसानों का खेत में रखा 1500 बेट पैरा जलकर हुआ राख

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** लांजी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पंचायत टेमनी के ग्राम चौंदाटोला में लगभग 1500 बेट खेत में रखा पैरा जलने की सूचना प्राप्त हुई थी जहां



फायर ब्रिगेड वाहन ने घटना स्थल पर पंहुचकर ग्रामीणों की सहायता से आग पर काबू पाया गया। इस संबध में प्राप्त जानकारी के अनुसार 19 जनवरी को दोपहर 2 बजे ग्राम के नक्टया पिता बुटया कावरे, चेतन पिता चेपट्या कावरे, गणपत पिता गोबा कावरे, राधेलाल पिता कारूलाल कावरे एवं छत्रपाल पिता हनसा बाहे सभी निवासी चौंदाटोला टेमनी इन पांचो किसानों का लगभग 1500 बेट पैरा नक्ट्या पिता बुटया कावरे के घर के पीछे खेत मे रखा हुआ था। नक्ट्या कावरे अपने परिवार के लोगो के साथ अपने खेत गया हुआ था जहां गन्ने की पिराई प्रारंभ थी। इसी दौरान सूचना प्राप्त हुई घर के पीछे खेत में रखे पैरा से धुंआ निकल रहा। तभी स्थानीय लोग मौका स्थल पर पहुंचे इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता महेश मातरे के द्वारा फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई जहां फायर मेन अशोक रामटेक्कर अपने साथी फायर मेन के साथ मौका स्थल पर पहुंचे तथा ग्रामीणों की सहायता से आग पर काबू पाया गया लेकिन इस दौरान जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक लगभग 1500 बेट पैरा जलकर राख हो चुका था। बता दें कि इस दौरान ग्राम बिजली भी नही थी जिस कारण घरों की मोटर पंप प्रारंभ नही कर पाये यह भी एक कारण रहा जिससे किसानो का पैरा नही बचाया जा सका। इस संबध में पटवारी तथा कोटवार को भी सूचना दी जा चुकी है। किसानो ने मांग की है कि उक्त नुकसानी का मुआवजा प्रदान किया जाना चाहिये।

# प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना के तहत सोलर पंप स्थापना शिविर का हुआ आयोजन

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** लांजी जनपद पंचायत के सभा गृह में 19 जनवरी को सुबह 11 बजे से प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना सोलर पंप स्थापना शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बैंक प्रबंधक रवि किशन मेश्राम, सहायक प्रबंधक स्वप्रिल कुमार, कृष्ण कुमार बिसेन, आशीष सातपुते, गुप्ता एग्रो, विजय केकते, अमित मेश्राम, आशीष कावरे, रोमी मेहरबान, आदित्य गोस्वामी, भूपेश पिपरे, रजत कोठारे, उमेश पारधी एवं कुशलेश कलपुरिया सहित अन्य किसान साथीयों की उपस्थिती में उक्त शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर को लेकर किसानो को जानकारी दी की भारत सरकार की यह महत्वकांक्षी योजना है जिसके तहत किसान अपने अपने खेतो में सोलर सौर उर्जा पंप लगाकर नियमित रूप से कृषि कार्य संपादित कर सके। प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना आप किसानों के लिये सर्वथा लाभदायक योजना सिद्ध होगी। इस संपूर्ण प्रक्रिया तथा ऋण को लेकर जानकारी प्रदाय करते हुये बताया कि इस योजना में कृषकों



के द्वारा लगभग 10 प्रतिशत अंश दान या जमा राशि दिये जाने पर 30 प्रतिशत केन्द्रीय अनुदान व 60 प्रतिशत कृषक ऋण के रूप में प्रदाय किया जायेगा। जिसकी अदायगी की गारंटी मध्यप्रदेश शासन के द्वारा दी गई है। कृषक ऋण उपलब्ध कराने के लिये सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया को निगम के द्वारा नोडल बैंक चयनित किया गया है। योजना के तहत पंप स्थापना का कार्य चयनित वेन्डर के द्वारा प्रारंभ करने के पूर्व लोन स्वीकृति की कार्यवाही पूर्ण होना आवश्यक है। इस कार्य के लिये जिन गतिविधियों की आवश्यकता है उनमें कुसूम ब के राज्य पोर्टल से एआई एफ का आवेदन ऑनलाईन जमा करना, कृषक खाता नोडल बैंक मे खुला होना तथा सीआई एफ की उपलब्धता, डीजीटल लैंडिग के माध्यम से बैंक द्वारा लोन स्वीकृत किया जाना। इस तरह कृषक इस योजना का लाभ लेकर खेतो में सोलर पंप लगवाकर नियमित रूप से खेतो के लिये पानी का प्रबंध कर सकता है।

# स्कार्पियों वाहन की टक्कर से नीमटोला में स्कूल जा रही छात्रा गंभीर रूप से घायल

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** लांजी भिलाई मार्ग पर नीमटोला दुर्गा मंदिर के पास एक सड़क दुर्घटना में स्कूली छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे प्राथमिक उपचार के बाद गोंदिया रिफर किया गया है। घटना के संबध में प्राप्त जानकारी के अनुसार 19 जनवरी को सुबह करीब 10ः30 बजे सानिया पिता कैलाश बोम्बर्डे उम्र 17 वर्ष निवासी कालीमाटी



प्रतिदिन की तरह अपनी सायकल से स्कूल जाने के लिये घर से निकली थी जो कि लांजी स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला लांजी आ रही थी जैसे की नीमटोला दुर्गा मंदिर के पास पंहुची तो पीछे सोम शराब कंपनी के कार्यालय की एक स्कार्पियों वाहन जिस चालक अमरजीत सिंह बिहारी चला रहा था स्थानीय लोगो के बताये अनुसार। चालक के द्वारा लापरवाही पूर्वक वाहन को तेज गति से चलाते हुये छात्रा को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे छात्रा सायकल सहित जमीन पर गिर गई। सोम कंपनी के चालक के द्वारा टक्कर मार कर वाहन लेकर फरार हो गया तथा स्थानीय लोगो के द्वारा छात्रा को मोटर सायकल से सिविल अस्पताल लांजी लाया जहां प्राथमिक उपचार के दौरान पता चला की छात्रा को पैर मे, कमर में तथा शरीर के अन्य स्थानों पर गंभीर चोटे आई है। उपस्थित डाक्टर्स एवं स्टाफ के द्वारा प्राथमिक उपचार करने के उपरांत जिला अस्पताल गोंदिया रिफर किया गया। वहीं यह बात भी सामने आई है कि सोम शराब कंपनी के चालक एवं वाहन में बैठे अन्य व्यक्ति के द्वारा किसी भी प्रकार की मानवीयता नही दिखाई गई घटना कारित करने के उपरांत वे मौका स्थल से फरार हो गये। बाद मे यह बाते सामने आई की कंपनी के व्यक्तियों के द्वारा अस्पताल पंहुचकर उपचार आदि करवाया गया।

# प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम योजना से बदली सुभाष लिल्हारे की तक़दीर

## रोजगार की तलाश में रहने वाला सुभाष अब 05 से 06 लोगो के दे रहा है रोजगार

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** सही मार्गदर्शन, मेहनत और सरकारी योजनाओं का समुचित लाभ मिल जाए तो छोटे से व्यवसाय को भी बड़ी पहचान मिल सकती है। ऐसी ही प्रेरणादायी सफलता की कहानी है ग्राम सिकंदरा, तहसील वारासिवनी निवासी सुभाष लिल्हारे की है, जिन्होंने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम योजना के माध्यम से अपने पारंपरिक व्यवसाय को आधुनिक रूप देकर आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश की है। पहले स्वयं के लिए रोजगार की तलाश में रहने वाला सुभाष अब 05 से 06 लोगो को हर दिन रोजगार दे रहा है।



सुभाष लिल्हारे पूर्व में पारंपरिक तरीके से छोटी-छोटी कढ़ाइयों में दूध से मावा एवं घी का निर्माण कर सीमित स्तर पर व्यवसाय कर रहे थे। उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों के संपर्क में आने के बाद उन्हें प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम योजना की जानकारी मिली। योजना के अंतर्गत पंजाब नेशनल बैंक, वारासिवनी से जनवरी 2025 में 10 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत हुआ, जिस पर 35 प्रतिशत अनुदान भी प्रदान किया गया। इस सहयोग से उन्होंने अपने डेयरी व्यवसाय का विस्तार किया।

वर्तमान में सुभाष द्वारा प्रतिदिन लगभग 1100 से 1200 लीटर दूध का संग्रह एवं प्रसंस्करण किया जा रहा है। उनकी डेयरी इकाई में पनीर, घी, मावा एवं दही जैसे गुणवत्तापूर्ण उत्पाद तैयार किए जाते हैं, जिनका प्रतिदिन का कारोबार लगभग 50 से 55 हजार रुपये तक पहुँच चुका है। इन उत्पादों का विक्रय स्थानीय बाजारों के साथ-साथ बालाघाट, लालबर्रा के होटल, डेयरी नीड्स दुकानों एवं खुदरा विक्रेताओं को किया जा रहा है। इसके अलावा नागपुर (महाराष्ट्र) स्थित दिनसा कंपनी को भी नियमित रूप से सप्लाई की जा रही है।

श्री सुभाष बताते हैं कि सभी खर्च निकालने के बाद उन्हें प्रतिदिन 10 से 11 हजार रुपये की शुद्ध बचत हो रही है। साथ ही उनकी इकाई से 5 से 6 श्रमिकों को प्रतिदिन रोजगार भी मिल रहा है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़े हैं। तहसील कटंगी में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आगमन के अवसर पर सरस्वती डेयरी के घी, पनीर, मावा एवं दही के उत्पादों का प्रदर्शन भी किया गया, जिसे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा अवलोकन कर सराहा गया। यह क्षण श्री सुभाष के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय रहा।

अपनी सफलता से उत्साहित श्री सुभाष लिल्हारे भविष्य में डेयरी व्यवसाय को और बड़े स्तर पर विस्तार देने की इच्छा रखते हैं। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए उद्यानिकी विभाग एवं पंजाब नेशनल बैंक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम योजना ने उन्हें आत्मनिर्भर बनने का सशक्त माध्यम प्रदान किया है। श्री सुभाष लिल्हारे की यह कहानी न केवल ग्रामीण उद्यमियों के लिए प्रेरणा है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि सरकारी योजनाएं सही हाथों में पहुँचें तो आर्थिक और सामाजिक बदलाव की मजबूत नींव रख सकती हैं।

# गायत्री शक्तिपीठ में बसंत पर्व पर 21 से तीन दिवसीय कार्यक्रम

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** गायत्री शक्तिपीठ लांजी में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी परम पूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य का आध्यात्मिक जन्म दिवस बसंत पंचमी पर्व पर तीन दिवसीय 21 से 23 जनवरी 2026 तक कार्यक्रम मनाया जायेगा। इस अवसर पर 21 एवं 22 जनवरी 2026 को प्रातः आरती के बाद जप-ध्यान व सुबह 10 बजे से 1 बजे तक गायत्री यज्ञ होगा। 23 जनवरी 2026 दिन शुक्रवार को प्रातः आरती के बाद जप - ध्यान एवं 10 बजे से गायत्री महायज्ञ, संस्कार, पूर्णाहुति व महाप्रसादी का वितरण होगा। गायत्री परिवार ट्रस्ट द्वारा सभी धर्म प्रेमी जनों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

लांजी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड)
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# 21 फरवरी के बाद होगी बड़ी प्रशासनिक सर्जरी

## कुछ संभागायुक्त के साथ बदलेंगे कई जिलों के कलेक्टर

भोपाल। सरकार ने 18 जनवरी को 29 आईएएस अधिकारियों का तबादला किया है। इसके बाद प्रदेश में एक और प्रशासनिक सर्जरी की जाएगी। इसमें कुछ संभागायुक्त के साथ दर्जनभर जिलों के कलेक्टर बदले जाएंगे। गौरतलब है कि 21 जनवरी को मुख्य सचिव अनुराग जैन कलेक्टर-कमिश्नर कॉफ्रेंस करने जा रहे हैं। इस बैठक के बाद मैदानी अधिकारियों की परफॉर्मेंस रिपोर्ट तैयार की जाएगी। 21 फरवरी को चुनाव आयोग का तबादलों पर लगा अघोषित प्रतिबंध खत्म होने वाला है। इसके बाद बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल की संभावना जताई जा रही है। इसमें मंत्रालय और विभागध्यक्ष स्तर पर भी अधिकारियों के तबादले होंगे। जिसमें आयुक्त महिला बाल विकास निधि निवेदिता से अन्य विभाग वापस लिए जाएंगे। 2010 बैच सचिव पदोन्नत हो गया है। इस बैच के अधिकारी भी प्रभावित होंगे।

सूत्रों का कहना है कि मुख्य सचिव की कलेक्टर-कमिश्नर कॉफ्रेंस के बाद अधिकारियों की परफॉर्मेंस रिपोर्ट तैयार की जाएगी। उस रिपोर्ट के बाद प्रदेश सरकार बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करेगी। जिसमें एक दर्जन करीब जिलों के जिलाधीश भी बदले जा सकते हैं। इस फेरबदल में भोपाल जिलाधीश कौशलेंन्द्र विक्रम सिंह, धार के प्रियंक मिश्रा से लेकर रीवा, ग्वालियर, मैहर, नर्मदापुरम, झाबुआ जिले की महिला जिलाधीश को बदले जाने की संभावना है। साथ ही 2017 बैच के आईएएस



अधिकारियों को कलेक्टर बनाने का सिलसिला शुरू होगा। जिसमें मुख्य सचिव कार्यालय में पदस्थ दो अधिकारी गुरुप्रसाद और डीके नागेन्द्र को इस साल कलेक्टरी मिलना तय है। मंत्रालय सूत्रों के अनुसार मैदानी अधिकारियों की पदस्थापना को लेकर शासन स्तर पर मंथन हो चुका है। तबादलों में तीन संभागायुक्त भोपाल, ग्वालियर, रीवा को बदला जा सकता है। भोपाल कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह सचिव पदोन्नत हो गए हैं। उन्हें भोपाल संभागायुक्त बनाया जा सकता है या फिर मुख्यमंत्री कार्यालय में वापसी हो सकती हैं।

### 2017 बैच को मिलेगी कलेक्टरी

2017 बैच के कलेक्टर बनने वाले अधिकारियों में सिसोनिया का भी नाम था। इसी बैच के गुरुप्रसाद, डीके नागेन्द्र, सुश्री अंजु अरुण कुमार, अभिलाश मिश्रा, कुमार सत्यम, सौरभ सोनवाने, योगेश तुकारात और राहुल नामदेव को इस साल कलेक्टरी मिल सकती है। इंदौर दूषित पानी मामले में सरकार ने आईएएस रोहित सिसोनिया को निलंबित किया है। वहीं 17 जिलों में पदस्थ महिला कलेक्टरों में से कुछ को टिया जा सकता है। अस समय रुचिका चौहान ग्वालियर, ऊषा परमार पन्ना, प्रतिभा पाल रीवा, रजनी सिंह नरसिंहपुर, सोनिया मीणा नर्मदापुरम, शीतला पटने सिवनी, नेहा मीणा झाबुआ, रिजु बाफना शाजापुर, भव्या मिसल खरगोन, रानी बातड़ मैहर, नीतु माथुर आलीराजपुर, अंजु पवन भदौरिया डिंडौरी, जमुना भिंडे निवाड़ी, अदिति गर्ग मंदसौर, जयति सिंह बड़वानी, प्रीति यादव आगर-मालवा और मिशा सिंह रतलाम कलेक्टर हैं। इनमें से रुचिका चौहान, प्रतिभा पाल, सोनिया मीणा, नेहा मीणा, जमुना भिड़े को बदला जा सकता है।

# प्रदेश की जेलों में होगी सिक्योरिटी ऑडिट

## अब परखी जाएगी सुरक्षा की दीवार

भोपाल। प्रदेश में एक माह के भीतर कैदियों के जेल से भागने की दो घटनाएं सामने आने के बाद सभी सेंट्रल, जिला और सर्किल जेलों का सुरक्षा ऑडिट कराया जा रहा है। हाल ही में सिवनी जिला जेल से तीन कैदी फरार हुए थे। इससे पहले दिसंबर में उज्जैन की खाचरोद उपजेल से भी तीन कैदी भाग गए थे। सभी छह कैदी हत्या या दुष्कर्म जैसे मामलों में जेल में बंद थे।

ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए जेल महानिदेशक वरूण कपूर ने सभी जेल अधीक्षकों को निर्देश दिए हैं। ऑडिट के दौरान यह आकलन किया जा रहा है कि बल की कितनी कमी है, निगरानी तंत्र कमजोर होने के क्या कारण हैं और सीसीटीवी कैमरों की पर्याप्त उपलब्धता है या नहीं। ऑडिट के बाद सभी जेलों में व्यवस्थाएं सुदृढ़ करने के लिए एक संयुक्त योजना तैयार कर राज्य शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा। इसमें यह भी देखा जा रहा है कि दीवारों की ऊंचाई बढ़ाने की आवश्यकता है या नहीं, दीवारों के ऊपर लगी तार फेंसिंग की स्थिति क्या है और कहीं ऐसी जगह तो नहीं, जहां से सहारा लेकर कैदी भाग सकते हों। साथ ही खतरनाक कैदियों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की जा रही है।

### गणतंत्र दिवस पर रिहा होंगे 87 कैदी

गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदेश की विभिन्न जेलों में बंद आजीवन कारावास से दंडित 87 कैदियों को रिहाई दी जाएगी। इसके लिए विभिन्न जेलों से कुल 481 कैदियों के मामलों पर विचार किया गया, जिनमें से 394 को निर्धारित शर्तें पूरी न होने के कारण अपात्र पाया गया।

# दो साल से आंदोलन कर रहे वेटिंग में टीचर ने निकाली रैली

## संविदा वर्ग-1 के वेटिंग लिस्ट के अभ्यर्थियों ने हवन किया; सीएम से लगाई गुहार

भोपाल। संविदा शिक्षक वर्ग-1 में वेटिंग लिस्ट में शामिल सैकड़ों अभ्यर्थियों ने सोमवार को राजधानी भोपाल में हुंकार भरी। ये सभी अभी प्राइवेट स्कूलों में बच्चों को पढ़ा रहे हैं और साल 2023 की उच्च माध्यमिक शिक्षक भर्ती वर्ग-1 की वेटिंग लिस्ट में शामिल हैं। उनका कहना है कि सरकार को 8420 हजार पदों पर भर्ती करना है, लेकिन भर्ती सिर्फ 2901 पद पर ही हुई है। इस वजह से वे वेटिंग लिस्ट में आ गए हैं। सरकार पद बढ़ा देगी तो वेटिंग क्लियर हो जाएगी।

वर्ग-1 उच्च माध्यमिक शिक्षक भर्ती 2023 में वेटिंग सूची में शामिल सैकड़ों अभ्यर्थी पिछले दो साल से आंदोलन कर रहे हैं। उनकी मांग है कि पद वृद्धि और सेकेंड काउंसलिंग की जाए। ताकि लंबे समय से रोजगार की प्रतीक्षा कर रहे योग्य अभ्यर्थियों को नियुक्ति मिल सके। सुबह 11 बजे सभी अभ्यर्थी रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के बाहर इकट्ठा हुए। इसके बाद डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा के बंगले पर पहुंचे। वेटिंग शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज कुमार द्विवेदी ने बताया, साल 2023 में 2 से 20 अगस्त तक परीक्षा हुई थी। तब से अब तक वर्ग-1 में पद बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। कुल 8420 पदों पर सरकार ने भर्ती निकाली थी, लेकिन भर्ती सिर्फ 2901 पदों पर ही हुई है।

दूसरी ओर, करीब 58 हजार पद सरकार मंजूर कर चुकी हैं। वित्त मंत्री लेटर भी लिख चुके हैं। बावजूद सरकार और विभाग पदों को नहीं बढ़ा रहा है। इस वजह से हजारों शिक्षकों का भविष्य अंधेरे में हैं। सभी अभी प्राइवेट स्कूलों में बच्चों को पढ़ा रहे हैं। वेटिंग लिस्ट को क्लियर करने की मांग को लेकर पिछले दो साल से प्रदर्शन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री, डिप्टी सीएम से लेकर विभाग के अधिकारियों से भी मिल चुके हैं। यहां तक कि दंडवत यात्रा भी निकाल चुके हैं। बावजूद पद नहीं बढ़े। इसलिए आज हवन से आंदोलन की शुरुआत की है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की तस्वीर के साथ हवन किया और फिर रैली के रूप में डिप्टी सीएम के बंगले पर पहुंचे।

प्रदर्शन का नेतृत्व देवेश पालीवाल, मनोज दंडोतिया, नीरज द्विवेदी और नागूसिंह देवड़ा कर रहे हैं। उन्होंने बताया, भर्ती प्रक्रिया में उपलब्ध पदों की तुलना में वेटिंग सूची में शामिल अभ्यर्थियों की संख्या अधिक है।

# पीएम मत्स्य संपदा योजना में फर्जी कोटेशन लगाकर हड़पी ली 32 लाख की सब्सिडी

## ईओडब्ल्यू ने दर्ज की एफआईआर दर्ज - आरोपियो में असिस्टेंट डायरेक्टर सहित दो महिलॉए भी शामिल

भोपाल(ईएमएस)। आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) ने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाय) में फर्जी कोटेशन लगाकर 32 लाख रूपये की सब्सिडी हड़पने वालों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपियो में मत्स्य संपदा योजना के सहायक संचालक लक्ष्मण प्रसाद रजक, हितग्राही राजू बाथम, अनिता बाथम, रेखा कुशवाह और एक फर्म गिर्राज जी आल सप्लायर शामिल हैं।

### - महिलाओ को 12-12 और पुरुष को मिली थी 8 लाख की सब्सिडी

विभाग द्वारा साझा की गई जानकारी के मुताबिक सभी आरोपियो के खिलाफ प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अन्तर्गत इन्सुलेटेड वाहन खरीदने के लिये दी जाने वाली सब्सिडी फर्जी तरीके से हासिल करने की शिकायत ईओडब्ल्यू में की गई थी। शिकायत की शुरुआती जांच में पाया गया कि प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अन्तर्गत मत्स्य विभाग जिला शिवपुरी द्वारा हितग्राही राजू बाथम (अध्यक्ष मत्सय उद्योग सहकारी समिति बैराड) रेखा कुशवाह (सदस्य मत्स्य सहकारी संस्था ग्राम छर्च) अनीता बाथम (सदस्य मत्स्य सहकारी संस्था ग्राम पचीपुरा) जिला शिवपुरी द्वारा साल 2022 में मछली पालन एवं परिवहन हेतु इन्सुलेटेड वाहनों पर योजना अनुसार दी जाने वाली सब्सिडी राशि जो महिला हितग्राही को कुल क्रय राशि का 60 प्रतिशत एवं पुरूष हितग्राहियों को 40 प्रतिशत अनुदान के रूप में दी जाती है। राजू बाथम, अनीता बाथम एवं रेखा कुशवाह द्वारा इन्सुलेटेड वाहन न खरीदते हुये चार सीटर लोडिंग वाहन खरीदा गया है। तीनो वाहन एक ही कम्पनी से क्रय किये गये है, तथा वाहनों में इन्सुलेटेड बॉक्स पृथक से गिर्राजजी ऑल सप्लायर राजेश्वरी रोड शिवपुरी से लगवाने के बिल प्रस्तुत किये गये है, प्रत्येक वाहन की खरीदी रकम एवं इन्सुलेटेड बॉक्स लगवाने की कीमत मिलाकर लगभग 20 लाख 23 हजार रूपये होती है। अनीता बाथम एवं रेखा कुशवाह को 12-12 लाख रूपये और पुरुष हितग्राही राजू बाथम को 8 लाख रूपये सब्सिडी राशि स्वीकृत की गई थी।

### कोटेशन के आधार पर ही असिस्टेंट डायरेक्टर ने दे दी रकम

वाहन खरीदने से पहले ही दे दिया सब्सिडी का पैसा जॉच में सामने आया की हितग्राहियों द्वारा वाहन क्रय किये बिना ही मात्र कोटेशन के आधार पर सहायक संचालक मत्स्य उद्योग एलपी रजक जिला शिवपुरी द्वारा हितग्राहियों को अनुदान राशि का अंतरण कर दिया गया। जबकि अनुदानित वाहनो की डिलेवरी उन हितग्राहियों को रकम अतंरण के बाद हुई है, जबकि सब्सिडी का भुगतान पूर्व में ही कर दिया गया है। इसी प्रकार इंसुलेटेड कंटेनर के बिल पूर्व के है जबकि वाहनो की डिलेवरी दस्तावेजो के अनुसार बाद में हुई है। इस प्रकार वाहन प्राप्त हुये बिना वाहनो में इन्सुलेटेड कंटेनर लगवाया जाना संभव नहीं है। इससे प्रमाणित है कि हितग्राहियों द्वारा गिर्राजजी ऑयल सप्लायर्स के जो बिल प्रस्तुत किये है, वह बिना वाहन प्राप्त किये ही कूटरचित तैयार कराये गये है। इस प्रकार इंसुलेटेड कंटेनर के बिल वाहन डिलीवरी दिनांक से पूर्व के होने से प्रथम दृष्टया कूटरचित होना पायसा जाता होता है। अनुदानित वाहन के स्पेसीफिकेशन मापदण्ड के अनुरूप नही पाये गये। आहरण एवं संवितरण अधिकारी एल0पी0 रजक द्वारा उक्त हितग्राहियों के साथ मिलकर शासकीय अनुदान आवंटन के दिशा निर्देशो के विरूद्ध हितग्राहियों को अनुचित तरीके से राशि 32 लाख रूपये का लाभ पहुचाकर शासन को आर्थिक क्षति कारित करने से तत्कालीन सहायक संचालक लक्ष्मण प्रसाद रजक हितग्राही राजू बाथम, अनीता बाथम और रेखा कुशवाह एवं इंसुलेटेड बॉक्सध्कंटेनर के कूटरचित बिल प्रदान करने वाली फर्म गिर्राजजी ऑल सप्लायर के संचालक के विरूद्ध पृथम दृष्टया अपराध प्रमाणित पाया जाने से धारा 420, 409, 467, 468, 471, 120बी भादवि एवं धारा 13 (1) ए सहपठित धारा 13 (2) भ्रनिअ 1988 संशोधित अधिनियम 2018 का अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

# एसआईआर दावे-आपत्ति में धांधली का डर!

भोपाल। मध्य प्रदेश कांग्रेस ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की दावे-आपत्ति प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की आशंका जताई है। पार्टी ने प्रदेश के सभी पदाधिकारियों को सतर्क रहने और सतर्कता बरतने के सख्त निर्देश जारी किए हैं। कांग्रेस का स्पष्ट आरोप है कि भाजपा स्क्रूक के जरिए मतदाता सूची में गड़बड़ी कर वोट चोरी करने के हर संभव प्रयास करेगी। इसलिए हमें हर स्तर पर सतर्क रहना होगा। प्रदेश कांग्रेस ने पदाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सोमवार से 22 जनवरी के बीच लगातार फॉर्म भरने, दावे-आपत्ति की जानकारी रोज जुटाई जाए। विशेष ध्यान रखा जाए कि कोई गलत नाम मतदाता सूची में न जोड़ा जाए और किसी योग्य मतदाता का सही नाम गलत तरीके से न काटा जाए। कांग्रेस ने स्पष्ट किया है कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आधिकारिक फॉर्म-7 को ही मान्य माना जाए। यदि बाहर छपे या अनधिकृत फॉर्म-7 का इस्तेमाल होता दिखे तो उस पर तुरंत आपत्ति दर्ज कराई जाए। पार्टी ने कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे बूथ स्तर पर नजर रखें, प्रभावित मतदाताओं की मदद करें और किसी भी अनियमितता की सूचना तुरंत ऊपरी स्तर पर दें। यह निर्देश ऐसे समय आए हैं, जब एसआईआर के तहत ड्राफ्ट मतदाता सूची में लाखों नाम कटने से राजनीतिक विवाद गरमा गया है।

# आनंदपुर धाम में 3 आईएएस ब्लैकमनी कर रहे व्हाइट

भोपाल। अशोक नगर जिले के आनंदपुर धाम को लेकर कांग्रेस ने गंभीर आरोप लगाए हैं। कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार ने भोपाल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि आनंदपुर धाम में सालों से अवैध गतिविधियां चल रही हैं, लेकिन प्रशासन और सरकार आंख मूंदे बैठी है। अहिरवार ने आरोप लगाया कि आईएएस अधिकारी विवेक अग्रवाल, अविनाश लवानिया और मयंक अग्रवाल ट्रस्ट के माध्यम से काले धन को सफेद करने में मदद कर रहे हैं। उनका दावा है कि ट्रस्ट की सालाना कमाई लगभग 800 करोड़ रुपए है।

प्रदीप अहिरवार ने कहा कि आनंदपुर धाम में युवकों का शोषण किया जा रहा है और यहां देह व्यापार का संगठित रैकेट चल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि महात्मा द्वारा युवकों के शोषण के वीडियो साक्ष्य उनके पास मौजूद हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ट्रस्ट द्वारा आदिवासियों की जमीन और सरकारी भूमि पर कब्जा किया गया है। 2025 में गौहत्या की शिकायत के बावजूद डीजीपी स्तर पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। ट्रस्ट से जुड़े कई महात्माओं पर पहले से आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। यह पूरा मामला मानव तस्करी से भी जुड़ा हुआ हो सकता है।

### पुलिस और प्रशासन ने शिकायतों पर नहीं सुनी

कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि शिकायत के बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की और कलेक्टर को दिए गए ज्ञापन पर भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी इस विषय में हस्तक्षेप करना उचित नहीं समझा। अहिरवार ने कहा कि पिछले 5 सालों से लगातार शिकायतें की जा रही हैं, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। कांग्रेस ने इसे डेरा सौदा पार्ट-2 बताते हुए पूरे मामले की न्यायिक जांच की मांग की है और जल्द ही हाईकोर्ट जाने की घोषणा की।

# खुल सकता है पदोन्नति पर लगा 'ताला'

## प्रमोशन में आरक्षण मामले में सुनवाई आज

भोपाल। मप्र में लाखों अधिकारियो-कर्मचारियों की पदोन्नति प्रक्रिया पर लगा ताला खुलने की उम्मीद एक बार फिर से जगी है। प्रमोशन में आरक्षण मामले में 20 जनवरी को मप्र हाईकोर्ट में सुनवाई होने वाली है। माना जा रहा है कि सरकार की मंशानुसार अदालत से कर्मचारियों की पदोन्नति की राह खुल सकती है। मप्र के कर्मचारी पिछले 10 साल से पदोन्नति की आस लगाए हुए हैं।

गौरतलब है की मप्र में पदोन्नति प्रक्रिया पर प्रतिबंध होने के कारण हजारों कर्मचारी बिना प्रमोशन पाए ही रिटायर हो गए हैं। इस बीच पिछले दस साल से प्रतीक्षारत सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों के लिए मौजूदा माह में अच्छी खबर मिलने की उम्मीद है। पिछले दस साल से जिस प्रमोशन के लिए शासकीय सेवक इंतजार कर रहे हैं, इसी माह इस पर मप्र उच्चतम न्यायलय अपना फैसला दे सकता है। प्रमोशन में आरक्षण को लेकर 13 जनवरी को मप्र हाईकोर्ट में सुनवाई थी, लेकिन चीफ जस्टिस विपिन सचदेवा की व्यस्तता के कारण सुनवाई नहीं हो पाई। अब न्यायालय में प्रमोशन में रिजर्वेशन के विषय पर सुनवाई 20 जनवरी को होना है। जानकारी है कि इसमें सपाक्स, अजाक्स और सरकार के महाधिवक्ता का पक्ष सुनकर हाईकोर्ट अपना निर्णय दे सकता है। गौरतलब है कि विभागों में राज्य से लेकर ब्लाक और गांव स्तर तक सरकारी सेवकों की 31 दिसंबर को सेवानिवत्ति होती है। इस दौरान होने वाले समारोहों में निरंतर प्रमोशन न मिलने की पीड़ा बताई जा रही है। कर्मचारियों के अलावा उनके परिवार भी कहते हैं कि यह हमेशा कुंद्रा बहेगी कि जिस पद पर काम किया। उसी पर रिटायर्ड हुए। उच्च पदों पर जाने का मौका नहीं मिल पाया है।

### 2016 से प्रमोशन पर प्रतिबंध

पिछले दस साल से प्रतिबंध होने के कारण अभी तक अधिकारी और कर्मचारियों के रिटायरमेंट का आंकड़ा करीब एक लाख तक पहुंच गया है। प्रतिमाह शासकीय सेवकों की सेवानिवृत्ति का क्रम बरकार है। लगातार प्रदेश में कर्मचारियों द्वारा मांग उठाई जा रही है कि प्रमोशन के रास्ते तत्काल खोले जाने चाहिए। साल 2016 से प्रमोशन पर प्रतिबंध लगा है। तब से स्थति यह है कि कर्मचारी अधिकारी जिस पद पर काम कर रहा है। उसी पद पर रहते हुए वह रिटायरमेंट ले रहा है। न्यायालयीन निर्णय नहीं होने के कारण प्रदेश में प्रतिबंधित प्रमोशन ने विभागों में सिस्टम को प्रभावित कर दिया है। हालात यह है कि उम्र का दायरा पूरा होने से ऊपर के पद निरंतर स्टियरमेंट से रिक्त हो रहे हैं। अब पदोन्नतियां नहीं होने से योग्य लोग इन पदो पर वहीं पहुंच पा रहे है। काम की गति को बढ़ाने के लिए नियम विरूद्ध जूनियरों को सीनियर का प्रभार दिया जा रहा है। पीडब्ल्यूडी सहित अन्य निर्माण विभागों में एक्ज्युकेटिव इंजीनियर अभियंता की सीट संभाल रहे है। अन्य विभागों में योग्य न होने के बाद भी जूनियरों को वरिष्ठ पदों पर भेजकर काम लिया जा रहा है।

# सांदीपनि विद्यालय में रोजगार मेले का हुआ आयोजन

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। कलेक्टर मृणाल मीना के मार्गदर्शन में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग एवं तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग द्वारा 19 जनवरी को संदीपनी विद्यालय बालाघाट के प्रांगण में मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के अंतर्गत स्थानीय स्तर पर रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेले का आयोजन किया गया। इसमें स्थानीय स्तर पर रोजगार के लिए 485 युवाओ का पंजीयन किया गया है। मेले में मॉयल द्वारा 40 युवाओ का एवं व्यापारियों एवं उद्यमियों द्वारा 80 से 90 युवाओं का चयन किया गया है। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की सदस्य श्रीमती मौसम बिसेन, बालाघाट चेम्बर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष अभय सेठिया, समाजसेवी तपेश असाटी, आशीष मिश्रा एवं रोजगार के लिए आए युवा उपस्थित थे।




कलेक्टर मृणाल मीना नें इस अवसर पर उपस्थित उद्यमियों, व्यापारियों एवं युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना जिले के युवाओ को स्थानीय स्तर पर रोजगार देने में मददगार बनेगी। उन्होंने युवाओ से कहा कि वे इस योजना के तहत मिलने वाले रोजगार का भरपूर लाभ उठाये व अपने घर की आर्थिक स्तिथि कों सुधारे। उन्होने बताया कि इस योजना के अंतर्गत जिले की प्रतिष्ठित कम्पनियों, एचसीएल, मॉयल, एथेनॉल प्लांट, फेरोमैग्नीज प्लांट, अन्य उद्यमों एवं व्यवसायों में स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे, जिससे वे अपने माता-पिता की सेवा के साथ-साथ रोजगार भी कर सकेंगे।

### खनन क्षेत्र में रोजगार के लिए डीजीएमएस सर्टिफिकेट अवश्य प्राप्त करें

कलेक्टर श्री मीना नें सभी युवाओ से कहा कि मॉयल एवं एचसीएल में चयनित युवाओ को निर्धारित अवधि तक कार्य करने पर उन्हें अनुभव प्रमाण पत्र दिया जाएगा और इससे वे डीजीएमएस की परीक्षा देने के लिए पात्र होंगे। उन्होंने युवाओ से कहा कि डिग्री से ज्यादा अनुभव काम आता है, अत: वे डीजीएमएस का सर्टिफिकेट अवश्य प्राप्त करें। इससे वे खनिज क्षेत्र की अन्य बड़ी कंपनियों में अधिक वेतन पर काम करने का अवसर प्राप्त कर सकते है। कलेक्टर श्री मीना नें कार्यक्रम में उपस्थित सभी व्यापारियों से कहा कि वे इस मेले के माध्यम से चयनित युवाओ को अच्छे तरीके से कार्य सिखाये ताकि वे कार्य कों ऊर्जावान होकर कर सकें।

### स्थानीय उद्यमों में 1500 जॉब क्रिएट किये गए

कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के अंतर्गत जिले के युवाओ को स्थानीय स्तर पर रोजगार दिलाने के लिए एचसीएल, मॉयल के साथ ही 200 से अधिक व्यापारियों एवं उद्यमियों द्वारा अपना पंजीयन कराया गया है। इनमें राईस मिलर्स, ट्रेडर्स, एथेनॉल प्लांट, फरोमैग्नीज प्लांट एवं अन्य उद्यमि शामिल है। जिले में स्थित इन कंपनियों, उद्यम एवं व्यापार में 1500 युवाओं के लिए जॉब तैयार किये गए है। 19 जनवरी को आयोजित इस मेले में रोजगार के लिए जिले के 485 से अधिक युवाओ ने अपना पंजीयन कराया है। मेले में उपस्थित स्थानीय उद्यमियों एवं कंपनियों द्वारा युवाओ का इंटरव्यू लिया गया। जिसके पश्चात 40 युवाओ को मॉयल, 50 युवाओ का एचसीएल एवं 80-90 युवाओ का अन्य उद्यमियों एवं कंपनियों द्वारा चयन किया गया है। जिले के युवाओ को स्थानीय स्तर पर रोजगार दिलाने इस तरह के मेले निरंतर आयोजित किये जाएंगे। जिले में संचालित कंपनियों, उद्यमों एवं व्यवसायों में इन रोजगार मेलों के माध्यम से ही स्थानीय युवाओ को रोजगार दिलाया जाएगा।

इस रोजगार मेले में जिले की कंपनियों में बालाघाट फूड एंड पैकर्स, रवि ट्रेडर्स, बालाजी राइस मिल,संतोष किराना स्टोर्स,श्याम प्लाईवुड,विख्यात ट्रेडर्स,लक्ष्मी नारायण ट्रेडिंग कंपनी,मोईल लिमिटेड बालाघाट,एएलएम कॉन्ट्रैक्टर जैसी अन्य स्थानीय जगत की कंपनियों सहित 130 प्रतिष्ठान युवाओ के चयन के लिए शामिल हुए।

# अब जिले में जल स्त्रोतों की निगरानी को मिलेगी तकनीकी मजबूती

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देशानुसार जिले में जल आपूर्ति प्रणाली को अधिक सुदृढ़, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने तथा दूषित जल की समय पर पहचान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अमृत रेखा वेब पोर्टल एवं मोबाइल एप के उपयोग को लेकर 19 जनवरी को कलेक्ट्रेट कार्यालय के कक्ष क्रमांक 205 में जिलास्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न नगरीय निकायों के सहायक यंत्री एवं उपयंत्री शामिल हुए।

प्रशिक्षण के दौरान जानकारी दी गई कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित जल स्त्रोतों की नियमित जांच, जल आपूर्ति प्रणाली में लीकेज की पहचान, दूषित जल की त्वरित सूचना, पानी की टंकियों एवं पाइपलाइनों के सर्वे तथा उन्हें जियो-टैगिंग के माध्यम से मानचित्र पर दर्शाने के लिए अमृत रेखा वेब पोर्टल एवं मोबाइल एप विकसित किया गया है। इस तकनीकी प्लेटफॉर्म के माध्यम से जल आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा सकेगा।

कार्यक्रम में प्रतिभागियों को उपयोगकर्ता निर्माण, सर्वे कार्य की जियो-टैगिंग, रिपोर्ट तैयार करने, डाटा अपलोड करने एवं मानचित्र पर जानकारी प्रदर्शित करने की प्रक्रिया का व्यावहारिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण संयुक्त कलेक्टर एवं परियोजना अधिकारी (जिला शहरी विकास अधिकारी) राहुल नायक की उपस्थिति में आयोजित हुआ, जिसमें ई-दक्ष केंद्र के वरिष्ठ प्रशिक्षक उमाशंकर पटले तथा जिला जीआईएस नोडल अधिकारी श्री पवन शेण्डे द्वारा विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इसके साथ ही प्रशिक्षण सत्र में भारत सरकार के संचार मंत्रालय द्वारा विकसित कॉल बिफोर यू डिग मोबाइल एप की भी जानकारी दी गई।

इस एप के माध्यम से उत्खनन एजेंसियों के पंजीयन, संपत्ति मालिक से संबंधित जानकारी प्राप्त करने तथा आवेदन की स्थिति की ऑनलाइन जांच की प्रक्रिया से प्रतिभागियों को अवगत कराया गया। इस पहल से भूमिगत सेवाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सकेगा। अधिकारियों ने बताया कि अमृत रेखा पोर्टल एवं एप के प्रभावी क्रियान्वयन से जिले में जल गुणवत्ता की सतत निगरानी संभव होगी तथा आमजन को सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

संलग्न फोटो क्रमांक- 28 से 31



# ‘भारत में खेलो या बाहर हो जाओ’

## आईसीसी की बांग्लादेश को अंतिम चेतावनी! विवाद में क्यों कूदा पाकिस्तान?

दुबई। टी20 विश्व कप 2026 में बांग्लादेश की भागीदारी को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) को साफ कह दिया है कि टीम भारत में ही खेलेगी, नहीं तो उसकी जगह दूसरी टीम को शामिल किया जाएगा। आईसीसी ने 21 जनवरी तक का समय दिया है कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड अंतिम फैसला बताकर स्थिति स्पष्ट करे। यह जानकारी ईएसपीएन क्रिकइनफो की रिपोर्ट के जरिए सामने आई। इस मामले में अब पाकिस्तान भी कूद पड़ा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आईसीसी के सामने बात न चलने पर अब बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से संपर्क कर मदद की गुहार लगाई है।



### बांग्लादेश के मुकाबले भारत में ही निर्धारित

मौजूदा शेड्यूल में बांग्लादेश अपने लीग मुकाबले कोलकाता और मुंबई में खेलेगा। बांग्लादेश टीम का पहला मुकाबला सात फरवरी को कोलकाता में वेस्टइंडीज के खिलाफ होगा। इसके बाद टीम अपने दो और ग्रुप मैच कोलकाता में खेलेगी और अंतिम मैच मुंबई में होगा।

बीसीबी ने आईसीसी से ग्रुप बदलने की मांग भी रखी थी, जिसमें कहा गया था कि बांग्लादेश को ग्रुप बी में भेज दिया जाए और आयरलैंड को ग्रुप सी में स्थानांतरित किया जाए, क्योंकि आयरलैंड के मुकाबले श्रीलंका में होने हैं, लेकिन आईसीसी ने इस प्रस्ताव को भी खारिज कर दिया।

### इनकार हुआ तो रिप्लेसमेंट बनेगा स्कॉटलैंड

आईसीसी के करीबी सूत्रों के मुताबिक, यदि बांग्लादेश अंतिम समय तक भारत जाने से इनकार करता है, तो उसकी जगह रैंकिंग के आधार पर स्कॉटलैंड को शामिल किया जाएगा। आईसीसी फिलहाल बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अंतिम फैसले का इंतजार कर रहा है।

### पाकिस्तान का ‘नया पैंतरा’, बांग्लादेश को मिला कूटनीतिक साथ?

इसी बांग्लादेश की टी20 वर्ल्ड कप में भारत में खेलने को लेकर बनी अनिश्चितता के बीच अब पाकिस्तान भी इस मुद्दे पर सक्रिय हो गया है। एनडीटीवी की रिपोर्ट के मुताबिक, बांग्लादेश सरकार ने पाकिस्तान से संपर्क साधा है और इस विवाद में कूटनीतिक तथा क्रिकेटीय समर्थन मांगा है। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान के अधिकारियों को बांग्लादेश की तरफ से टी20 वर्ल्ड कप में भागीदारी को लेकर समर्थन की गुजारिश मिली है। सूत्रों का कहना है कि पाकिस्तान ने बांग्लादेश को सकारात्मक संकेत दिए हैं।

### पाकिस्तान का संकेत : ‘हम भी सोच सकते हैं दोबारा’

रिपोर्ट में कहा गया है, ‘बांग्लादेश की सरकार ने पाकिस्तान के अधिकारियों से संपर्क कर टी20 वर्ल्ड कप में भागीदारी को लेकर समर्थन मांगा है और उन्हें सकारात्मक जवाब मिले हैं।’ रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से यह भी दावा किया गया है कि अगर बांग्लादेश का मुद्दा सुलझा नहीं तो पाकिस्तान वर्ल्ड कप में अपनी मौजूदगी पर पुनर्विचार कर सकता है। सूत्रों ने कहा, ‘पाकिस्तान ने संकेत दिया है कि अगर बांग्लादेश की चिंताओं का समाधान नहीं हुआ तो वे अपनी भागीदारी पर दोबारा सोच सकते हैं।’

### आईसीसी पर ‘दबाव नहीं’ का संदेश

रिपोर्ट में यह भी जोड़ा गया है कि पाकिस्तान सरकार से जुड़े सूत्रों ने पुष्टि की है कि स्थिति तेजी से संवेदनशील हो रही है और इसका टूर्नामेंट की तैयारियों पर असर पड़ सकता है। पाकिस्तान की तरफ से इस बात पर जोर दिया गया है कि किसी भी देश को खेलने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए। सूत्रों के मुताबिक, ‘पाकिस्तान का साफ रुख है कि किसी भी देश पर दबाव नहीं डाला जाना चाहिए। उन्होंने बांग्लादेश को भरोसा दिया है कि इस मसले पर उन्हें पूरा समर्थन मिलेगा।’

### पाकिस्तान की गीदड़भभकी का कितना असर?

पाकिस्तान नहीं खेलने या टूर्नामेंट से नाम वापस लेने की गीदड़भभकी कई बार दे चुका है। उसकी किसी मामले में बीच में टांग अड़ाने की आदत पुरानी है। हालांकि, देश फिर अपनी ही बातों पर यू टर्न लेने में माहिर है। एशिया कप के दौरान भी पाकिस्तान की ओर से यह स्थिति पैदा हुई थी, लेकिन फिर टीम बेशर्मी की हद पार करते हुए पूरा टूर्नामेंट खेला और भारत के खिलाफ तीनों मैच हारा। ऐसे में इस बार भी पाकिस्तान बांग्लादेश को धोखा देकर टूर्नामेंट में खेलने उतर जाए तो कोई हैरानी नहीं होगी।

### विवाद की जड़ आईपीएल और मुस्तफिजुर का मामला

पूरा विवाद तब शुरू हुआ जब बीसीसीआई के निर्देश पर कोलकाता नाइट राइडर्स ने तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल 2026 स्क्वॉड से बाहर कर दिया। इस फैसले का कोई कारण सार्वजनिक नहीं किया गया। इसके बाद बांग्लादेश सरकार ने भारत में आईपीएल प्रसारण पर प्रतिबंध लगा दिया और बीसीबी ने आईसीसी को पत्र लिखकर भारत में वर्ल्ड कप मैच खेलने से इनकार कर दिया।

# शुभमन को टी20 विश्वकप के लिए शामिल नहीं करने का फैसला सही - पार्थिव

मुम्बई । बल्लेबाज शुभमन गिल को टी20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम में शामिल नहीं किये जाने जहां कई दिग्गजों ने नाराजगी जतायी है। वहीं आईपीएल में शुभमन की ही टीम गुजरात टाइटंस के बल्लेबाजी कोच पार्थिव पटेल ने इसे सही फैसला बताया है। पार्थिव के अनुसार शुभमन का प्रदर्शन पिछले काफी समय से टी20 में अच्छा नहीं रहा है। ऐसे में उन्हें टीम में शामिल नहीं करना सही फैसला था। आईपीएल में शुभमन गुजरात टाइटंस के कप्तान है पर फिर भी पार्थिव का मानना है कि चयन समिति का फैसला सही है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चयन प्रदर्शन के आधार पर होता है, न कि इस आधार पर कि आप कितने नामी और बड़े खिलाड़ी हैं।

पार्थिव के अनुसार पिछले कुछ समय में शुभमन का जैसा फार्म रहा है उसको देखते हुए उन्हें बाहर रखकर चयन समित ने ठीक काम किया है। कोच ने कहा कि घरेलू क्रिकेट में कप्तानी संभालने के बावजूद अंतरराष्ट्रीय टीम में जगह मैदान में प्रदर्शनों से ही मिलती है।शुभमन के आंकड़े टी20 में अधिक प्रभावशाली नहीं रहे हैं। साल। 2025 एशिया कप में भी टी20 टीम में जगह हासिल करने के बाद भी शुभमन रन नहीं बना पाये। उन्हें टीम में उपकप्तानी भी दी गयी। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया व दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उन्होंने करीब 15 मैच खेले पर प्रभावित नहीं कर पाये।शुभमन का प्रदर्शन आधुनिक टी20 क्रिकेट के अनुसार नहीं रहा। उनका बल्लेबाजी औसत 25 से नीचे और स्ट्राइक रेट 140 से कम रहा, जो चयनकर्ताओं की अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं रहा। टीम प्रबंधन एक ऐसे खिलाड़ी की तलाश कर रहा था जो तीनों प्रारूप में कप्तानी संभाल सके। इसी लिए शुभमन को अवसर दिया गया था पर ट्रायल पीरियड में ही वह असफल रहे। ऐसे में चयनसमिति ने टी20 विशवकप में पारी की शुरुआत के लिए एक बार फिर आक्रामक बल्लेबाज संजू सैमसन को शामिल किया है। पार्थिव ने कहा, बोर्ड एक ऐसा खिलाड़ी चाहता था जो तीनों प्रारुपों में कप्तानी कर सके। शुभमन को पूरा मौका मिला, लेकिन शायद वह उम्मीदों के मुताबिक योगदान नहीं दे पाए।



# इंडोनेशियाई ओपन बैडमिंटन आज से , सिंधु और लक्ष्य पर रहेंगी नजरें

जकार्ता । भारत की महिला बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु मंगलवार से यहां शुरु हो रहे इंडोनेशिया मास्टर्स 2026 में जीत के इरादे से उतरेंगी। संधु का लक्ष्य इस टूर्नामेंट को जीतकर हाल में इंडिया ओपन में मिली हार से उबरना होगा। संधु इससे पहले मलेशिया ओपन में सेमीफाइनल तक पहुंची थी। जिसके अनुभवों का भी उन्हें लाभ मिलेगा। वहीं महिला एकल के पहले दौर में सिंधु का सामना उनकी कम रैंकिंग वाली जापान की मनामी सुइजु से होगा। सिंधु के अलावा भारत की ओर से मालविका बंसोड़, तन्वी शर्मा और उन्नति हुड्डा भी मुख्य ड्रॉ में उतरेंगी। उन्नति का मुकाबला पहले ही दौर में चीन की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता चेन यूफेई से होगा। वहीं पुरुष एकल में भारत की उम्मीदें शीर्ष खिलाड़ी लक्ष्य सेन से रहेंगी। लक्ष्य हाल ही में इंडिया ओपन में क्वार्टरफाइनल तक पहुंचे थे। उनके अलावा विश्व के पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत, एचएस प्रणॉय, थरुण मन्नेपल्ली और आयुष शेट्टी भी भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। वहीं थाईलैंड के पेरिस ओलंपिक 2024 के रजत पदक विजेता कुनलावुत विटिडसर्न शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के तौर पर उतरेंगे।



वहीं पुरुष युगल में भारत के हरिहरन अमसकरुणन और एमआर अर्जुन की जोड़ी ही मुख्य ड्रॉ में उतरेगी। मिश्रित युगी में ध्रुव कपिला-तनिषा क्रास्टो और रोहन कपूर-रुथविका शिवानी गड्डे की जोड़ियां उतरेंगी। महिला युगल में रश्मि गणेश और सानिया सिकंदर की जोड़ी उतरेंगी।

# मिचेल मार्श की कप्तानी में पाकिस्तान दौरे पर जाएगी ऑस्ट्रेलियाई टीम

सिडनी । क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने मिचेल मार्श की कप्तानी में पाकिस्तान दौरे के लिए अपनी 17 सदस्यीय टीम टीम घोषित कर दी है। 29 जनवरी से शुरू होने वाली इस तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे दर्जे के खिलाड़ियों को शामिल किया है। वहीं टीम के प्रमुख खिलाड़ियों को अगले महीने होने वाले आईसीसी टी20 विश्वकप के लिए आराम दिया गया है। पाक दौरे के लिए टीम के जोश हेजलवुड, पैट कमिंस, टिम डेविड, ग्लेन मैक्सवेल और नाथन एलिस जैसे प्रमुख खिलाड़ शामि नहीं हैं। इसको लेकर मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा कि टिम अभी तक हैमस्ट्रिंग की चोट से नहीं उबर पाये हैं। साथ ही उम्मीद जतायी कि वह भारत और श्रीलंका में 7 फरवरी से शुरू होने वाले विश्वकप तक फिट हो जाएंगे। वहीं हेजलवुड भी अभी तक पूरी तरह से अपनी चोट से नहीं उब हैं और विश्व कप के अभ्यास मैचों से ही वापसी करेंगे। कमिंस भी अभी पूरी तरह से फिट नहीं हुए हैं। मैक्सवेल और एलिस को आराम दिया गया है। टीम में युवा तेज गेंदबाज महली बियर्डमैन और ऑलराउंडर जैक एडवर्ड्स को शामिल किया गया है। इन दोनो ने ही बिग बैश लीग में शानदार प्रदर्शन किया था। बियर्डमैन ने बिग बैश लीग में 30.25 की औसत से आठ विकेट लिए हैं, जबकि एडवर्ड्स ने 18.33 की औसत से 15 विकेट लिए हैं। इसके अलावा टीम में सीन एबॉट, बेन ड्वार्शुइस, मिच ओवेन, जोश फिलिप और मैट रेनशॉ को भी टीम में शामिल किया गया है हालांकि ये खिलाड़ी विश्व कप के लिए शामिल नहीं हैं। बेली ने कहा, ‘यह सीरीज उन खिलाड़ियों के लिए अच्छा अवसर है जो चयन के करीब हैं और कुछ युवा खिलाड़ियों के लिए भी, जिन्हें हम काफी पसंद करते हैं, जिससे उन्हें विश्व कप ग्रुप के साथ पाकिस्तान में अनुभव मिल सके।’ सीरीज के सभी मैच लाहौर में ही होंगे

### टीम इस प्रकार हैं :-

मिचेल मार्श (कप्तान), सीन एबॉट, जेवियर बार्टलेट, महली बियर्डमैन, कूपर कोनॉली, बेन ड्वार्शुइस, जैक एडवर्ड्स, कैमरन ग्रीन, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मैथ्यू कुह्नमैन, मिच ओवेन, जोश फिलिप, मैथ्यू रेनशॉ, मैथ्यू शॉर्ट, मार्कस स्टोइनिस, एडम जंपा।

# टी20 विश्वकप में ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाना है लक्ष्य - कमिंस

मेलबर्न । ऑस्ट्रेलिई टीम के कप्तान पैट कमिंस ने कहा है कि उनका लक्ष्य नये साल में भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्वकप में बेहतर प्रदर्शन कर अपनी टीम को जीत दिलाना है। कमिंस ऑस्ट्रेलियाई टीम के मुख्य तेज गेंदबाज हैं और कार्यभार प्रबंधन के तहत ही उन्हें एशेज सीरीज के बचे हुए दो टेस्ट मैचों से बाहर रखा गया है। कमिंस चोटिल होने के कारण पहले दो टेस्ट में शामिल नहीं थे। मेजबान टीम ने पहले ही सीरीज 3-0 से जीत ली है जिससे देखते हुए कमिंस को उतारकर टीम जोखिम नहीं लेना चाहती है। कमिंस को जून जुलाई में वेस्टइंडीज दौरे पर कमर में चोट लगी थी। जिससे देखते हुए टीम प्रबंधन उनपर अधिक बोझ नहीं डालना चाहता। वहीं कमिंस ने कहा कि अब आराम करने के बाद उन्हें पहले से बेहतर लग रहा है।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरिज में असफल रहे रोहित का शुभमन ने किया बचाव

इंदौर। भारतीय क्रिकेट टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में 1-2 से हार का सामना करना पड़ा है। इस सीरीज में भारतीय टीम की हार का कारण सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा का असफल होना रहा है जिससे एक बार फिर उनके फार्म पर सवाल उठे हैं। रोहित सीरीज के तीनों ही मैच में बड़ी पारी नहीं खेल पाये और केवल 61 रन ही बना पाये। तीसरे एकदिवसीय में भारतीय टीम को तीन सौ से अधिक रनों का लक्ष्य मिला था पर रोहित केवल 11 रन ही बना पाये।

सीरिज में उनका सबसे अधिक स्कोर 26 रन रहा है। वहीं टीम के कप्तान शुभमन गिल ने रोहित का बचाव करते हुए कहा है कि वह इस सीरीज में अच्छी शुरुआत को बड़ी पारियों में नहीं बदल पाये और ऐसा होता रहता है। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया सीरीज में उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी की थी। पिछले छह एकदिवसीय में उन्होंने चार बार 50 से ज्यादा रन बनाये थे पर इस बार वह इस लय को बनाये नहीं रख पाये। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम एकदिवसीय में रोहित केवल 11 रन ही बना पाये। इस प्रकार तीन एकदिवसीय मैचों में वह 26, 24 और 11 रन ही बना पाये। इसी कारण भारतीय टीम बड़े स्कोर नहीं बना पायी ओर उसे हार का सामना करना पड़ा। शुभमन ने मैच के बाद कहा, मुझे लगता है कि वह अच्छे फॉर्म में हैं, ऑस्ट्रेलिया सीरीज से लेकर दक्षिण अफ्रीका सीरीज तक उन्होंने रन बनाये हैं। इस सीरीज में वह अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल पाये पर मुझे लगता है कि उन्होंने पहले दो एकदिवसीय में टीम को अच्छी शुरुआत दी थी। एक बल्लेबाज के तौर पर आप हमेशा चाहते हैं कि उन शुरुआतों को बड़े स्कोर में बदलें और शतक बनाएं हालांकि हर बार ऐसा संभव नहीं होता।

# कोको गॉफ ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचीं

मेलबर्न । अमेरिकी महिला टेनिस स्टार कोको गॉफ ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस में जीत के साथ ही दूसरे दौर में पहुंच गयीं हैं। गॉफ ने महिला एकल में उज्बेकिस्तान की कामिला राखीमोवा को पहले दौर में सीधे सेटों में 6-2, 6-3 से हराया। ये मुकाबला संघर्ष पूर्ण रहा और एक घंटे 39 मिनट तक चला। मैच के दौरान इस खिलाड़ी ने सात डबल फॉल्ट किए। पहले सेट में राखीमोवा ने संघर्ष करते हुए 2-5 पर सर्व करते समय तीन सेट अंक बचाए। इसके बाद भी गॉफ ने एक अच्छे सर्व के जरिए पहला सेट जीत लिया। वहीं दूसरे सेट में उज्बेक खिलाड़ी ने अच्छे शॉट्स लगाकर मैच में वापसी के प्रयास किये पर गॉफ के सामने राखीमोवा टिक नहीं पायीं।

दूसरे सेट में गॉफ ने 5-1 की बढ़त हासिल की। एक गेम में डबल फॉल्ट और कुछ गलतियों के कारण राखीमोवा को वापसी का अवसर मिला पर अमेरिकी खिलाड़ी ने तुरंत ब्रेक हासिल करते हुए मैच का छठा ब्रेक हासिल करते हुए सीधे सेटों में मुकाबला जीत लिया। मैच के बाद गॉफ ने कहा कि वह पहले दौर में अपने पर ज्यादा दवाब नहीं डालना चाहतीं और उनका एकमात्र लक्ष्य टूर्नामेंट जीतना रहा है। अब अगले दौर में गाफ का सामना सर्बिया की ओल्गा डैनिलोविच से होगा। ओल्गा ने पहले ही दौर में सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस विलियम्स को हराकर एक बड़ा उलटफेर किया है।

# भारत दौरे में पहली एकदिवसीय सीरिज जीत से उत्साहित हैं ब्रेसवेल

इंदौर। न्यूजीलैंड के कप्तान माइकल ब्रेसवेल ने भारत में पहली बार एकदिवसीय क्रिकेट सीरीज में मिली जीत पर खुशी जतायी है। इस सीरीज में पहले एकदिवसीय में मिली हार के बाद कीवी टीम ने शानदार वापसी करते हुए, बचे हुए दोनो ही मैच जीतकर सीरीज अपने नाम की है। सीरीज में जीत से उत्साहित ब्रेसवेल ने कहा, ‘भारत जैसी विश्व की शीर्ष स्तर की टीम को उसी की धरती और प्रशंसकों के सामने हराना आसान नहीं है।, हमारे लिए ये बड़ी बात है क्योंकि टीम ने विपरीत हालातों में ये जीत हासिल की है। टीम ने हालातों को अच्छी तरह समझते हुए एक ईकाई की तरह खेला जिससे उसे जीत मिली।’

ब्रेसवेल ने इस दौरान बल्लेबाज डेरिल मिचेल के अच्छे प्रदर्शन की प्रशंसा की और कहा कि वह पिछले कुछ साल से एकदिवसीय क्रिकेट में बेहतरीन प्रदर्शन करते रहे हैं। वह आगे बढ़कर बल्लेबाजी की कमान संभालते रहे हैं। ब्रेसवेल ने इस दौरान डेब्यू करने वाले खिलाड़ियों के योगदान की भी सराहना की हैं।

उन्होंने साथ ही कहा, ‘हमारा देश काफी छोटा है पर हमने एकजुट होकर खेला है। हमारी ताकत यह है कि हम एक ग्रुप के तौर पर मिलकर काम करते हैं। साथ ही कहा कि जब युवा खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का अनुभव मिलता है तो वे दबाव में अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो ये टीमों के भविष्य के लिए अच्छा संकेत होता है।’ सीरीज में अच्छे प्रदर्शन के लिए अवार्ड जीतने वाले मिशेल ने कहा कि भारत में इस प्रकार सीरीज जीतना बड़ी बात है। साथ ही कहा कि हमने जिस प्रकार से मिलकर खेला और साझेदारियां बनायीं, उसी से ये सब संभव हुआ।

# आशालता को भारतीय टीम के फीफा विश्वकप के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदें

नई दिल्ली। भारतीय महिला फुटबॉल की अनुभवी खिलाड़ी आशालता देवी को उम्मीद है कि इस बार टीम फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में सफल रहेगी। उन्होंने माना है कि सीनियर टीम लगातार सुधार कर रही है पर वह अभी भी विश्वस्तरीय मानकों से पीछे है। 100 से अधिक मैचों की अनुभवी इस डिफेंडर के अनुसार फीफा विश्व कप में खेलना का सपना सभी का है पर इसके लिए हमें विश्व के शीर्ष खिलाड़ियों के साथ अंतर को कम करने के लिए जमीनी स्तर पर काम करना होगा। आशालता ने कहा, ‘विश्व कप में खेलने का हमारा सपना अभी भी जीवित है। हमें इस समय और भी ज्यादा प्रयास करने होंगे। साथ ही कहा कि अब तक तीनों राष्ट्रीय टीमें अंडर-17, अंडर-19 और सीनियर टीम एएफसी एशियाई चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं, जिससे साल 2026 भारतीय महिला फुटबॉल के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने कहा, ‘अंडर-17, अंडर-19 और सीनियर टीम पहले ही एएफसी (प्रतियोगिताओं) के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं। अगर हम वहां अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो जाहिर है कि विश्व कप का में खेलने का हमारा सपना पूरा हो सकता है। उन्होंने कहा, “हम लंबे समय से बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं पर इसके बाद भी विश्वस्तरीय मानकों तक नहीं पहुंचे हैं। मुझे सभी खिलाड़ियों की क्षमताओं पर पूरा भरोसा है। मुझे पूरी उम्मीद है कि इस बार हम विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में सफल रहेंगे। इस खिलाड़ी के अनुसार खेल को बेहतर बनाने के लिए, जमीनी स्तर पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है।

# मेदवेदेव ऑस्ट्रेलियन ओपन में जोंग को हराकर दूसरे दौर में पहुंचे

मेलबर्न। रुस के टेनिस स्टार डेनियल मेदवेदेव जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस के दूसरे दौर में पहुंच गये हैं। विश्व के पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी मेदवेदेव ने पहले दौर में नीदरलैंड्स के जेस्पर डी जोंग को 7-5, 6-2, 7-6(2) से हराया। दो घंटे ये अधिक समय तक चले इस मुकाबले में मेदवेदेव को डच खिलाड़ी से जीत के लिए संघर्ष भी करना पड़ा। मेदवेदेव ने इस जीत के साथ ही 2026 सत्र में 6-0 की जीत का रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने मैच में मिले 13 ब्रेक अंकों में से सात से लाभ उठाया। पहले सेट में दो बार वह ब्रेक के कारण मिली बढ़त का लाभ नहीं उठा पाये जबकि तीसरे सेट में दो अवसरों पर मैच सर्व करते हुए जीत हासिल करने में विफल रहे। इसके बाद भी उन्होंने धैर्य बनाए रखा और टाई-ब्रेक में जीत हासिल की। मैच में दोनों खिलाड़ियों की सर्विस कई बार टूटी, पर मेदवेदेव ने अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए महत्वपूर्ण फैसले लिए।

# विश्वकप में खेलना सभी का सपना रहता है - सिराज

मुम्बई। अगले माह 7 फरवरी से होने वाले टी20 विश्वकप के लिए इस बार भारतीय टीम में तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को जगह नहीं मिली है। सिराज हालांकि इससे निराश नहीं हैं और उनका कहना है कि भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करेगी। सिराज ने कहा कि वह भी इस टूर्नामेंट में खेलने चाहते थे क्योंकि सभी का सपना विश्वकप जैसे बड़े टूर्नामेंटों में देश की ओर से खेलना रहता है। विश्वकप इस बार भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम की तेज गेंदबाजी की कमान जसप्रीत बुमराह संभालेंगे। उनका साथ अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा देंगे।

सिराज ने कहा, मैंने पिछले ट्20 विश्वकप में खेला था पर इस बार अवसर नहीं मिला। एक खिलाड़ी के लिए सबसे बड़ा सपना विश्व कप में खेलकर टीम को जीत में योगदान देना रहता है।



उन्होंने कहा कि विश्वकप के लिए हमारी टीम अच्छी है। वह अच्छे फार्म में भी है। जिससे उम्मीद है कि टीम टूर्नामेंट जीतेगी। वहीं सिराज ने कार्यभार प्रबंधन को भी जरूरी बताया। न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरिज से पहले उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के दौरान आराम दिया गया था। उन्होंने कहा, मुझे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछली एकदिवसीय सीरिज से आराम दिया गया था क्योंकि मैंने गुवाहाटी में उनके खिलाफ दूसरे टेस्ट में 40 ओवर फेंके थे। मैं टीम से बाहर नहीं हुआ हूं। मैंने ऑस्ट्रेलिया में एकदिवसीय सीरीज खेली, फिर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुझे आराम दिया गया। उन्होंने कहा कि एक तेज गेंदबाज को पर्याप्त आराम बहुत जरूरी है। मैं लगातार टेस्ट मैच खेल रहा हूं। ऐसे में आपको तरोताजा होने के लिए आराम की जरूरत होती है।

# आईपीएल में प्लेऑफ की प्रबल दावेदार रहेंगी ये टीमें - अमित मिश्रा

नई दिल्ली। पूर्व क्रिकेटर अमित मिश्रा ने कहा है कि कोलकाता नाइटराइडर्स, मुंबई इंडियंस, सनराइजर्स हैदराबाद और डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु आईपीएल 2026 के प्ले ऑफ में पहुंच सकती हैं। इस पूर्व स्पिनर के अनुसार गुजरात टाइटंस को भी खिताबी दौड़ में कमजोर नहीं माना जा सकता है। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा, केकेआर, एमआई, एसआरएच, आरसीबी और जीटी। मेरे ख्याल से इन पांच में से कोई चार टीमें प्लेऑफ में पहुंचेंगी।

# नगर में दिख रहा आवारा कुत्तों का आतंक, बैहर रोड़ के लोग, कुत्तो से सबसे ज्यादा परेशान

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। नगर में पिछले कुछ वर्ष पूर्व से शुरू हुई आवारा श्वानों से परेशानी की समस्या अब बढ़ते जा रही है।आलम यह है कि शहर के प्रमुख चौराहों व गलियों से राहगीरों का पैदल चलना भी दूभर हो रहा है। हाथों में बैग व थैला लेकर चलने वाले राहगीरों को ये आवारा श्वान न सिर्फ दौड़ाकर भयभीत कर रहे हैं, बल्कि अपने जहरीले नुकीले दांतों व पंजों से वार कर जख्मी भी कर रहे हैं। नगर में आवारा श्वानों की तादाद इतनी अधिक बढ़ गई है कि अब लोग अपने बच्चों को अकेले घर से बाहर भेजने में भी हिचकिचाने लगे हैं जहां नगर के मुख्य मार्ग सहित अंदर गलियों में भी आवारा कुत्तों का इससे इन दिनों बैहर रोड़ स्थित वार्ड नं 8, 9, 10, 3 और वार्ड नं 4 में देखा जा रहा है। इसके पूर्व कुत्ते के काटने से नगर सहित जिले में 2 लोगो की मौत भी हो चुकी है।वही सैकड़ो की संख्या में लोग घायल हुए है।बावजूद इसके भी नपा आवारा श्वानों के खिलाफ कड़े कदम नही उठा रही है। नपा ऐसा काम करे कि जल्द ही स्थानीय लोगो को आवारा कुत्तों( श्वानों) के इस आतंक से छुटकारा मिल सके।



आए दिनों हिंसक रूप दिखा रहे श्वान

जिले में नगरीय क्षेत्र के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा कुत्तों का आंतक लगातार बढ़ते ही जा रहा है, और झुंड में बैठे कुत्ते कभी भी और किसी भी समय अचानक से हिंसक हो जाते है, और गुजर रहे लोगों को हमला कर उन्हें घायल कर रहे है, जिससे लोगों के बीच रैबीज की बीमारी होने का खतरा बढ़ रहा है। बालाघाट जिले में कुछ माह पूर्व अगस्त से दिसंबर तक आवारा कुत्तों के काटने से दो लोगों की मौत भी हो चुकी है, इतना ही नहीं ये आवारा श्वान न सिर्फ मानव बल्कि वन्यप्राणी व सारसा पक्षी के लिए भी खतरा बने हुए है।जिनका जल्द ही कोई प्रबंध किया जाना चाहिए।

### 23 नवंबर की घटना से भी नपा नही ले रही सबक

जिला अस्पताल में जिले भर से श्वानों के काटने के केस, हर 2-4 दिनों में आते ही रहते है।लेकिन नगर में भी आवारा श्वानों का आतंक कम नही है। पिछले दिनों 23 नवंबर की सुबह नगरीय क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 8 नवाब नगर निवासी मो. जमीर पिता मो. इशाक खान 48 वर्ष को आवारा कुत्ते ने काट लिया था।वे मिस्त्री काम करते थे और अपने परिवार का भरण-पोषण करने की जिम्मेदारी उन पर ही थी।जो नमाज पढ़ने के बाद अपने घर वापस जा रहे थे यहां रास्ते में पांच से छ कुत्तों के झुंड ने उन पर अचानक से हमला कर दिया और उनके हाथ व अन्य स्थान पर काट कर उन्हें घायल कर दिया। जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाकर बचाव के लिए रैबीज का इंजेक्शन भी लगाया गया था। जिसके 15 दिन उन्हें रैबीज हो गया और फिर आखिरकार 7 दिसंबर को उनकी मौत हो गई थी।

### हट्टा के ग्राम पिपरझरी निवासी 14 वर्ष के बालक की हुई थी मौत

ज्ञात हो कि हट्टा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पिपरझरी निवासी बालक त्रिलोक पिता मेघराज राहंगडाले 14 वर्ष कक्षा नवमीं का छात्र था। उसके माता-पिता खेती-किसानी व मजदूरी का काम करते है। 19 अगस्त के डेढ़ माह पहले उसको गांव में ही एक पागल कुत्ते ने काट लिया था। जिसके बाद उसे नजदीक के सालेटेका स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए ले जाया गया, लेकिन यहां पर वैक्सीन नहीं लग पाने से उसे जिला अस्पताल ले जाने कहा गया था। जिसके बाद देशी तरीके से गांव में ही उसका उपचार किया गया और उसको वैक्सीन नहीं लग पाई। ऐसी स्थिति में उचित खानपान न हो पाने के चलते 18 अगस्त को बालक की तबियत खराब हो गई और उसे एबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में उपचार के लिए लाकर भर्ती कराया गया, यहां से उसे नागपुर मेडिकल रेफर कर दिया गया।नागपुर में उपचार के दौरान 19 अगस्त की रात करीब 9 बजे उसकी मौत हो गई थी।

### वन्यप्राणी भी नहीं सुरक्षित,सारस को भी कर चुके है घायल

आवारा कुत्तों का आतंक ना सिर्फ नगरी क्षेत्र में है बल्कि इनका आतंक जंगल क्षेत्र में भी देखा जा रहा है।नगरीय क्षेत्र के दक्षिण सामान्य वनपरिक्षेत्र बजंरग घाट, बूढ़ी, शंकरघाट, डेंजर रोड, चांदमारी, जागपुर घाट, वैनगंगा नदी के किनारे पर फैला हुआ है, और बहुताय में हिरण, कोटरी, चीतल, जंगली सूअर सहित अन्य वन प्राणी विचरण करते है।दक्षिण वन परिक्षेत्र के इस जंगल में आवारा कुत्तों का भी आंतक रहता है, और ये आवारा कुत्तों हिरण, कोटरी, चीतल जैसे वन्यप्राणियों का पीछा कर उन्हें मार देते है, पिछले माह दिसम्बर में आवारा कुत्तों ने एक साथ दो चीतल का शिकार किए थे। वहीं सारस पक्षी को भी कुत्तों के झुंड ने घायल कर दिया था।

### डाग लवर्स नहीं होने दे रहे अभियान सफल

आवारा कुत्तों की जन संख्या को रोकने उन्हें पकड़कर उनका बधियाकरण किए जाने के लिए नगर पालिका परिषद बालाघाट के द्वारा समय-समय पर अभियान तो चलाया जाता है।लेकिन उसकी निरंतर मॉनेटरिंग नही की जाती, वही डाग लवर्स भी यह अभियान सफल नहीं होने देते।हाल ही में नगरीय प्रशासन ने कुत्तों को पकड़कन उन्हें वैक्सीन लगाने का काम शुरु किया तो यह काम भी विवादों के घेरें में आ गया था।तब से आवारा श्वानों के खिलाफ कोई कार्यवाही भी नही हो रही है।

### बच्चों का घर से निकलना हो गया मुश्किल- रिजवान

नगर के वार्ड नंबर 10 में कुत्तों के झुंड को भगा रहे वार्ड नंबर 10 निवासी रिजवान खान ने बताया कि पिछले कुछ माह से कुत्तों का आतंक कुछ ज्यादा ही बढ़ गया है, उनके घर की दो मुर्गियां आवारा कुत्ते खा चुके हैं वही बच्चों का घर से निकलना भी मुश्किल हो चुका है। आलम यह है कि हमें सुबह उठते बराबर कुत्तों को भगाना पड़ रहा है। इसके पूर्व नगर पालिका द्वारा कुत्ते पकड़ने का काम शुरू कराया गया था लेकिन हमारे वार्ड नंबर 10 में आज तक कुत्ता पकड़ने के लिए कोई नहीं आया। जबकि इसके पूर्व वार्ड नंबर 8 में एक व्यक्ति की, कुत्ते के काटने से मौत हो चुकी है उसके बाद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। हमारी मांग है इन्हें पड़कर शहर से बाहर कहीं दूर ले जाकर छोड़ना चाहिए।

## आनंद उत्सव कार्यक्रम मे विभिन्न विधाओं मे बच्चों ने दिखाई प्रतिभाये

पद्मेश न्यूज। किरनापुर। तहसील मुख्यालय ग्राम पंचायत किरनापुर में तीन ग्राम पंचायतों किरनापुर, आमगांव एवं बड़गांव का संयुक्त रूप से आनंद उत्सव कार्यक्रम स्थानीय बेसिक शाला ग्राउंड मे आज 19 जनवरी 2025 दिन सोमवार को बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास से आयोजित किया गया। शासन की मंशानुरूप इस संबंध मे स्थानीय बेसिक शाला ग्राउंड मे आनन्द उत्सव कार्यक्रम मे 100 मी दौड़, आलु रस्सा कस्सी, बोरा दौड़, वालीबॉल, सुई धागा दौड़, कुर्सी दौड़ के अलावा गीत गायन, डांस प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमे प्रतिभागी बच्चों द्वारा अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा के जौहर दिखलाए। वही बच्चों को पारितोषिक भी प्रदान किए गए।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत किरनापुर तथा मुख्य अतिथि के रूप मे कल्याण सिंह राणा, एवं विशेष अतिथि के रूप मे जनपद पंचायत सदस्य मनीष भीमटे, शासकीय महाविद्यालय जन भागीदारी समिति अध्यक्ष राम कुमार राणा ग्राम पंचायत के पंचगण सहित अन्य गणमान्य नागरिकों की प्रमुख मौजूदगी रही। इस अवसर पर मंचासिन अतिथि वक्ताओं द्वारा सरकार द्वारा आयोजित किए जा रहे आनन्द उत्सव कार्यक्रम के संबंध मे विस्तार से जानकारी देते हुए सभी को शुभकामनाएं दी।इस कार्यक्रम को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने मे पी एम श्री विद्यालय प्राचार्य इन्द्र श्याम ठाकरे, एल एन बसेना,शासकीय प्राथमिक शाला आमगांव के प्रधान पाठक माधव बघेल, प्रकाश चौहान, पीतम पांचे,शासकीय प्राथमिक शाला से प्रकाश वैद्य, ग्राम पंचायत सदस्य जे पी रामटेके, अंकुश पचभैया, विजय लिलहारे,सचिव नरेन्द्र डहरवाल, बड़गांव पंचायत सरपंच कृष्णा गुरुबेले, परसराम गुरुबेले,ग्राम रोजगार सहायक अरुण कोसरे, ग्राम पंचायत आमगांव सचिव द्वारका चौधरी, खेल शिक्षक सुरेन्द्र चित्रिव, विजय बोपचे, अनेक स्कूलों के शिक्षक,शिक्षिकाएं सहित अनेक लोगों की उपस्थिति रही।




## आदिवासी, पिछड़ो और दलितों के घर जाकर बैठो, कांग्रेस सेवादल प्रदेश अध्यक्ष ने जिलाध्यक्ष को दिया संदेश

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। जबलपुर में आयोजित कांग्रेस सेवादल के संभागीय बैठक में जिलाध्यक्ष जीतु बर्वे के साथ जिले के सेवादल पदाधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। यहां कांग्रेस सेवादल प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव ने संभागीय बैठक और जिला एवं ब्लॉक स्तर पर कांग्रेस सेवादल के प्रशिक्षण शिविर पर महत्व डालते हुए बताया कि क्षेत्र में आदिवासी, पिछड़ों और दलितों के घर जाकर बैठो और उनसे चर्चा करो।



सेवादल यंग बिग्रेड प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र तिवारी ने कार्यकर्ता को घर-घर जाने का निर्देशित किया।

जबलपुर विधायक लखन घनघोरिया ने बताया कि सेवादल ने देश की आजादी से निर्माण और विस्तार तक महती भूमिका निभाई है सेवा दल एक अनुशासित टीम है। सेवा दल महिला प्रदेश अध्यक्ष संगीता कांकरिया ने महिलाओं की सेवादल में संख्या बढ़ाने पर जोर दिया।

### ये बनाए गए ब्लाक अध्यक्ष

संभागीय सम्मेलन में जिलाध्यक्ष जीतु बर्वे ने जिले में संगठन विस्तार को लेकर नए ब्लॉको में ब्लॉक अध्यक्ष के नामो की घोषणा कराई। जिसमें लालबर्रा में ब्लॉक अध्यक्ष मथुरा बिसेन,वारासिवनी शहर ब्लॉक अध्यक्ष प्रणय धार्मिक, डोंगरमाली ब्लॉक अध्यक्ष दिलीप बिसेन, खैरलांजी ब्लॉक अध्यक्ष सुभाष क्षीरसागर और भरवेली ब्लॉक अध्यक्ष भीम वाहने को नियुक्त किया गया। इस सम्मेलन में जिले से जिला अध्यक्ष जीतू बर्वे के साथ ही ब्लॉक अध्यक्ष शाबिर मंसूरी, वारासिवनी प्रभारी भुवन लौहार, उपाध्यक्ष आशिफ खान सहित अन्य सेवादल साथी पहुंचे थे।

# संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए जिले की क्रिकेट टीम जबलपुर रवाना

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। सोमवार को नगर के मुलना स्टेडियम ग्राउंड में जिला स्तरीय क्रिकेट चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।खेलो एमपी यूथ गेम के तहत आयोजित इस जिला स्तरीय खिलाड़ी चयन प्रतियोगिता के दौरान जिले के सभी 10 बालाघाट पहुंचे करीब 120 बालक खिलाड़ियों में 16 खिलाड़ियों का चयन, उनके उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के आधार पर किया गया। इसके उपरांत चयन समिति द्वारा जिला स्तरीय टीम बनाई गई, जिन्हें सोमवार की शाम संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में खेलने के लिए जबलपुर रवाना किया गया है। जिले की यहां टीम 20 जनवरी को जबलपुर में आयोजित संभाग स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेगी। जहां पर खिलाड़ियों के उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन भोपाल और इंदौर में आगामी समय में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा।खेलो एमपी यूथ गेम के तहत नगर के मुलना स्टेडियम में आयोजित इस जिला स्तरीय क्रिकेट टीम चयन प्रतियोगिता के दौरान मुख्य रूप से चयनकर्ताओं में मनोज चक्रवर्ती, तपेश हरिनखेडे, राकेश मदनकर, रोहन वर्मा,जिला क्रिकेट संघ सचिव निशांत मिश्रा,और उपाध्यक्ष शशि वर्मा सहित अन्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे,जिन्होंने



खिलाड़ियों का चयन कर उन्हें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता खेलने के लिए जबलपुर रवाना किया। बताया गया कि प्रतियोगिता के लिए बालिका खिलाड़ियों का चयन 25 जनवरी को किया जाएगा।

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ी होंगे शामिल - निशांत

जिला क्रिकेट संघ सचिव निशांत मिश्रा ने बताया कि आज सभी 10 ब्लॉकों से खिलाड़ी मुलना स्टेडियम में बुलाए गए थे, करीब 120 खिलाड़ियों में से 16 बालक खिलाड़ियों का चयन कर, जिला स्तरीय टीम बनाई गई है।जिसे संभाग स्तरीय प्रतियोगिता खेलने के लिए जबलपुर रवाना किया गया है।उन्होंने बताया कि जिलेभर से जिन खिलाडियों का चयन हुआ है वह सभी खिलाड़ी, खेल में काफी माहिर है।इनका मुकाबला 20 जनवरी को जबलपुर में किसी अन्य जिले की टीम के साथ होगा और उसमें खिलाडियों के उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के आधार पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ी चुने जाएंगे।हमें पूरी उम्मीद है कि बालाघाट के खिलाड़ी भी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होंगे।

## श्री राममंदिर अयोध्या जी प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर विभिन्न कार्यक्रम 22को

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। नया श्रीराम मंदिर प्रभात फेरी दल बालाघाट द्वारा 14 नवंबर 2023 से नगर में अखंडित रूप से प्रभात फेरी निकाली जा रही है,जो प्रतिदिन प्रात: 6 बजे नए श्रीराममंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए नए श्रीराम मंदिर पर संपन्न होती है।इसी कड़ी में 22 जनवरी गुरुवार को श्रीराम मंदिर अयोध्याजी प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर दल द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जा रहे है।जिसमें प्रात: 6 बजे नया श्रीराममंदिर से संगीतमय प्रभातफेरी निकाली जाएगी,जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए नया श्रीराममंदिर पर संपन्न होगी। तो वही सायं 7 बजे से नया श्रीराममंदिर में गोंदिया के प्रसिद्ध भजन गायक मितेश परमार एवं टीम द्वारा सुमधुर संगीतमय भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।प्रभातफेरी दल के सभी सदस्यों ने शहरवासियों से उक्त आयोजनों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

## सूर्योदय वालीबॉल टीम के खिलाडियों को खेल किट का किया गया वितरण



पद्मेश न्यूज। किरनापुर। सूर्योदय वालीबॉल क्लब किरनापुर द्वारा वालीबॉल टूर्नामेंट के अन्तिम दिन रविवार को रात्रि में मंचासिन अतिथियो मे भाजपा मंडल अध्यक्ष मीना नन्हें बहेकार, सरपंच हिर्री विनीता राजेन्द्र पाराशर, सरिता जोशी, लता मलघाटी, थाना प्रभारी माधव शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता मंगल प्रसाद रैकवार के हस्ते गरिमामय माहौल मे सूर्योदय वालीबॉल क्लब के उभरते हुए युवा प्रतिभावान टीम के सभी खिलाडियों को खेल किट का वितरण किया गया। उल्लेखनीय हैं कि यह खेल किट नगर पालिका गोंदिया के नव निर्वाचित अध्यक्ष सचिन शेंडे द्वारा उपलब्ध कराए गए हैं। इसके लिए पूरी टूर्नामेंट समिति द्वारा आयुष्मान सचिन शेंडे का आभार व्यक्त किया गया है।

## प्रतिमा के समीप दीप जलाकर दी श्रद्धांजलि, तो माल्यार्पण कर किया जयघोष

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी जिला मुख्यालय सहित अन्य तहसील व ग्रामीण अंचलों में 19 जनवरी को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि मनाई गई। नगर में भी वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 429 वी पुण्यतिथि के अवसर पर सोमवार को राजपूत करणी सेना द्वारा उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जयघोष किया गया। तो वहीं प्रतिमा के समीप दीप जलाकर उन्हें युवाओं ने श्रद्धांजलि दी।तो वही उन्होंने महाराणा प्रताप की जीवनी का बखान करते हुए उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प भी लिया।सोमवार की शाम आयोजित कार्यक्रम के दौरान, राजपूत करणी सेना के सभी पदाधिकारी व सदस्य सराफा बाजार परिसर स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने पहुचे, जहा उन्होंने सर्वप्रथम प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजन अर्चन के पश्चात प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपने श्रद्धा-सुमन अर्पित किए।ततपश्चात हाइड्रोलिक मशीन के माध्यम से ऊंचाई पर स्थित वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।पुण्यतिथि विशेष पर उपस्थितजनों ने स्वतंत्रता एवं स्वाभिमान के रक्षक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की जीवनी का बखान करते हुए उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।जहा जोशीले नारो और जयघोष के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।



## इनायत साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था के स्नेहिल महोत्सव में पत्रकार राहुल भूरे सम्मानित




पद्मेश न्यूज। नांदी। जिले की प्रतिष्ठित इनायत साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था, मिरगपुर द्वारा आयोजित वार्षिक स्नेहिल महोत्सव शनिवार को ग्राम मिरगपुर में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। लगातार छः वर्षों से आयोजित होते आ रहे इस महोत्सव में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में पत्रकार राहुल भूरे को निष्पक्ष, निर्भीक एवं जनहित से जुड़ी पत्रकारिता के लिए पत्रकारिता सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। सम्मान स्वरूप उन्हें शील्ड एवं सम्मान पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि राहुल भूरे द्वारा निरंतर सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाना पत्रकारिता की सच्ची मिसाल है।

विभिन्न सम्मान हुए प्रदान

तिजुलाल मेश्राम अन्नदाता सम्मान 2025 के अंतर्गत

दिनेश गोकुलपुरे, मेखराम मसखरे, अखिलेश देशमुख एवं धनराज भोंडे को सम्मान पत्र एवं नगद राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।

साहित्य सृजन सम्मान 2025 के अंतर्गत

दिनेश देहाती, रामवृक्ष गुप्ता, माधुरी किरण एवं कमलेश यादव को सम्मान पत्र एवं नगद राशि देकर सम्मानित किया गया।

मेधावी छात्र एवं समाजसेवियों का सम्मान

मेधावी छात्र सम्मान 2025 से

स्नेहा पटले, स्वाति जामुनपाने, चैतन्य लांजेवार एवं लयश्री भैरम को शील्ड एवं सम्मान पत्र प्रदान किए गए।

रवि देशमुख समाजसेवी सम्मान 2025 के अंतर्गत

शरद कुमार पांडेय (कुम्हली) एवं अनिल देवेन्द्र मदारकर (गोंदिया) को सम्मान पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

केवलराम कोलते श्रमवीर सम्मान 2025 के अंतर्गत

हस्तकला ठाकरे, दिलीप चुके, चंद्रशेखर नेवाले एवं तुलसीदास बोरकर को नगद राशि एवं सम्मान पत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम के अंत में भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसका संचालन दिनेश देहाती ने किया तथा संयोजन शैलेश इनायत द्वारा किया गया। कवि सम्मेलन में रामवृक्ष गुप्ता (नागपुर), माधुरी किरण (बालाघाट), कमलेश यादव धाकड़ (बरमकेला, छत्तीसगढ़), निखिलेश यादव (गोंदिया), इशारा बुंदेली (बांदा, उत्तर प्रदेश) एवं संजय अश्क (पुलपुट्टा) ने काव्य पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के समस्त सरपंच, साहित्यप्रेमी, समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। संस्था की कार्यकारिणी समिति शैलेश इनायत, राज राहांगडाले, शैलेश पारधी, संजय अश्क, राजेश साहू, शुभम गेडाम, उषा देशमुख, राजेन्द्र उके, दोहित पंद्रे, अंकित मेश्राम एवं निकिता ठाकरे ने सफल आयोजन हेतु सभी का आभार व्यक्त किया।

## मप्र में अब नहीं होगा ब्लैक आउट

भोपाल । मप्र में अचानक होने वाले ब्लैक आउट पर अब लगाम लगेगी। इसके लिए सरकार तकनीक का सहारा ले रही है। जानकारी के अनुसार इसके लिए भोपाल और इंदौर में इलेक्ट्रिकल आइलैंडिंग प्रोजेक्ट तैयार होंगे। इससे प्रदेश के बड़े शहरों में किसी भी आपात स्थिति में बिजली सप्लाई प्रभावित नहीं होगी। खासकर जबलपुर में इस व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है। क्योंकि जबलपुर में आर्मी प्रोडक्शन यूनिट्स और अन्य महत्वपूर्ण रक्षा प्रतिष्ठान मौजूद हैं। पावर ट्रांसमिशन कंपनी के एमडी के सुनील तिवारी का कहना है कि इलेक्ट्रिकल आइलैंडिंग प्रोजेक्ट को लेकर टेंडर जारी हो चुका है। तीन से चार महीने में इसका काम पूरा हो जाएगा। प्रोजेक्ट कंप्लीट हो जाने से किसी भी आपात स्थिति में शहर में बिजली सप्लाई की दिक्कत नहीं होगी। भोपाल-इंदौर के लिए भी प्रस्ताव भेजा गया है।

गौरतलब है कि जब भारत ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के खिलाफ रणनीतिक मोर्चे पर सक्रिय था, उसी समय देश के भीतर भी एक अहम सुरक्षा तैयारी पर काम चल रहा था। जबलपुर में आर्मी प्रोडक्शन यूनिट्स और अन्य महत्वपूर्ण रक्षा प्रतिष्ठान मौजूद हैं। यहां तोपे, गोला-बारूद, बख्तरबंद सैन्य वाहन सहित रक्षा से जुड़ी सामग्री का निर्माण होता है।

# जिला अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष की कार में अज्ञात ने फेका पत्थर

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। अब इसे चुनावी रंजीश कहे या फिर कुछ और, की शनिवार को संपन्न हुए जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव में नवनिर्वाचित अध्यक्ष अधिवक्ता प्रवेश मलेवार की कार पर सोमवार की रात अज्ञात तत्व ने पत्थर फेंक कार का कांच क्षतिग्रस्त कर दिया है।जिसपर अधिवक्ता संघ के साथ-साथ अन्य अधिवक्ताओं ने भी आक्रोश जताते हुए, मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से की है। बताया गया कि सोमवार की शाम अधिवक्तागण बार रूम में थे, वहीं अन्य अधिवक्तागण भी अपना-अपना काम कर रहे थे।जबकी उनके वाहन बाहर खड़े थे, जब रात्रि करीब 8 बजे सभी अधिवक्ता अपने-अपने घर जाने के लिए बाहर आए, तो जिला अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रवेश मलेवार की कार का कांच टूटा हुआ दिखाई दिया, जिसे पत्थर फोड़ कर क्षतिग्रस्त किया गया था। उधर मामले की जानकारी मिलते ही अधिवक्ताओं ने मामले की सूचना डायल 112 के माध्यम से तत्काल कोतवाली पुलिस को दी। जहां मौके पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही कर मामले को जांच में लिया है। उधर कोतवाली पुलिस ने अधिवक्ताओ को आश्वस्त किया है कि मामले की जांच कर कार का कांच तोड़ने वाले का पता लगाया जाएगा।



### घटना को लेकर कोतवाली पहुंचे अधिवक्ता, जताया आक्रोश

उधर कोर्ट परिसर में हुई इस घटना को अधिवक्ता संघ द्वारा चुनावी रंजिश बताते हुए मामले पर अपना आक्रोश जताया गया है। जिन्होंने इस पूरे मामले की शिकायत सोमवार रात करीब 8:30 बजे कोतवाली थाना पहुंचकर थाना प्रभारी की है। जिसमें उन्होंने न्यायालय एवं बार रूम परिसर में लगे विभिन्न सीसीटीवी कैमरो की जांच करने, अध्यक्ष की कार पर पत्थर फेंककर कांच क्षतिग्रस्त करने वालों का पता लगाकर उसे पर वैधानिक कार्यवाही किए जाने की मांग की है।तो वही अपनी इस मांग को लेकर उन्होंने कोतवाली परिसर में जमकर नारेबाजी भी कि, इस दौरान जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रवेश मलेवार ने स्पष्ट तौर पर कह दिया है कि उनकी कार पर यह पथराव चुनावी रंजीश के तहत किया गया है।जिस पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने आरोपी का पता लगाकर तत्काल उसे गिरफ्तार करने और कड़ी से कड़ी सजा दिलाए जाने की मांग की है।

ज्ञात हो कि शनिवार को ही जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव संपन्न हुए हैं, जहां देर रात चुनाव परिणाम जारी कर विभिन्न पदों पर निर्वाचित अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता संघ कार्यालय के बाहर पटाखे फोड़कर जश्न मनाया था। तो वही आज सोमवार की देरशाम, जिला अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रवेश मलेवार के कार क्रमांक एमपी 50 सी 6373 के सामने के कांच में तोड़फोड़ की गई। जिसको लेकर अधिवक्ताओं ने नाराजगी जाहिर की है।आपको बताए कि जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव में प्रवेश मलेवार दूसरी बार, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बने है।इस बार जिन्होंने अपने प्रतिद्वंदी अरविंद रॉय को महज 10 वोटों से पराजित किया था। रविवार अवकाश के चलते अधिवक्ता बार रूम नही आए थे। तो वही आज सोमवार को यह घटना घटित हुई है जिसे चुनावी रंजीश माना जा रहा है

### ये चुनावी रंजिश ही है- मलेवार

मामले की शिकायत लेकर अपनी कार्यकारिणी और अन्य अधिवक्ताओं के साथ कोतवाली पहुचे जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष प्रवेश मलेवार ने बताया कि प्रतिदिन की तरह, वह कोर्ट अपने चौपहिया वाहन से आए थे। जिसे अरविंद रॉय के ठेले के पास खड़ा किया था और शाम को काम खत्म करने के बाद, जब वह घर जाने, गाड़ी के पास पहुंचे तो देखा कि कार में सामने का कांच टूटा था। मुझे आशंका है कि चुनावी रंजिश में मेरे कार को नुकसान पहुंचाया गया है। हम चाहते है कि पुलिस मामले की जांच कर कार का कांच फोड़ने वाले पर कार्यावाही करें।

## न्यूज गैलरी

### आधी रात छत पर चढ़ा अज्ञात चोर

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** शहर के वार्ड क्रमांक 11 स्थित श्रीवास्तव गली में बीती रात एक अज्ञात चोर के घर की छत पर चढ़ने की घटना से क्षेत्र में भय का माहौल बन गया है। घटना के बाद वार्डवासी ने पुलिस से क्षेत्र में रात्रिकालीन गश्त बढ़ाने की मांग की है। श्रीवास्तव गली निवासी निर्मल विरुलकर ने बताया कि 15 और 16 जनवरी की दरमियानी रात करीब 12:40 बजे वह अपने घर में सो रहे थे, तभी उन्हें छत पर संदिग्ध आहट सुनाई दी। सतर्क होकर देखने पर उन्होंने पाया कि एक अज्ञात



युवक अचानक उनके घर की छत पर चढ़ आया था, जिसकी मंशा चोरी करने की प्रतीत हो रही थी। निर्मल विरुलकर के अनुसार जैसे ही उन्होंने दरवाजा खोला, युवक ने उन्हें चुप रहने और जान से मारने का इशारा किया। इस पर उन्होंने शोर मचाया, जिससे युवक कुछ देर तक छत पर खड़ा रहा और बाद में किसी आहट के कारण छत से कूदकर गेट के रास्ते फरार हो गया। वार्डवासी ने बताया कि वह अपने माता-पिता, पत्नी और बच्चों के साथ घर में रहते हैं। संयोगवश उस रात लगभग 12:30 बजे उनकी नींद खुल गई थी। यदि वह जागते नहीं, तो उनके घर में चोरी की घटना घटित हो सकती थी। उन्होंने यह भी बताया कि आरोपी के घर में आने, छत पर चढ़ने, घर के सामने खड़े होने और भागने तक की पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो चुकी है। घटना के बाद वार्डवासियों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। निर्मल विरुलकर ने कोतवाली पुलिस से अपील की है कि वार्ड क्रमांक 11 में रात्रि पुलिस गश्त बढ़ाई जाए, ताकि अज्ञात चोरों पर अंकुश लगाया जा सके और इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि समय रहते पुलिस निगरानी बढ़ाई जाना आवश्यक है, जिससे वार्ड में रहने वाले लोगों को सुरक्षित माहौल मिल सके।





# गुजरी बाजार की गंदगी देख विधायक अनुभा मुंजारे ने चेताया-फावड़ा लेकर वह खुद सफाई करेंगी

## गुजरी बाजार के औचक निरीक्षण में विधायक ने पायीं बेतरतीब कचरा और गंदगी की शिकायतें

सिटी रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

**स्थानीय वार्ड क्रमांक 16 में लगने वाली गुजरी का नगर पालिका के कांग्रेसी पार्षदों के साथ विधायक बालाघाट द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान नगर पालिका द्वारा लाखों रुपये की लागत से निर्मित गुजरी कॉम्प्लेक्स की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया गया, जिसे देखकर विधायक ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान विधायक ने कहा कि जिस कॉम्प्लेक्स को सब्जी विक्रेताओं को सुव्यवस्थित स्थान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बनाया गया था, वह आज पूरी तरह जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है। उचित रखरखाव के अभाव में यह कॉम्प्लेक्स खंडहर जैसा नजर आ रहा है, जबकि सड़क किनारे बैठने वाले सब्जी व्यवसायियों को यहां अंदर स्थानांतरित किया जाना चाहिए था। विधायक ने बताया कि कॉम्प्लेक्स के भीतर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। कुछ हिस्सों को लोगों ने कचरा घर में तब्दील कर दिया है, असामाजिक तत्वों द्वारा यहां खुले में मूत्र त्याग किए जाने से हालात और भी खराब हो गए हैं। इससे न केवल सब्जी विक्रेताओं को परेशानी हो रही है, बल्कि आम नागरिकों को भी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।**

स्थानीय वार्ड क्रमांक 16 में संचालित गुजरी बाजार की जर्जर हालत को लेकर 19 जनवरी को बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। नगर पालिका द्वारा कुछ वर्ष पूर्व लाखों रुपये की लागत से निर्मित गुजरी बाजार परिसर और चबूतरों की वर्तमान स्थिति को देखकर विधायक ने नगर पालिका पर तीखी नाराजगी जाहिर की। निरीक्षण के दौरान विधायक ने कहा कि लाखों रुपये खर्च कर बनाए गए गुजरी परिसर का आज कोई समुचित उपयोग नहीं हो रहा है। उचित रखरखाव के अभाव में यह परिसर खंडहर में तब्दील हो चुका है। हालात इतने खराब हैं कि लोग यहां खुले में मूत्र त्याग कर रहे हैं और जगह-जगह गंदगी फैली हुई है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका को चाहिए था कि सड़क किनारे बैठने वाले सब्जी विक्रेताओं को व्यवस्थित रूप से परिसर के अंदर स्थान दिया जाता, लेकिन लापरवाही के चलते उद्देश्य ही विफल हो गया। विधायक ने स्वच्छता व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि एक ओर नगर पालिका स्वच्छता अभियान की बातें कर रही है, शहर के हृदय स्थल में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तत्काल नगर पालिका के सफाई कर्मचारी और संबंधित अधिकारियों को मौके पर बुलवाया और तुरंत सफाई कराने के निर्देश दिए। नाराज विधायक ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि नगर पालिका सफाई नहीं कराएगी तो वह स्वयं कांग्रेसी पार्षदों के साथ हाथों में फावड़ा लेकर गुजरी परिसर की सफाई करेंगी। इस दौरान उन्होंने फावड़ा भी मंगवाया। कर्मचारियों के निवेदन के बाद उन्होंने आगे निरीक्षण किया, जिसके पश्चात नगर पालिका ने तत्काल गुजरी परिसर में सफाई अभियान शुरू किया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने नगर पालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर पर भी निशाना साधते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान उन स्थानों पर चलाया जा रहा है, जहां इसकी आवश्यकता नहीं है, जबकि शहर के मुख्य इलाकों में गंदगी व्याप्त है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब वह इन मुद्दों को उठाती हैं तो नगर पालिका में बैठे जिम्मेदार उन पर झूठे आरोप लगाते हैं।

### अध्यक्ष को नहीं है जिम्मेदारियों का एहसास

विधायक अनुभा मुंजारे ने नगर पालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर पर आरोप लगाते हुए कहा कि जब वह शहर के ज्वलंत मुद्दों को उठाती हैं तो अध्यक्ष द्वारा व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष को अपनी उम्र और पद की गरिमा का ध्यान रखते हुए शहर की समस्याओं पर गंभीरता से काम करना चाहिए, न कि राजनीतिक बयानबाजी करनी चाहिए। शहर में आज अनेक मूलभूत समस्याएं बनी हुई हैं, जिन पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### वर्षों से नहीं हुई पेयजल की जांच

विधायक ने पेयजल की गुणवत्ता को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि नगर पालिका ने वर्षों से आमजन को उपलब्ध कराए जा रहे पानी की गुणवत्ता की जांच नहीं कराई है। पानी की टेस्टिंग कर उसकी रिपोर्ट सार्वजनिक की जानी चाहिए, ताकि लोगों को यह जानकारी मिल सके कि वे किस गुणवत्ता का पानी पी रहे हैं।

### सत्ता पक्ष के पार्षद ने भी उठाई नाराजगी

निरीक्षण के दौरान सत्ता पक्ष के पार्षद सुधीर चिले भी मौजूद रहे। उन्होंने मीडिया से चर्चा में बताया कि उन्होंने समय-समय पर नगर पालिका अध्यक्ष और मुख्य नगर पालिका अधिकारी को अपने वार्ड की समस्याओं को लेकर पत्राचार किया, लेकिन सत्ता पक्ष में होने के बावजूद उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इसका परिणाम यह है कि उनके वार्ड में सफाई और पेयजल की समस्या गंभीर बनी हुई है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते समस्याओं पर ध्यान दिया जाता, तो गुजरी परिसर की यह दुर्दशा नहीं होती।

# बीती रात्रि सदल-बल कोतवाली टीआई की गश्त से अपराधियों और गुण्डों में दहशत

## खुले में शराबखोरी पर पुलिस की सख्ती, कोतवाली निरीक्षक ने पैदल गश्त कर दिया अनुशासन का संदेश

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** शहर में खुले में शराबखोरी और असामाजिक तत्वों के बढ़ते जमावड़े पर अंकुश लगाने के लिए कोतवाली पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। इसी कड़ी में कोतवाली थाना प्रभारी कामेश धूमकेती द्वारा बीती रात दलबल के साथ शहर के संवेदनशील और सार्वजनिक स्थानों पर पैदल गश्त की गई। इस दौरान जिला अस्पताल परिसर, शराब दुकानें, पेट्रोल पंप, व्यस्त मार्ग और भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में विशेष रूप से पुलिस की निगरानी में रहे। गश्त के दौरान जहां-जहां असामाजिक तत्व नजर आए, वहां उन्हें मौके पर ही समझाइश दी गई और दोबारा ऐसी गतिविधियों में संलिप्त न होने की चेतावनी दी गई। खुले में शराब पीने वालों पर पुलिस की सख्ती साफ दिखाई दी। पुलिस टीम ने शराब दुकानों के आसपास फैली गंदगी पर भी नाराजगी जताई और दुकानदारों से तत्काल साफ-सफाई करवाई।



नगर निरीक्षक ने जिला अस्पताल परिसर का विशेष निरीक्षण किया। उन्होंने यहां मौजूद स्टाफ से चर्चा कर मरीजों एवं उनके परिजनों की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। साथ ही असामाजिक तत्वों की परिसर में अनावश्यक आवाजाही रोकने के निर्देश दिए गए, ताकि उपचार के लिए आए मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। शहर भ्रमण के दौरान कई वाहन चालक बिना हेलमेट के नजर आए। पुलिस ने ऐसे चालकों को रोककर न केवल समझाइश दी, बल्कि हेलमेट पहनकर वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षक ने बताया कि यह कार्रवाई केवल चालान तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाना भी उद्देश्य है। शराब दुकानों के सामने निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि दुकानों के आसपास प्लास्टिक के गिलास, पानी के पाउच और अन्य कचरा बिखरा हुआ था। इस पर कोतवाली थाना प्रभारी ने दुकानदारों को कड़ी फटकार लगाई और मौके पर ही साफ-सफाई करवाई। साथ ही भविष्य में गंदगी फैलाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। पैदल गश्त के दौरान कुछ असामाजिक तत्वों को पकड़कर उन्हें सख्त हिदायत दी गई और सामाजिक मर्यादा में रहने की सीख दी गई। वहीं पेट्रोल पंपों पर पहुंचकर संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि बिना हेलमेट पहने दुपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल न दिया जाए। नियमों के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित पेट्रोल पंप संचालक के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की चेतावनी भी दी गई।

### सुरक्षित व भयमुक्त माहौल देने हो रही गश्त - कामेश

नगर निरीक्षक कामेश धूमकेती ने बताया कि शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने और नागरिकों को सुरक्षित व भयमुक्त माहौल देने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है। आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण और नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लगातार पैदल गश्त की जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस का यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। कोतवाली पुलिस की इस सक्रियता को नागरिकों द्वारा भी सकारात्मक पहल के रूप में देखा जा रहा है, जिससे शहर में सुरक्षा और अनुशासन का माहौल बनने की उम्मीद जताई जा रही है।

### जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक अब 22 को

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक की तिथि में संशोधन किया गया है। पूर्व में 20 जनवरी को प्रस्तावित बैठक अब 22 जनवरी को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत कार्यालय स्थित सभा कक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार करेंगे। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की जाएगी। एजेंडे के अनुसार पिछली सामान्य सभा की बैठक के पालन प्रतिवेदन का प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। इसके साथ ही खनिज विभाग, वन विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों, सिंचाई विभाग एवं उद्योग विभाग की प्रगति पर भी विस्तार से चर्चा होगी।

पैसा ठीक होने के बाद देना
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464

JOBSAHI
SATPUDA GROUP
जॉब आपकी जेब में !
भारत का सबसे बड़ा
OPEN MEGA CAMPUS DRIVE
100+ COMPANIES
8000+ JOBS
देश के सभी राज्यों के Government एवं Private संस्थानों के छात्र-छात्राओं के लिए निःशुल्क भर्ती !
(योग्यता: ITI, Polytechnic, BE/BTech, BSc, 10th, 12th, BA, BCom )
मुख्य विशेषताएँ :
- 34,000 रुपए प्रति माह तक की सैलरी*
- Satpuda Group की Guarantee
- पूरी तरह FREE भर्ती
- 24 घंटे में Offer Letter *
SCAN TO APPLY
Satpuda Engineering College, Manjhapur, Lalburra Road, BALAGHAT (M.P.) 481001
+91 6262604133
+91 6262604110
जानकारी एवं सहायता के लिए Google पर Jobsahi सर्च करें या दिए गए संपर्क नंबर पर कॉल करें।







स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट (म.प्र.) से मुद्रित कराकर दैनिक बालाघाट एक्सप्रेस कार्यालय, काली पुतली चौक, बालाघाट(म.प्र.) से प्रकाशित, **प्रधान संपादक : उमेश बागरेचा**, मो.नं. :9425138710,
**स्थानीय संपादक : डॉ. विपिन बिहारी शांडिल्य**, ई-मेल- balaghatexpress@gmail.com पंजीयन क्रं. MPHIN/2009/32311, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट